3 **राजधानी** देशभक्ति की अलख जगा रहीं दीवारें

6 **अभिमत** यूक्रेन संकट से भारत के लिए सबक

10 **विदेश** यूक्रेन के अशांत पूर्वी हिस्से में भारी गोलाबारी

11 **विविध** स्वास्थ्य के लिए लाभकारी मसाले

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 104
नई दिल्ली, शनिवार, 19 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



विराट कोहली टी-20 में ले सकते हैं विश्राम
स्पोर्ट्स-12

# अहमदाबाद विस्फोट: 38 दोषियों को फांसी की सजा

## पहली बार किसी अदालत में इतनी बड़ी संख्या में एक साथ मौत की सजा सुनाई गई

- जुलाई 2008 में हुए 70 मिनट में सिलसिलेवार 21 बम धमाकों में हुई थी 56 लोगों की मौत, 200 हुए थे घायल
- अदालत ने 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई, जुर्माना भी लगाय

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

**अहमदाबाद** की एक विशेष अदालत ने शहर में 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में 38 दोषियों को मौत और 11 अन्य को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन धमाकों में 56 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक लोग घायल हुए थे। विस्फोटों में जीवित बचे व्यक्तियों और उक्त घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों ने दोषियों को मौत की सजा के साथ-साथ उम्रकैद की सजा सुनाने के अदालत के फैसले का स्वागत किया है। यह पहली बार है, जब इतने दोषियों को किसी अदालत ने एक बार में मौत की सजा सुनाई है। जनवरी 1998 में तमिलनाडु की एक टाडा अदालत ने 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में सभी 26 दोषियों को मौत की सजा सुनाई थी।

न्यायाधीश ए आर पटेल ने धमाकों के करीब 14 साल बाद मामले में सजा सुनाई है। अदालत ने आठ फरवरी को मामले में 49 लोगों को दोषी ठहराया था और 28 अन्य को बरी कर दिया था। गौरतलब है कि शहर में 26 जुलाई 2008 को 70 मिनट के भीतर एक के बाद एक 21 धमाके हुए थे। लोक अभियोजक अमित पटेल ने पत्रकारों को बताया कि अदालत ने शुक्रवार को सुनाए 7,000 से अधिक पन्नों के अपने फैसले में मामले को दुर्लभ से दुर्लभतम बताया और 38 दोषियों को फांसी, जबकि 11 अन्य को मौत होने तक उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून (यूएपीए) के प्रावधानों और भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और धारा 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत 38 को मौत की सजा सुनाई, जबकि 11 अन्य को आपराधिक साजिश और यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत मौत होने तक उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने 48 दोषियों में से प्रत्येक पर 2.85 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया और एक अन्य पर 2.88 लाख रुपए का जुर्माना लगाया।




न्यायाधीश ए आर पटेल ने धमाकों में मारे गए लोगों को एक-एक लाख रुपए तथा गंभीर रूप से घायलों में से प्रत्येक को 50-50 हजार रुपए तथा मामूली रूप से घायलों को 25-25 हजार रुपए का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। जिन लोगों को मौत की सजा सुनाई गई उनमें मध्य प्रदेश के निवासी सफदर नागौरी और कमरुद्दीन नागौरी, गुजरात के कयामुद्दीन कपाड़िया, जाहिद शेख, और शम्शुद्दीन शेख शामिल हैं। सफदर नागौरी और जाहिद शेख दोनों पर विस्फोटक जुटाने और प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) की अवैध गतिविधियों के लिए धन इकट्ठा करने का आरोप लगाया गया था, कपाड़िया ने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके मोबाइल सिम कार्ड हासिल किए थे और फर्जी पहचान का उपयोग करके होटलों में रुका था। अहमदाबाद में साबरमती केंद्रीय कारागार, दिल्ली में तिहाड़, भोपाल, गया, बेंगलुरू, केरल और मुंबई समेत आठ अलग-अलग जेलों में बंद सभी दोषी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई के वक्त मौजूद रहे। लोक अभियोजक ने कहा कि मैं कह सकता हूं कि यह ऐसा मामला है, जिसमें सबसे अधिक संख्या में दोषियों को मौत की सजा सुनाई गई। इससे पहले एक मामले में 26 लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन इस मामले में 38 लोगों को मौत की सजा सुनाई गई है। लोक अभियोजक राजीव गांधी हत्याकांड का हवाला दे रहे थे। अदालत ने पिछले साल सितंबर में 77 आरोपियों के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई पूरी की थी। कुल 78 आरोपियों में से एक सरकारी गवाह बन गया था। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इंडियन मुजाहिद्दीन (आईएम) से जुड़े 77 लोगों के खिलाफ दिसंबर 2009 में मुकदमे की सुनवाई शुरू हुई थी। एक वरिष्ठ सरकारी वकील ने बताया कि बाद में चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उनका मुकदमा अभी शुरू नहीं हुआ है। अहमदाबाद में सरकारी सिविल अस्पताल, अहमदाबाद नगर निगम द्वारा संचालित एलजी हॉस्पिटल, बसों में, पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिलों, कारों तथा अन्य स्थानों पर धमाके हुए थे। इन धमाकों के अगले कुछ दिनों बाद सूरत में 29 और बम मिले थे, लेकिन उनमें से किसी में भी विस्फोट नहीं हुआ था।

अदालत ने अहमदाबाद की 20 प्राथमिकी और सूरत की 15 प्राथमिकी को मिलाने के बाद मुकदमा चलाया। राज्य सरकार ने तत्कालीन संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) आशीष भाटिया की निगरानी में अहमदाबाद अपराध शाखा को जांच स्थानांतरित कर दी थी। भाटिया अब गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हैं। मामले में अब तक नौ अलग-अलग न्यायाधीशों ने सुनवाई की। मामले में सजा सुनाने वाले विशेष न्यायाधीश ए आर पटेल ने 14 जून 2007 को सुनवाई शुरू की थी। शुरुआत में सुनवाई न्यायाधीश बेला त्रिवेदी ने की थी, जिनकी अदालत में 15 फरवरी 2010 को (शेष पेज 9)

# सीएए विरोधियों की जब्त संपत्ति लौटाए उप्र सरकार: सुप्रीम कोर्ट

- राज्य सरकार नए कानून के तहत वसूल सकती है क्षति की रकम



**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार को आदेश दिया कि वह, दिसंबर 2019 में कथित तौर पर सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों द्वारा सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नष्ट करने के लिए उन पर लगाया गया जुर्माना वापस करे और प्रदर्शनकारियों की जब्त की गई संपत्ति को लौटाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह अन्यायपूर्ण समृद्धि का मामला है कि और दावा अधिकरण के सामने एक बार यह साबित हो जाने पर कि निजी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान हुआ, राज्य सरकार नए कानून के तहत क्षति के लिए रकम वसूल सकती है। उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने सार्वजनिक और निजी संपत्ति को हुई क्षति के लिए 2019 में सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध शुरू की गई अपनी कार्रवाई और 274 रिकवरी नोटिस वापस ले ली है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकान्त की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को नए कानून के तहत कथित सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध कार्वाई करने की स्वतंत्रता प्रदान की। सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति नष्ट करने के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 31 अगस्त 2020 को भरपाई कानून को अधिसूचित किया गया था। पीठ ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार ने कारण बताओ नोटिस के बाद सरकारी आदेश के तौर पर दिए गए आदेशों को वापस ले लिया है। इस दौरान की गई रिकवरी को वापस किया जाएगा। पीठ ने कहा, निवारण का कोई भी सिद्धांत कानून के दायरे से बाहर नहीं हो सकता। न्यायालय ने कहा कि आदेश वापस लिए जाने के बाद यह अन्यायपूर्ण समृद्धि का मामला होगा। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद की दलील का संज्ञान लिया कि 14 और 15 फरवरी 2022 को दो सरकारी आदेश पारित किए गए थे, जिसमें उन 274 मामलों में जारी कारण बताओ नोटिस को वापस लिया गया जो दिसंबर 2019 में कथित तौर पर सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए जारी की गई थी। न्यायालय परवेज आरिफ टीटू की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में अनुरोध किया गया था कि कथित प्रदर्शनकारियों को भेजे गए नोटिस रद्द किए जाएं।

# उत्तर प्रदेश में सपा, पंजाब में कांग्रेस के लिए अहम पड़ाव

- तीसरे चरण का प्रचार थमा, आखिरी दिन दिग्गजों ने झोंकी ताकत
- यूपी में 59 सीटों और पंजाब की 117 विधानसभा सीटों पर कल पड़ेंगे वोट




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/चंडीगढ़

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा चुनाव में राज्य के 16 जिलों के 59 निर्वाचन क्षेत्रों में तीसरे चरण के मतदान के लिए शुक्रवार की शाम को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया और यहां रविवार को मतदान होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मतदान रविवार सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। पंजाब की 117 विधानसभा सीटों के लिए प्रचार शुक्रवार शाम को समाप्त हो गया। राजनीतिक दलों ने 20 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले प्रचार के अंतिम दिन भी अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

जानकारी के अनुसार तीसरे चरण में दो करोड़ 15 लाख से अधिक मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे और इनमें एक करोड़ 16 लाख से अधिक पुरुष 99 लाख से ज्यादा महिला मतदाता हैं जबकि एक हजार से अधिक तीसरी लैंगिक पहचान वाले मतदाता हैं। राज्य के 16 जिलों के 59 विधानसभा क्षेत्रों में मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट भी शामिल है जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आमने-सामने हैं। मैनपुरी जिले के साथ ही हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, (शेष पेज 9)

# पंजाब चुनाव से पहले सिख नेताओं से मिले पीएम मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पंजाब** विधानसभा चुनाव से दो दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने आवास पर सिख समुदाय की प्रमुख हस्तियों की मेजबानी कर केंद्र सरकार द्वारा समुदाय के लिए किए कार्यों को रेखांकित किया। भाजपा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस तथा अकाली दल के सुखदेव सिंह ढींढसा धड़े के साथ गठबंधन करने के साथ सिख समुदाय को लुभाने में जी जान से जुटी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बाद में ट्वीट कर कहा कि सिखों के धार्मिक और सामुदायिक नेता सिख संस्कृति को लोकप्रिय बनाने और समाज की सेवा करने में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न प्रयासों पर सिख समुदाय के विशिष्ट सदस्यों के नम्र शब्दों से मैं अभिभूत हूं। मैं इसे अपना सम्मान मानता हूं कि सम्मानित सिख गुरुओं ने मुझे सेवा का मौका दिया और उनके आशीर्वाद से मैं उनके लिए काम करने में सक्षम हो सका हूं।



भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में कहा कि वह हर दिन समुदाय के लिए काम करना चाहते हैं और उन्होंने अफसोस जताया कि पिछली कांग्रेस सरकारों ने करतारपुर साहिब जैसे सिखों के पवित्र स्थलों को भारतीय क्षेत्र में लाने के मौके गंवा दिए।

सिरसा ने कहा कि मोदी सरकार ने करतारपुर साहिब के लिए गलियारा खोलने, गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों की शहादत को मनाने का निर्णय लेने सहित कई ऐतिहासिक काम किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोदी से मुलाकात करने वाले सिख समुदाय के लोगों (शेष पेज 9)

# इस्लाम का आवश्यक अंग नहीं हिजाब: कर्नाटक सरकार

- अदालत में बोली राज्य सरकार- हिजाब पहनने से रोकना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरू

**कर्नाटक** सरकार ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय के सामने कहा कि हिजाब इस्लाम की आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है और इसका इस्तेमाल रोकने पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन नहीं होता। गौरतलब है कि अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है। कर्नाटक के महाधिवक्ता (एजी) प्रभुलिंग नवदगी ने न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी, न्यायमूर्ति जे. एम. काजी और न्यायमूर्ति कृष्ण एम दीक्षित की पीठ से कहा कि हमने यह रुख अपनाया है कि हिजाब पहनना इस्लाम का आवश्यक धार्मिक अंग नहीं है। कुछ मुस्लिम लड़कियों ने आरोप लगाया था कि कर्नाटक सरकार द्वारा हिजाब या भगवा स्कार्फ पहनने पर रोक लगाने के पांच फरवरी के आदेश से संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन होता है। महाधिवक्ता ने इस आरोप का भी खंडन किया। अनुच्छेद 25 भारत के नागरिकों को अंत:करण की और धर्म की अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है। नवदगी ने दलील दी कि सरकार के आदेश से संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) का उल्लंघन नहीं होता। यह अनुच्छेद भारतीय नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। महाधिवक्ता ने यह भी कहा कि राज्य सरकार का पांच फरवरी का आदेश कानून सम्मत है और उसमें आपत्ति करने जैसी कोई चीज नहीं है।

### सुनवाई का सीधा प्रसारण रोकने की मांग खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरू

**शैक्षणिक** संस्थानों में हिजाब पहनने को लेकर पैदा हुए विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही कर्नाटक उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने अदालती कार्यवाही का सीधा प्रसारण रोकने का अनुरोध करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत की कार्यवाही शुरू होते ही मुस्लिम छात्राओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता प्रो. रवि वर्मा कुमार ने कक्षाओं में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध पर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि कार्यवाही का सीधा प्रसारण समाज में काफी हलचल पैदा कर रहा है, क्योंकि टिप्पणियों को संदर्भ से हट कर लिया जा रहा है। उनके मुताबिक, सीधा प्रसारण नुकसानदेह हो गया है और बच्चे (छात्राएं) परेशान हैं। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी ने कहा कि लोगों को समझने दीजिए कि प्रतिवादियों के भी क्या रुख हैं।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,832 | ↓ | 59 | |
| निफ्टी | 17,276 | ↓ | 28 | |
| सोना | 50,037 | ↑ | 77 | /10g |
| चांदी | 63,869 | ↑ | 379 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आतंकी संगठन को गोपनीय दस्तावेज लीक करने के आरोप में आईपीएस अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शुक्रवार को अपने पूर्व पुलिस अधीक्षक और आईपीएस अधिकारी अरविंद दिग्विजय नेगी को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक सदस्य को गोपनीय दस्तावेज लीक करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 2011 बैच में पदोन्नत नेगी को पिछले साल छह नवंबर को एनआईए द्वारा दर्ज एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। यह मामला भारत में आतंकवादी गतिविधियों की साजिश और अंजाम देने में मदद करने के लिए प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के नेटवर्क के प्रसार से संबंधित है।

# रूस ने यूक्रेन संकट पर भारत के रुख को सराहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**रूस** ने यूक्रेन संकट पर भारत के संतुलित और स्वतंत्र रुख की शुक्रवार को सराहना की। पूर्वी यूरोप में स्थित देश (यूक्रेन) को लेकर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों और रूस के बीच तनाव बढ़ने के मद्देनजर भारत के रुख पर रूस का यह बयान आया है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा था कि शांत एवं रचनात्मक कूटनीति वक्त की दरकार है और तनाव बढ़ाने वाला कोई भी कदम उठाने से बचना चाहिए।

नई दिल्ली में स्थित रूसी दूतावास ने कहा, हम भारत के संतुलित, सैद्धांतिक और स्वतंत्र रुख का स्वागत करते हैं। यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में, संयुक्त राष्ट्र के लिए भारत के स्थाई प्रतिनधि टी. एस. तिरुमूर्ति ने तत्काल तनाव (शेष पेज 9)

### अगले हफ्ते भारत से यूक्रेन के बीच तीन उड़ानें संचालित करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली( भाषा )।** एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले हफ्ते भारत से यूक्रेन के बीच तीन उड़ानें संचालित करेगी। विमानन कंपनी ने बताया कि ए उड़ानें 22, 24 और 26 फरवरी को यूक्रेन रवाना की जाएंगी। रूस ने नौसेना अभ्यास के लिए काला सागर में युद्धपोत भेजने के अलावा यूक्रेन से सटी सीमा पर लगभग एक लाख सैनिक तैनात कर रखे हैं, जिससे यूक्रेन पर रूस के संभावित हमले को लेकर नाटो देशों की चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि, रूस (शेष पेज 9)

# एल्गार केस के आरोपियों को जमानत नहीं

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई** में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने एल्गार परिषद-माओवादी मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि तीनों आरोपियों ने प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अन्य सदस्यों की मदद से देश में अराजकता पैदा करने और केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए गंभीर षड़यंत्र रचा।अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद एक पत्र से प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि भाकपा (माओवादी) देश में मोदी राज को समाप्त करने पर आमादा था और वे प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो को निशाना बनाकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या जैसी घटना को अंजाम देने के बारे में भी सोच रहे थे। इस मामले में (शेष पेज 9)

# अब भगवान होंगे मंदिरों के मालिक

- बिहार सरकार ने भूमि का मालिक पुजारियों के बजाय देवी-देवताओं को बनाने की प्रक्रिया की शुरू

**भाषा।** पटना

**बिहार** सरकार ने मंदिर की भूमि का मालिक पुजारियों के बजाय देवीदेवताओं को बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कानून मंत्री प्रमोद कुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस फैसले का राज्य में व्यापक सामाजिक-राजनीतिक असर हो सकता है। कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा कि कानून विभाग संपत्तियों को अनाधिकृत दावों से बचाने के लिए राजस्व रिकॉर्ड से पुजारियों के नाम हटाने के लिए जल्द ही एक परिपत्र जारी करेगा।

कुमार ने कहा, पुजारी को भू-स्वामी नहीं माना जा सकता और राजस्व रिकॉर्ड में अब मंदिर के देवीदेवताओं के नाम होंगे। उन्होंने कहा कि इससे मंदिर जमीन में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं से निपटने में मदद मिलेगी क्योंकि पुजारी इन जमीनों को मालिकों के तौर पर खरीद और बेच रहे हैं। मंत्री ने कहा, बिहार सरकार छह सितंबर 2021 को जारी उच्चतम न्यायालय के आदेश को लागू करेगी।



न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की उच्चतम न्यायालय की पीठ ने आदेश दिया था कि कानून के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि राजस्व रिकॉर्ड में पुजारी या प्रबंधक के नाम का उल्लेख करना आवश्यक है। पीठ ने अपने इस फैसले के पक्ष में राम जन्मभूमि मामले के फैसले का भी हवाला दिया था कि किसी मंदिर में विराजमान देवता (शेष पेज 9)

# जेवर-आईजीआई अंडरग्राउंड मेट्रो 120 किमी रफ्तार से दौड़ेगी

## दो एयरपोर्ट को जोड़ने वाले 72 किलोमीटर लंबे मेट्रो कॉरिडोर पर बनाए जाएंगे 13 स्टेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से जेवर एयरपोर्ट के बीच करीब 72 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस पर तकरीबन 12-13 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे।

इस रूट पर हाई स्पीड मेट्रो चलाई जाएगी, जिसकी स्पीड 120 प्रति किलोमीटर रहेगी। ग्रेटर नोएडा के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और दिल्ली एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए ट्रैफिक सर्वे भी करा लिया गया है।



दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से जेवर एयरपोर्ट के बीच करीब 72 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएग। इस रूट पर हाई स्पीड मेट्रो चलाई जाएगी, जिसकी स्पीड 120 प्रति किलोमीटर रहेगी। साल 2024 तक मेट्रो लाइन का काम पूरा करने की कवायद की जाएगी। जेवर एयरपोर्ट से नई दिल्ली तक मेट्रो कॉरिडोर बनाने में करीब 15000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ग्रेटर नोएडा से नई दिल्ली के बीच नोएडा सेक्टर 142, बॉटनिकल गार्डन, न्यू अशोक नगर, यमुना बैंक, नई दिल्ली समेत छह स्टेशन बनाये जाएंगे।

इन स्टेशनों के बारे में डीपीआर में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। यमुना बैंक से नई दिल्ली तक मेट्रो का अंडरग्राउंड ट्रैक बनेगा। उम्मीद है कि 15 मार्च तक इसकी डीपीआर मिल जाएगी। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. अरुणवीर सिंह ने बताया कि तकरीबन 15 हजार करोड़ रुपए की लागत से मेट्रो कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। मेट्रो कनेक्टिविटी देने के लिए दो चरणों में ट्रैक का निर्माण करेगी। पहले चरण में नोएडा एयरपोर्ट से ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क तक काम होगा, जो 2024 तक पूरा हो जाएगा।

वहीं, दूसरा चरण नॉलेज पार्क से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक मेट्रो के नए कॉरिडोर का निर्माण होगा। डीएमआरसी के अधिकारियों ने यीडा के सीईओ को बताया कि दोनों चरणों के मेट्रो का डीपीआर 31 मार्च तक प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

यमुना अथॉरिटी को जब डीपीआर मिल जाएगी तो प्राधिकरण इसकी फंडिंग समेत कई और बिंदुओं पर फैसला लेगा। डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेवर में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी हरियाणा के गुड़गांव में भी जाएगी। ताकि, दूसरे राज्य से भी लोग आसानी से इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पहुंच सकें। जिसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। साथ ही दिल्ली के सराय काले खा से हाईस्पीड बुलेट ट्रेन जो कि जेवर एयरपोर्ट पहुंचेगी। यह 22 मिनट में दूरी तय करेगी।

पहला चरण जेवर से नॉलेज पार्क टू ग्रेटर नोएडा तक बनाया जाएगा। यहां तक मेट्रो के लिए एलिवेटेड ट्रैक बनेगा। जेवर से ग्रेटर नोएडा तक 35.64 किलोमीटर का कॉरिडोर होगा। इसमें 7 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। ये स्टेशन नॉलेज पार्क.2, टेकजोन, सलारपुर अंडरपास, सेक्टर-18, सेक्टर-20, सेक्टर 28.29 और एयरपोर्ट में प्रस्तावित किए गए हैं। इस कॉरिडोर के बनाने में करीब 6000 करोड़ रुपए का खर्च आने की उम्मीद है।

### दूसरे चरण के कॉरिडोर में 9000 करोड़ का खर्च

दूसरे चरण में नॉलेज पार्क-2 ग्रेटर नोएडा से लेकर नई दिल्ली तक का कॉरिडोर बनाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा से यमुना बैंक तक एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। जबकिए यमुना बैंक से नई दिल्ली तक अंडरग्राउंड मेट्रो जाएगी। इसमें 6 स्टेशन होंगे। जिसमें नोएडा सेक्टर.142, बॉटनिकल गार्डन और नई दिल्ली प्रस्तावित किए गए हैं। इसमें एक और स्टेशन प्रस्तावित किया जाना है। कॉरिडोर के निर्माण में करीब 9000 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है।

# स्पा सेंटर आग मामले में संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई

● महिला समेत दो लोगों की हुई थी मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के गिझौड़ गांव में स्थित एक कॉम्प्लेक्स में चल रहे स्पा सेंटर में बृहस्पतिवार शाम को लगी आग में एक महिला समेत दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने स्पा के संचालक दो भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि थाना गिझौड़ गांव में आशीर्वाद काम्प्लेक्स है और उसमें एक स्पा सेंटर है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को स्पा सेंटर की प्रबंधक तथा सेक्टर 135 में रहने वाले अंकुश आनंद मौजूद थे और वहां पर साफ- सफाई का काम चल रहा था तभी शॉर्ट सर्किट के चलते स्पा में आग लग गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।



फाइल फोटो

उन्होंने बताया कि जब दमकल कर्मियों ने स्पा के अंदर देखा तो उन्हें एक महिला व पुरुष मूर्छित अवस्था में मिले, दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि स्पा संचालकों अनिरुद्ध यादव तथा जयप्रकाश के खिलाफ धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।


## वसूली अधिकारी-।। का कार्यालय

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।।, दिल्ली

चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, पटेल चौक, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

**बिक्री उद्घोषणा**

आर.सी. सं. 6/2019

एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड बनाम मैसर्स एविनिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

बैंक तथा वित्तीय संस्थानों के बकाया ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 52(2) के तहत

सीडी रु 1 : मैसर्स एविनिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़, कार्पोरेट भवन, प्लॉट नंबर 4-बी, द्वितीय तल, सेक्टर-27-बी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़-160019

सीडी रु 2 : श्री राजीव तनेजा पुत्र श्री टी. डी. तनेजा रामाश्रय, केएच-43, सेक्टर-45, मेवला महाराजपुर, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) अन्य पता : मकान नंबर 218, सेक्टर-21-बी, फरीदाबाद-121007

सीडी रु 3 : श्री के.एम. गुप्ता पुत्र श्री जे.के. गुप्ता, रामाश्रय, केएच-43, सेक्टर-45, मेवला महाराजपुर, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) अन्य पता : एन-158, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली

सीडी रु 4: मैसर्स अम्ब्रोस एक्सपोर्ट्स प्रा. लि., रामाश्रय, केएच-43, सेक्टर-45, मेवला महाराजपुर, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) अन्य पता : एम-43, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली -110001

जबकि पीठ अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।। द्वारा ओए सं. 215/2012 में आहरित वसूली प्रमाणपत्र सं. 6/2019 दिनांकित 07-03-2019 के अनुसार आपके द्वारा रू. 87,59,81,515/- (रू. सतासी करोड़ उनसठ लाख इक्यासी हजार पांच सौ पंद्रह मात्र) की एक राशि देय हो चुकी है। आवेदक आपसे रू. 48,03,49,779/- (रू. अड़तालीस करोड़ तीन लाख उन्चास हजार सात सौ उनासी मात्र) की राशि तथा आवेदक सं. 2, पीएनबी रू. 39,56,31,736/- (रू. उन्तालीस करोड़ छप्पन लाख इकतीस हजार सात सौ छत्तीस मात्र) की राशि सीडी'ज से संयुक्त और पृथकतः 30-08-2012 से वसूली तक 12 प्रतिशत वार्षिक की दर पर लम्बित ब्याज रू. 1,50,000/- वसूल करने का हकदार है।

2. और जबकि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रमाणपत्र के समाशोधन में नीचे तालिका में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।

3. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कोई स्थगनादेश नहीं होने की स्थिति में उक्त सम्पत्ति की बिक्री मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ए-201, वॉल स्ट्रीट-।।, ओरियंट क्लब के सामने, निकट गुजरात कालेज, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद-380006, सम्पर्क व्यक्ति : श्री रामप्रसाद , सम्पर्क नंबर 8000023297 एवं श्री गगन प्रकाश सम्पर्क नंबर 9265562818 एवं श्री चिंतन भट्ट सम्पर्क नंबर 9978591888, ई-मेल आईडी : ramprasad@auctiontiger.net, chintan.bhatt@auctiontiger.net, gaganprakash@eptl.in की वेबसाइट के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोलीदान" के माध्यम से दिनांक 24-03-2022 को अप. 03.00 बजे से अप. 04.00 बजे के बीच अप. 4.00 बजे के बाद, यदि अपेक्षित है, 5 मिनट की अवधि के विस्तारों के साथ होगी।

4. उपरोक्त नामक सीडी'ज की नीचे तालिका में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री की जाएगी तथा उक्त सम्पत्ति से जुड़े दावे और देयताएं, जहां तक अभिनिश्चित की जा सकी हैं, प्रत्येक लॉट के सामने तालिका में विनिर्दिष्ट की गई हैं।

5. सम्पत्ति की बिक्री तालिका में विनिर्दिष्ट अनुसार की जाएगी। यदि सम्पत्ति के एक अंश की बिक्री से वसूली राशि पूरी हो जाती है, तब शेष सम्पत्ति की बिक्री तत्काल रोक दी जाएगी। बिक्री तब भी रोक दी जाएगी यदि, किसी लॉट की बिक्री से पहले, उक्त प्रमाणपत्र में वर्णित बकाया राशि, लागतों (बिक्री की लागत सहित) सहित, बिक्री संचालित कर रहे अधिकारी को सौंप दी जाती है अथवा उसकी संतुष्टि हेतु प्रमाण दिया जाता है कि ऐसे प्रमाणपत्र की राशि ब्याज तथा लागतों सहित अधोहस्ताक्षरी को अदा की जा चुकी है।

6. इस बिक्री के संबंध में ड्यूटी कर रहा कोई अधिकारी अथवा अन्य व्यक्ति, बिक्री की जा रही सम्पत्ति में, कोई हित अर्जित करने या अर्जित करने का प्रयास करने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई बोली नहीं लगाएगा।

7. यह बिक्री आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची मे निर्धारित शर्तों और उनके तहत बनाए गए नियमों तथा उसके अतिरिक्त निम्नलिखित शर्तों के तहत की जाएगी :-

7.1 संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं, परंतु अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, असत्यकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

7.2 सुरक्षित मूल्य, सम्पत्ति जिससे कम पर नहीं बेची जाएगी तथा धरोहर राशि जमा (ईएमडी) निम्नानुसार हैं :-

| क्र. सं. | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू. में) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | खसरा नंबर 43, सेक्टर-45, मेवला महाराजपुर, फरीदाबाद, हरियाणा-121003 स्थित भूमि एवं भवन | 1,71,00,000/- | 17,10,000/- |
| 2. | लॉट नंबर 1 में रखी प्लाण्ट एवं मशीनरी | 20,34,000/- | 2,03,400/- |
| 3. | लॉट नंबर 1 एवं लॉट नंबर 2 एक साथ | 1,91,34,000/- | 19,13,400/- |

7.3 इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली जो सुरक्षित मूल्य से कम नहीं है 22-03-2022 के अप. 4.00 बजे से पहले वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के कार्यालय में पैन कार्ड, पहचान प्रमाण, पता प्रमाण इत्यादि दस्तावेजों के साथ तथा कम्पनी के मामले में बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति या कोई अन्य दस्तावेज, जो कम्पनी के प्रतिनिधित्व/अटॉर्नी की पुष्टि करता हो, जमा कर चुके होंगे 24-03-2022 को अप. 03.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे। व्यक्तिगत के मामले में, एक घोषणापत्र प्रस्तुत करना होगा, कि बोली उसके स्वयं की ओर से अथवा उसके प्रधान की ओर से प्रस्तुत की जा रही है। उत्तरवर्ती मामले में, बोलीदाता को अपना प्राधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा और चूक की स्थिति में उसकी बोली रद्द कर दी जाएगी। उसके बाद प्राप्त ईएमडी या ईएमडी के मूल प्रमाण पर विचार नहीं किया जाएगा। नीलामी समाप्ति से पूर्व अंतिम 5 मिनट में कोई बोली आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।

7.4 बोलीदाता संबंधित सम्पत्ति हेतु अपनी बोली रू. 1,00,000/- (रू. एक लाख मात्र) (लॉट नंबर 1 एवं 3 के मामले में) रू. 20,000/- (लॉट नंबर 2 के मामले में) के गुणज में बढ़ाएंगे।

7.5 असफल बोलीदाता ईएमडी ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया समाप्त होने के तत्काल पश्चात सीधे वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली/सीएच नामतः ईएआरसी से प्राप्त कर सकेंगे।

7.6 सफल/उच्चतम बोलीदाता को अपनी अंतिम बोली/बिक्री राशि की 25 प्रतिशत राशि का ड्राफ्ट/पे आर्डर, ईएमडी समायोजन के बाद, वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली खाता आरसी सं. 6/2019 के पक्ष में अगले बैंक कार्यदिवस के अप. 04.00 बजे तक तैयार करना होगा तथा इस न्यायाधिकरण में जमा करना होगा, जिसमें असफल रहने पर ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।

7.7 सफल/उच्चतम बोलीदाता को बिक्री प्राप्तियों की 75 प्रतिशत राशि का ड्राफ्ट/पे आर्डर वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली खाता आरसी सं. 6/2019 के पक्ष में, सम्पत्ति की बिक्री की तिथि से, उस तिथि को छोड़कर, 15 वें दिन को अथवा पूर्व वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के पास जमा करना होगा अथवा यदि 15वां दिन रविवार या अवकाश है, तब 15वें दिन के बाद पहले बैंक कार्य दिवस को जमा करना होगा। इसके अतिरिक्त क्रेता को रू. 1,000/- तक बिक्री मूल्य के 2 प्रतिशत की दर पर तथा रू. 1,000/- से अधिक पर बिक्री मूल्य के 1 प्रतिशत की दर पर निरोध शुल्क रजिस्ट्रार, डीआरटी-।।, दिल्ली के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा। (शेष 75 प्रतिशत राशि डाक द्वारा जमा करने के मामले में यह वसूली अधिकारी के पास उपरोक्तानुसार पहुंच जानी चाहिए)

7.8 निर्धारित अवधि में भुगतान में चूक की स्थिति में, बिक्री की नई उद्घोषणा जारी किए जाने के बाद, सम्पत्ति की बिक्री नए सिरे से की जाएगी। बोलीदाता द्वारा पहले जमा की गई राशि, बिक्री के व्यय काटने के बाद, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति अथवा उसके किसी अंश अथवा सम्पत्ति की पुनरबिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के किसी अंश के संबंध में, चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त मान्य होंगे।

8. सम्पत्ति की बिक्री "जैसी है जहां है तथा जैसी है जो है आधार" पर की जा रही है।

9. अधोहस्ताक्षरी के पास कोई भी या सभी बोलियां स्वीकार या अस्वीकार करने, यदि अनुपयुक्त पाई जाती हैं, अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

सम्पत्ति की अनुसूची

| लॉट सं. | बिक्री की जा रही सम्पत्ति का वर्णन | सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व | सम्पत्ति के संबंध में देय किसी ऋणभार का विवरण | सम्पत्ति के बाबत पेश किया गया कोई दावा तथा अन्य कोई ज्ञात विवरण जो सम्पत्ति की प्रकृति और मूल्य को प्रभावित करता है। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | खसरा नंबर 43, सेक्टर-45, मेवला महाराजपुर, फरीदाबाद, हरियाणा-121003 स्थित भूमि एवं भवन | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |
| 2. | लॉट नंबर 1 में रखी प्लाण्ट एवं मशीनरी | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |
| 3. | लॉट नंबर 1 एवं लॉट नंबर 2 एक साथ | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |

मेरे हस्ताक्षर और मोहर लगागर 09-02-2022 को दिया गया।

Seal

(दत्तात्रेय बाजपेयी)
वसूली अधिकारी-।।,
डीआरटी-।।।, दिल्ली


# यमुना एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना में कई घायल

**नोएडा।** नोएडा के थाना इकोटेक-प्रथम क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार सुबह दो वाहनों के बीच टक्कर में कई लोग घायल हो गए।

थाना इकोटेक- प्रथम के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सुबह आगरा से ग्रेटर नोएडा की तरफ आ रही एक बस यमुना एक्सप्रेस-वे पर सवारी उतार रही थी, तभी पीछे से आ रहे एक कैंटर ने बस को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इससे बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने कैंटर चालक हुसैन अली को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उसे उपचार के लिए ग्रेनो के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# झाझर से सिकंदराबाद जाने वाली सड़क 21 होगी बंद

● सड़क का कुछ हिस्सा एयरपोर्ट में आया, 20 गांव प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर कस्बे से झाझर और सिकंदराबाद तक जाने वाली बड़ी सड़क को बंद कर दिया जाएगा।

गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन और यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ओर से यह ऐलान कर दिया गया है। जेवर से लेकर सिकंदराबाद तक पूरे इलाके में इस सूचना के बड़े-बड़े बोर्ड लगवाए गए हैं। आपको बता दें कि यह सड़क मुगल काल से ब्रिटिश रूल और अब आजादी के बाद आठ दशक से लगातार चल रही थी। अब लोक निर्माण विभाग के मुताबिक इसे जेवर-बुलन्दशहर राजमार्ग कहा जाता है। यह मार्ग 21 फरवरी को बंद कर दिया जाएगा। जेवर-बुलंदशहर राजमार्ग का 4 किलोमीटर का हिस्सा एयरपोर्ट के अंदर आने के चलते इसे आम लोगों के लिए 20 दिसंबर 2021 से बंद करना था। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नियाल ने यह फैसला लिया। जिससे जेवर की ओर से बुलंदशहर और सिकंद्रबाद की तरफ आने-जाने वालों के अलावा करीब 20 गांवों का जेवर से सीधा संपर्क टूट जाएगा। इस रास्ते का इस्तेमाल करने वालों के लिए कोई नया वैकल्पिक मार्ग फिलहाल बनाने की कोई योजना नहीं है।




एयरपोर्ट बनने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एक नई रोड बनाएगा। तब तक इस मार्ग का प्रयोग करने वाले वाहन चालक जेवर से जहांगीरपुर झाजर और खुर्जा होते हुए बुलंदशहर, सिकंद्रबाद, मेरठ की तरफ जा सकेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 334 डी अलीगढ़ के हामिदपुर से जेवरए ककोड़ होते हुए बुलंदशहर तक जाने वाले मार्ग का 3.4 किमी का हिस्सा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में जाने की वजह से 21 फरवरी को बंद कर दिया जाएगा। नियाल ने सभी विभागों को पत्र भेजकर इस मार्ग को बंद करने की सूचना कई महीने पहले दे दी थी।

# गाजियाबाद-नोएडा से अयोध्या के लिए बस शुरू

● कौशांबी से मोरना डिपो होते हुए भगवान राम की नगरी के लिए रवाना होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

राम जन्मभूमि अयोध्या के भव्य राम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को सरकार ने खास तोहफा दिया है। मोरना स्थित नोएडा डिपो से अयोध्या के लिए बस जाएगी। इसकी जानकारी मोरना डिपो के एआरएम एनपी सिंह ने दी।

बस समय सुबह 8 बजे से चलेगी। एआरएम एनपी सिंह ने बताया कि यात्रियों से फीडबैक लिया जा रहा है। अच्छा फीडबैक आने के बाद नोएडा डिपो से भी अयोध्या के लिए बस सेवा चालू कर दी जाएगी। वैसे अयोध्या के लिए काफी लोग बस से यात्रा करने के लिए इच्छुक हैं। फिलहाल कौशांबी डिपो से अयोध्या के लिए बस सेवा चालू है जो नोएडा डिपो से यात्रियों को लेकर अयोध्या जाएगी। बस सुबह 8 बजे मोरना डिपो पहुंचेगी।

मोरना स्थित नोएडा डिपो से लखनऊ के लिए रोज 15 से 20 बस चलाई जा रही हैं। गाजियाबाद के कौशांबी डिपो की बसें चुनाव ड्यूटी में लगी होने के कारण यह व्यवस्था की गई है। फिलहाल, बसें नोएडा से निकलकर कौशांबी डिपो जाती हैं। वहां से यात्री लेकर नोएडा वापस आकर यमुना एक्सप्रेसवे से लखनऊ निकलती हैं।

ग्रेटर नोएडा डिपो में बसों की कम संख्या होने के कारण क्षेत्रीय प्रबंधक गौतमबुद्ध नगर विजय कुमार निगम ने यूपी परिवहन निगम मुख्यालय को पत्र लिखा था। अपने लिखे पत्र में उन्होंने यात्रियों की दिक्कत का हवाला देते हुए बसों को चुनाव ड्यूटी से छूट देने का निवेदन किया था। ऐसे में दोनों डिपो की बसें चुनाव ड्यूटी में नहीं लगी थी।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 589 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पुलिस ने कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थानों पर पैदल मार्च कर विशेष अभियान चलाया।

इस अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वाले 589 लोगों के खिलाफ पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई है। देर रात के समय नोएडा और ग्रेटर नोएडा की सड़क पर वाहनों की जांच की जा रही है। इस दौरान जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध देर रात को सघन अभियान चलाया गया और जनपद के सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 589 लोगों को पकड़ा हैं। पुलिस ने बताया कि ये लोग कानून का उल्लंघन कर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए पकड़े गए हैं। इनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 290 के तहत यह कार्रवाई की गई। उनमें से किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया, जबकि चालान किया गया है।

# पचास करोड़ की ठगी, विदेशी समेत 3 गिरफ्तार

● फेसबुक पर दोस्ती कर 250 लोगों को लगाया चूना

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में विदेशी युवती बनकर फेसबुक पर दोस्ती करके लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए साइबर सेल ने नाइजीरियाई युवक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से 32 एटीएम कार्ड, पांच मोबाइल, चार रेंट एग्रीमेंट, वीजा, पासपोर्ट, छह चेक बुक, आधार कार्ड और दो पासबुक बरामद हुई हैं। पुलिस के मुताबिक गिरोह करीब 18 महीने से सक्रिय है और करीब ढाई सौ लोगों से 50 करोड़ से अधिक की ठगी कर चुका है। गिरोह को बैंक खाते मुहैया कराने वाला आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

एसपी सिटी निपुण अग्रवाल ने बताया कि विजयनगर निवासी मधुरेन्द्र कुमार सिंह ने दिसंबर 2021 में विजयगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उनका कहना था कि नवंबर 2021 में उनके पास जेनिफर जॉनसन नाम से फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। स्वीकार करने पर जेनिफ ने खुद को लंदन से बताया और भारत घूमने की इच्छा जाहिर की। जेनिफर ने मधुरेन्द्र को साढ़े 3 लाख पौंड के ड्राफ्ट की कॉपी भेजकर बताया कि वह दो दिसंबर को मुम्बई एयरपोर्ट पर पहुंचेगी। वहां से वह लोकल फ्लाइट लेकर दिल्ली पहुंचेगी। दो दिसंबर को मधुरेन्द्र के पास एक अनजान नंबर ने कॉल आई। कॉलर ने खुद को कस्टम अधिकारी बताते हुए कहा कि जेनिफर के पास साढे 3 लाख पौंड का ड्राफ्ट है। उसे क्लियर करने के नाम पर अलग-अलग बहानों से उनसे करीब सात लाख रुपये हड़प लिए गए।



बिना हेलमेट के स्कूटी चलाने वाली युवती को समझाती नोएडा पुलिस।

# गौतमबुद्धनगर में तालाबों का होगा जीर्णोद्धार

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में गिरते भू-जल स्तर को रोकने के लिए तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस संबंध में गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने अधिकारियों के साथ बैठक की है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे यहां स्थित विभिन्न तालाबों का जीर्णोद्धार करें, ताकि गिरते भू-जल स्तर को रोका जा सके। गर्मी शुरू होने से पहले ही जनपद में जल संकट गहराने लगा है। तालाब चिह्नित करने की जिम्मेदारी पंचायती राज विभाग को सौंपी गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव ने बताया कि दादरी, जेवर और बिसरख विकास खंड से एक-एक तालाब का चयन किया जाएगा। जिसके बाद चिह्नित तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

# दस विभागों ने ट्विन टावर गिरने को दी एनओसी

● 600 परिवार को बाहर निकाला जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा सेक्टर-93ए स्थित सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट में अवैध रूप से बनी ट्विन टावर को तोड़ने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

टावरों को गिराने के लिए 10 भागों से एनओसी मांगी गई थी। जिनमें से पुलिस विभाग से एनओसी मिलना बाकी रह गया था। अब पुलिस विभाग की तरफ से भी एनओसी मिल चुकी है। जिसके बाद एडिफिस कंपनी के इंजीनियरों ने साइट पर काम शुरू कर दिया है। कंपनी के अधिकारियों ने साइट पर कब्जा ले लिया है। एमरॉल्ड कोर्ट के आरडब्लूए अध्यक्ष यूबीएस तेवतिया ने बताया कि उनकी टीम ट्विन टावर को गिराने के प्रस्तुतीकरण में उपस्थित रही।



साथ ही ध्वस्तीकरण की सारी तैयारियों की वह लगातार जानकारी ले रहे हैं। 10 विभागों से ध्वस्तीकरण के लिए एनओसी मिल चुकी है। ट्विन टावर को तोड़ने के समय आस.पास की सोसाइटी में से करीब 600 परिवारों को 5 घंटे के लिए घर से बाहर निकाला जाएगा, ताकि वे सुरक्षित रहें। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ऋतु महेश्वरी ने भी निर्देश दिए हैं कि एनओसी लेते समय विभागों ने जो शर्त और सुझाव दिए हैं कंपनी द्वारा उनका पालन कराया जाए। 25 फरवरी तक कंपनी ब्लास्ट डिजाइन और वाइब्रेशन एनालिसिस आदि उपलब्ध कराएगी। सभी तैयारियां पूर्ण होने के बाद ट्विन टावर को 22 मई को ध्वस्त किया जाएगा और 22 अगस्त तक उसका सारा मलबा साफ कर दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि ट्विन टावर को ध्वस्त करने का सारा खर्चा बिल्डर स्वयं उठाएगा। जिसके लिए बिल्डर को एडिफिस कंपनी को 17.55 करोड रुपए देने हैं। ट्विन टावर को तोड़ने पर तकरीबन 13.35 करोड़ रुपए का मलवा निकलेगा। जिसे कंपनी स्वयं बिल्डर से खरीद लेगी। जिसके बाद बिल्डर को कंपनी को केवल 4.20 करोड़ रुपए का भुगतान करना होगा।

ट्विन टावर को तोड़ने के लिए कंपनी स्वयं अपनी देखरेख में सारा कायक्रम कराएगी। जिसके लिए एजेंसी 25 दिन तक टावर में अलग-अलग स्थानों पर विस्फोटक लगाएगी। जिसके लिए दक्षिण अफ्रीका के इंजीनियर और विशेषज्ञ नोएडा में रहकर ही इस सारी व्यवस्था को देखेंगे। टावर को ध्वस्त करने के बाद तकरीबन 15 करोड़ रुपए की कीमत का सरिया, लोहा और अन्य मलवा निकलने की बात कहीं जा रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सीमापुरी आईईडी: पूरी राजधानी को दहलाने की थी साजिश





● स्थानीय सहयोग के बिना ऐसी गतिविधियां संभव नहीं : अस्थाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने कहा कि बृहस्पतिवार को सीमापुरी के एक घर से और पिछले महीने गाजीपुर बाजार से मिले आईईडी (विस्फोटक) शहर के सार्वजनिक स्थानों पर धमाके करने के इरादे से बनाए गए थे।

उन्होंने शुक्रवार को कहा कि ऐसी गतिविधियां स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं हैं। पुलिस के अनुसार, उत्तरपूर्वी दिल्ली के ओल्ड सीमापुरी इलाके में एक बैग में आईईडी मिलने के एक दिन बाद पुलिस ने वहां सुरक्षा बढ़ा दी और अतिरिक्त कर्मियों को तैनात कर दिया। उन्होंने बताया कि 2.5 से लेकर तीन किलोग्राम वजनी इम्प्रोवाइस्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बाद में नष्ट कर दिया गया, जबकि पुलिस मकान के मालिक और एक प्रॉपर्टी डीलर से पूछताछ कर रही है। मीडिया से बातचीत में अस्थाना ने कहा कि गाजीपुर में 17 जनवरी को एक आईईडी मिला था और बृहस्पतिवार को ओल्ड सीमापुरी में भी ऐसा ही आईईडी मिला तथा उसे नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा, जांच के अनुसार, सार्वजनिक स्थानों पर धमाके करने के इरादे से ए आईईडी बनाए गए। स्थानीय सहयोग के बिना ऐसी गतिविधियां संभव नहीं हैं। विशेष शाखा तथा अन्य दल मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम दिल्ली में ऐसी किसी भी घटना को रोकने और किसी भी स्थानीय तथा विदेशी नेटवर्क का खुलासा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कोई अन्य जानकारी देने से इनकार कर दिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध बैग मिलने के बाद आसपास की इमारतों से करीब 400 लोगों को बाहर निकाला गया था। उन्होंने कहा, हमने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। हमने अवरोधक लगा दिए हैं और मकान को सील कर दिया है। अपराध स्थल को संरक्षित कर दिया है। स्थानीय पुलिस ने गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा उपायों के तौर पर इलाके में किराएदारों का सत्यापन भी किया था। स्थानीय पुलिस भी जांच कर रही है। विशेष शाखा के एक दल ने जिस इमारत के पास संदिग्ध बैग मिला था, वहां लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी हासिल की है। फुटेज खंगाली जा रही है।

मकान मालिक आशिम की मां ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उसके बेटे को हिरासत में ले लिया है, जबकि उसकी पत्नी ने कहा कि जिस मंजिल से विस्फोटक मिले हैं, वह उन्होंने कुछ महीने पहले दो लोगों को किराए पर दिया था।

पूछताछ के दौरान मकान मालिक ने पुलिस को बताया कि उसने मकान किराए पर देते समय दोनों लोगों के दस्तावेज लिए थे। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बहरहाल, मामले की जांच कर रही विशेष शाखा को अभी दस्तावेज नहीं मिले हैं। एनएसजी सूत्रों ने बताया था कि विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट और आरडीएक्स का मिश्रण हो सकता है, लेकिन फॉरेंसिक लैब विस्तार से इसकी जांच करेगी। इस विस्फोटक के पिछले महीने गणतंत्र दिवस से पहले गाजीपुर फूल मंडी से मिले विस्फोटक जैसा होने के कारण पुलिस का मानना है कि ए दोनों मामले एक ही व्यक्ति से जुड़े हो सकते हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि गाजीपुर मामले की जांच ही पुलिस को ओल्ड सीमापुरी में विस्फोटक की खुफिया सूचना तक ले गई। सीमापुरी के एक घर में संदिग्ध बैग मिलने की सूचना के बाद विशेष प्रकोष्ठ की टीम मौके पर पहुंची थी।

एक दमकल की गाड़ी, एनएसजी और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम भी मौके पर पहुंची थी। अधिकारी ने बताया, जब हमारी टीम मकान में घुसी तो वह खाली था। वहां बैग मिला और तुरंत एनएसजी को सूचना दे दी गई। संदिग्ध फरार हो गए। हमें संदेह है कि ओल्ड सीमापुरी से मिला विस्फोटक उन्हीं लोगों ने बनाया है, जिन्होंने पिछले महीने गाजीपुर फूल मंडी में आईईडी रखा था।

## ग्रेटर कैलाश में इमारत का एक हिस्सा गिरा, दो लोग घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में शुक्रवार को एक इमारत तोड़ने के दौरान दो मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। ग्रेटर कैलाश-1 थाने को सुबह करीब 10.05 बजे सूचना मिली कि इमारत का एक हिस्सा गिरने से कुछ मजदूर घायल हो गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि नव निर्माण के लिए ई-162 संख्या वाली इमारत को गिराया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) बेनिता मैरी जैकर ने बताया कि दूसरी मंजिल को तोड़ने के दौरान पीछे की दीवार का एक हिस्सा अचानक गिर गया और इसमें दो मजदूर घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों की पहचान हरवेश (28) के रूप में हुई है, जिसके सिर पर गंभीर चोट आई है और अजयपाल (22) के पैर में मामूली चोट आई है। उनहोंने बताया कि ए दोनों उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उन्हें उपचार के लिए एम्स भेजा गया है।

## बदनाम बाजार की सूची में शामिल पालिका बाजार व टैंक रोड

### राजधानी के कारोबारियों ने अमेरिकी संस्था के आंकलन पर जताई कड़ी आपत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि संस्था जारी करती है वैश्विक सूची




दिल्ली के दो प्रसिद्ध बाजार पालिका और टैंक रोड का विश्व के बदनाम बाजारों की सूची में नाम आने से स्थानीय व्यापारियों व्यापारिक संगठनों ने आपत्ति जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है।

अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि संस्था (यूएसटीआर) द्वारा बदनाम बाजारों की सूची में इन दोनों बाजारों का नाम दिया है। वहीं पालिका बाजार संघ ने शुक्रवार को आपत्ति की और मांग उठाई कि फर्जी आरोप वापस लिए जाएं।

भारत की लोकप्रिय ई-वाणिज्य वेबसाइट, नई दिल्ली के पालिका बाजार और चार अन्य बाजारों को यूएसटीआर द्वारा दुनिया के बदनाम बाजारों की वार्षिक सूची में शामिल किया गया है। पालिका बाजार संघ के अध्यक्ष दर्शन लाल कक्कड़ ने कहा, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि संस्था द्वारा जारी बदनाम बाजारों की सूची में पालिका बाजार का नाम आना बेहद चौंकाने वाला मुद्दा है। इस सूची के अनुसार, पालिका बाजार में मोबाइल, कॉस्मेटिक्स, घड़ी और चश्मे जैसे नकली उत्पाद बेचे जाते हैं। हमारे विरुद्ध लगाए गए इन फर्जी आरोपों का हम खंडन करते हैं।

उन्होंने कहा, वास्तव में इस बाजार के दुकानदार स्थानीय तौर पर निर्मित सामान बेचते हैं जो सस्ते होते हैं और युवाओं को लुभाते हैं जैसा कि यूएसटीआर की रिपोर्ट में कहा गया है। इसलिए मांग की जाती है कि हमारे खिलाफ लगाए गए इन आरोपों को वापस लिया जाए और ग्राहकों के अनुकूल इस प्रतिष्ठित बाजार के विरुद्ध आगे भी ऐसे आरोप न लगाए जाएं। यूएसटीआर द्वारा गुरूवार को जारी नोटोरियस मार्केट लिस्ट (एनएमएल) में दुनिया के 42 ऑनलाइन और 35 भौतिक बाजारों को शामिल किया गया है जहां नकली और कॉपीराइट का उल्लंघन करने वाला सामान बेचा जाता है।

सूची में शामिल भारतीय बाजारों में से मुंबई का हीरा पन्ना, कोलकाता का किड्डरपुर और दिल्ली का टैंक रोड बाजार भी है। पालिका बाजार एनएमएल 2021 में बरकरार है। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली के इस बाजार को नकली सामान बेचने के लिए जाना जाता है।

## येलो लाइन पर ट्रेन सेवा आज कुछ घंटे रहेगी बाधित

**नई दिल्ली।** मेट्रो की येलो लाइन पर मरम्मत कार्य के चलते रविवार को कुछ घंटे ट्रेन सेवा बाधित रहेगी।

समयपुरर बादली से हुडा सिटी सेंटर कॉरिडोर पर राजीव चौक और कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के बीच का हिस्सा प्रभावित रहेगा। कश्मीरी गेट और राजीव चौक स्टेशनों के बीच सुबह साढ़े छह बजे से ट्रेन सेवा निलंबित रहेगी। चांदनी चौक और नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन ट्रेन सेवा बहाल होने तक बंद रहेंगे। वायलेट लाइन पर राजीव चौक और कश्मीरी गेट के बीच मेट्रो सेवा उपलब्ध रहेगी।

## देश की सुरक्षा का मजाक उड़ा रहे बड़े नेता : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● मैं पहला आतंकवादी हूं, जो लोगों के लिए स्कूल-अस्पताल बनवा रहा : मुख्यमंत्री

अलगाववादी बयानों के आरोपों के कारण भाजपा और कांग्रेस के निशाने पर आए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर पलटवार करते हुए कहा कि मैं पहला 'स्वीट' आतंकवादी हूं, जो लोगों के लिए स्कूल-अस्पताल बनवाता है और बिजली ठीक करता है। सौ साल पहले अंग्रेज भगत सिंह से खौफ खाते थे। इसलिए उन्हें आतंकवादी बोलते थे। अब ये सारे भ्रष्टाचारी मिलकर भगत सिंह के चेले को आतंकवादी साबित करना चाह रहे हैं। केंद्र सरकार ने उनके घर और दफ्तर पर पुलिस, इनकम टैक्स और ईडी की रेड कराई, लेकिन कुछ नहीं मिला। केजरीवाल ने कुमार विश्वास का नाम लिए बिना बोले कि एक दिन एक कवि ने कविता सुनाई कि सात साल पहले केजरीवाल ने उससे कहा था कि देश के दो टुकड़ें करेंगे।

## मां ने बेटी के साथ यमुना में छलांग लगाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● शुक्रवार सुबह दो बच्चियों के साथ घर से निकली थी महिला

दिल्ली के कालिंदी कुंज इलाके में शुक्रवार सुबह 32 साल की एक महिला ने अपनी चार साल की बेटी के साथ यमुना नदी में छलांग लगा दी। दमकल विभाग के अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

दमकल विभाग के मुताबिक उन्हें घटना की सूचना उन्हें सुबह 6.45 बजे मिली और बचाव अभियान जारी है। पुलिस ने कहा कि उन्हें सूचना मिली कि कालिंदी कुंज फ्लाईओवर से एक महिला यमुना में कूद गई।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कर्मचारी मौके पर पहुंचे जहां नोएडा सेक्टर-126 थाने के हेड कांस्टेबल संजीव कुमार के साथ छह वर्षीय दिव्यांशी मौजूद थी।

अधिकारी ने कहा कि दिव्यांशी ने बताया कि उसकी मां उसकी बहन प्रिशा के साथ करीब एक घंटे पहले यमुना नदी में कूद गई है। पुलिस ने कहा कि दमकल विभाग और एम्बुलेंस को मौके पर बुलाया गया तथा गोताखोरों की मदद से तलाशी ली गई, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने बताया कि अभियान अब भी जारी है।

उन्होंने बताया कि महिला की पहचान रजनी कुमारी के रूप में हुई है। रजनी का गुरूवार की शाम पति के साथ विवाद हो गया था। अधिकारी ने बताया कि उसके पति रामानंद पाठक ने बताया कि रजनी दोनों लड़कियों के साथ सुबह करीब छह बजे घर से निकली थी।

उन्होंने बताया कि रजनी के पिता और भाई बिहार के पटना में रहते हैं और उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है। दोनों की शादी 2012 में हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रिश्तदारों से इस मामले की जानकारी ली जा रही है।

## पूर्वी निगम ने 133 सहायक शिक्षकों बनाया प्रिंसिपल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● वर्ष 2017 के बाद स्कूलों में नहीं हुई थी पदोन्नति

पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने अपने विद्यालयों में कार्यरत 133 सहायक शिक्षकों का प्रिंसिपल के पद पर प्रमोशन किया है। अब पूर्वी दिल्ली नगर निगम के सभी मॉडल स्कूलों तथा वे स्कूल जहां 500 से ज्यादा बच्चें पढ़ते है, उनमें प्रिंसिपल के रिक्त पदों को भर दिया गया है।

निगमायुक्त विकास आनंद ने शुक्रवार को बताया कि 2017 के बाद पूर्वी निगम के स्कूलों में कोई पदोन्नति नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि पूर्वी निगम द्वारा 133 सहायक शिक्षकों को प्रिंसिपल के पद पर प्रमोशन करने से स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता के विभिन्न योजनाएं बनाने और उनको क्रियान्वित करने तथा निर्देशित करने का कार्य बेहतर रूप से किया जा सकेगा। निगमायुक्त ने बताया कि अब दिल्ली के तीनों निगमों द्वारा अपने निगमों के कर्मचारियों का प्रमोशन स्वयं किया जाएगा और इस संबंध में दिल्ली के तीनों निगमायुक्तों की बैठक के बाद 18 जनवरी 2022 को एक सर्कुलर भी निकाला गया है जिसमें कहा गया है तीनों निगम अपने कर्मचारियों का प्रमोशन स्वंय करेगा।

उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारियों के प्रमोशन में होने वाले विलंब को दूर किया जा सकता है। बता दें कि इससे पहले दिल्ली नगर निगम के त्रिविभाजन के पश्चात तीनों निगमों के कर्मचारियों की पदोन्नति का कार्य उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा किया जाता था।

## परिवहन विभाग ने फेसलेस सेवा के तहत 93% लर्निंग लाइसेंस जारी किए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

परिवहन विभाग ने अपनी फेसलेस सेवाओं के तहत पिछले छह महीनों में लगभग 1.54 लाख आवेदकों में से 93 फीसदी से अधिक को लर्निंग लाइसेंस जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 11 अगस्त 2021 को परिवहन विभाग की डीएल और विभिन्न प्रकार के परमिट और प्रमाणपत्र से संबंधित फेसलेस सेवाओं की शुरुआत की। ई-लर्निंग लाइसेंस, जिसके तहत आवेदक ऑनलाइन ड्राइविंग टेस्ट दे सकते हैं और दिए गए पते पर दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं, पिछले साल 7 अगस्त को शुरू किया गया था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त 2021 से फरवरी 2022 के मध्य तक ई-लर्निंग लाइसेंस के लिए कुल 1,54,618 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 1,45,124 आवेदक ऑनलाइन ड्राइविंग टेस्ट पास करने में सफल रहे। आंकड़ों से पता चलता है कि लर्निंग लाइसेंस टेस्ट के लिए लंबित आवेदनों की संख्या 3,410 है।

## अमृत महोत्सव: देशभक्ति की अलख जगा रहीं दीवारें

### एनडीएमसी ने स्मारकों, स्कूल भवनों, पार्कों की चारदीवारी पर उकेरी स्वतंत्रता सेनानियों की पेंटिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली इलाके सुंदर बनाने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद लगातार काम कर रही हैं। एनडीएमसी आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों को अपने क्षेत्र की दीवारों पर उकेर रही है।

जंतर मंतर के पीछे टॉल्स्टॉय मार्ग पर 90 मीटर की दीवार पर शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, बाबा साहिब अंबेडकर, अमर जवान ज्योति के बारे जागरूक करने के मकसद आकर्षक पेंटिंग बनाई गई है।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अनुसार, चारदीवारी को पेंटिंग के माध्यम से देश की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता संग्राम के संदेशों के साथ साफ-सफाई पर केंद्रित है। दीवारें स्वच्छता का भी संदेश दे रही है। इस मुहिम के अंतर्गत सौ से अधिक साइटों को पहले ही पेंटिंग के माध्यम से सुंदर बनाया जा चुका है। नई दिल्ली इलाके में कई स्थलों पर पेंटिंग का काम चल रहा है। हाल फिलहाल में जंतर मंतर के पीछे टॉल्स्टॉय मार्ग पर 90 मीटर की दीवारी को स्वतंत्रता सेनानियों की पेंटिंग से रंगा गया है। इसके अलावा जेजे क्लस्टर क्षेत्र की चारदीवारी को भी कचरे के पृथक्करण, शिक्षा, कोविड उपयुक्त व्यवहार, सिंगल उपयोग प्लास्टिक और स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के संदेशों के साथ चित्रित किया गया है।

स्टेडियमों, बाजारों, मेट्रो स्टेशनों जैसे गोल मार्केट, खान मार्केट, चेम्सफोर्ड रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, सुजान सिंह मार्ग, जंतर मंतर रोड, तालकटोरा रोड, बाराखंभा रोड, कनॉट प्लेस, अंडरपास, फ्लाईओवर और कुछ जेजे क्लस्टर क्षेत्र के पास चारदीवारी पर सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। नाई दिल्ली नगरपालिका परिषद क्षेत्र में आने जाने वाले देसी विदेशी पर्यटकों निकाय के इस पहल की सराहना कर रहे हैं और ये दीवारें सैलानियों के लिए सेल्फी पॉइंट बन गई हैं।


## वसूली अधिकारी–।। का कार्यालय

ऋण वसूली न्यायाधिकरण–।।, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

### ई–नीलामी बिक्री सूचना

आर.सी. सं. 6/2019 दिनांकित : 09–02–2022

एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड बनाम मैसर्स एनिनिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

आदेश

मेरे आदेश दिनांकित 09–02–2022 के अनुसार उक्त वसूली प्रमाणपत्र में निम्नवर्णित सम्पत्ति दिनांक 24–03–2022 को सार्वजनिक ई–नीलामी द्वारा बेची जाएगी :

नीलामी बिक्री वेबसाइट :– www.auctiontiger.net के माध्यम से "ऑनलाइन ई–नीलामी" होगी
नीलामी की तिथि एवं समय : 24–03–2022 को अप. 03.00 बजे और अप. 04.00 बजे के बीच
(अप. 04.00 बजे के बाद 5 मिनट के विस्तारों सहित, यदि अपेक्षित है)

सम्पत्ति का वर्णन

| क्र. सं. | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू. में) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | खसरा नंबर 43, सेक्टर–45, मेवला महाराजपुर, फरीदाबाद, हरियाणा–121003 स्थित भूमि एवं भवन | 1,71,00,000/- | 17,10,000/- |
| 2. | लॉट नंबर 1 में रखी प्लाण्ट एवं मशीनरी | 20,34,000/- | 2,03,400/- |
| 3. | लॉट नंबर 1 एवं लॉट नंबर 2 एक साथ | 1,91,34,000/- | 19,13,400/- |

नियम और शर्तें

1. नीलामी बिक्री वेबसाइट पोर्टल : www.auctiontiger.net के माध्यम से "ऑनलाइन ई–नीलामी" होगी।
2. ईएमडी "वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली खाता आर/सी सं. 6/2019" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से निम्नलिखित खाते – आईडीबीआई बैंक, लाभार्थी का नाम : एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड, खाता नंबर 0004103000054719, आईएफएससी कोड आईबीकेएल0000004 में जमा करनी होगी। ईएमडी के लिए उक्त डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से समतुल्य ईएमडी के भुगतान का मूल प्रमाण, पहचान पत्र (निर्वाचन आई कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट), जिसमें आगे संचार/पत्रव्यवहार के लिए पता होना चाहिए, की स्व–सत्यापित प्रति तथा पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति और कम्पनी के मामले में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति अथवा कोई अन्य दस्तावेज, जो कम्पनी का प्रतिनिधि/प्राधिकार धारक होने की पुष्टि करता है, की प्रति के साथ वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली के कार्यालय में अधिकतम 22–03–2022 अप. 4.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए। उसके बाद प्राप्त ईएमडी अथवा ईएमडी के भुगतान के मूल प्रमाण पर विचार नहीं किया जाएगा। व्यक्तिगत के मामले में, एक घोषणापत्र प्रस्तुत करना होगा, कि बोली उसके स्वयं की ओर से अथवा उसके प्रधान की ओर से प्रस्तुत की जा रही है। उत्तरवर्ती मामले में, बोलीदाता को अपना प्राधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा और चूक की स्थिति में उसकी बोली रद्द कर दी जाएगी। उसके बाद प्राप्त ईएमडी या ईएमडी के मूल प्रमाण पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. ईएमडी अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान का मूल प्रमाण सन्निहित लिफाफे पर "आरसी सं. 6/2019" तथा प्रेषक का विवरण अर्थात पता, ई–मेल आईडी और मोबाइल नम्बर इत्यादि शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
4. सम्पत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है आधार" तथा "जो है जैसा है आधार" पर की जा रही है।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली देने तथा ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए पोर्टल www.auctiontiger.net अच्छी तरह पढ़ लें तथा/अथवा श्री मेघराय देशमुख, डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट–लीगल मोबाइल नंबर 75066442534 तथा श्री नमन अवस्थी–असिस्टेंट मैनेजर–लीगल मोबाइल नंबर 9100018502 से सम्पर्क करें।
6. भविष्यलक्षी बोलीदाताओं से पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करवाना तथा मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ए–201, वॉल स्ट्रीट–।।, ओरियंट क्लब के सामने, निकट गुजरात कालेज, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद–380006, सम्पर्क व्यक्ति : श्री रामप्रसाद , सम्पर्क नंबर 8000023297 एवं श्री गगन प्रकाश सम्पर्क नंबर 9265562818 एवं श्री चिंतन भट्ट सम्पर्क नंबर 9978591888, ई–मेल आईडी : ramprasad@auctiontiger.net, chintan.bhatt@auctiontiger.net, gaganprakash@eptl.in से आईडी/पासवर्ड पर्याप्त अग्रिम में प्राप्त किया जाना अपेक्षित है, जो उपरोक्त ई–नीलामी में बोलीदान के लिए अनिवार्य है।
7. इच्छुक बोलीदाता ईएमडी जमा करने के बाद, मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ए–201, वॉल स्ट्रीट–।।, ओरियंट क्लब के सामने, निकट गुजरात कालेज, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद–380006, सम्पर्क व्यक्ति : श्री रामप्रसाद , सम्पर्क नंबर 8000023297 एवं श्री गगन प्रकाश सम्पर्क नंबर 9265562818 एवं श्री चिंतन भट्ट सम्पर्क नंबर 9978591888, ई–मेल आईडी : ramprasad@auctiontiger.net, chintan.bhatt@auctiontiger.net, gaganprakash@eptl.in से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
8. संभावित खरीदार साइट का निरीक्षण 10–03–2022 तथा 11–03–2022 को 10.30 बजे से 04.00 बजे तक कर सकते हैं।
9. केवल वे बोलीदाता ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे जो वैध यूजर आईडी एवं पासवर्ड और डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी भुगतान पुष्टि के धारक हैं।
10. इच्छुक बोलीदाता जो 22–03–2022 तक अपनी बोलियां, जो सुरक्षित मूल्य से कम नहीं है, वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली के कार्यालय में दे चुके होंगे, जो सुरक्षित मूल्य से कम नहीं है, ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे जो 24–03–2022 को अप. 03.00 बजे और अप. 04.00 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। नीलामी समाप्त होने के आखिरी 5 मिनट में कोई बोली आने पर नीलामी समाप्त होने का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
11. बोलीदाता संबंधित सम्पत्ति हेतु अपनी बोली रू. 1,00,000/– (रू. एक लाख मात्र) (लॉट नंबर 1 एवं 3 के मामले में) रू. 20,000/– (लॉट नंबर 2 के मामले में) के गुणज में बढ़ाएंगे।
12. असफल बोलीदाता ईएमडी ई–नीलामी बिक्री प्रक्रिया समाप्त होने के तत्काल पश्चात सीधे वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली/सीएच नामतः ईएआरसी से प्राप्त कर सकेंगे।
13. सफल/उच्चतम बोलीदाता को बोली/बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 6/2019 के पक्ष में अगले बैंक कार्यदिवस के अप. 04.00 बजे तक तैयार कर इस न्यायाधिकरण में जमा करना होगा, जिसमें असफल रहने पर ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
14. क्रेता को बिक्री मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 6/2019 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से, वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली के पास सम्पत्ति की ई–नीलामी की तिथि से 15वें दिन अथवा पूर्व, उस तिथि को छोड़कर, और 15वां दिन रविवार या अवकाश दिवस होने की स्थिति में 15वें दिन के बाद पहले कार्य दिवस को रजिस्ट्रार, डीआरटी–।।, दिल्ली के पक्ष में रू. 1000/– तक 2 प्रतिशत निरोध शुल्क तथा रू. 1000/– से ऊपर सकल राशि पर 1 प्रतिशत निरोध शुल्क के साथ जमा करनी होगी। (शेष 75 प्रतिशत राशि डाक द्वारा जमा करने की स्थिति में यह वसूली अधिकारी को उपरोक्तानुसार प्राप्त हो जानी चाहिए)। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, बिक्री की नई उद्घोषणा के बाद, सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी। चूककर्ता क्रेता द्वारा जमा की गई राशि, बिक्री संबंधी खर्चे काटकर, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, सरकारी खाते में जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति या उसके किसी अंश की अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के संबंध में चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त माने जाएंगे।
15. सीएचएफआई/सीएच बैंक को बिक्री उद्घोषणा की सूचना सीडी'ज को दस्ती, स्पीड पोस्ट, कुरियर के माध्यम से तथा सम्पत्ति के सुप्रकट भाग में चस्पा करने द्वारा और इसके आसपास के क्षेत्र में ढोल पीटकर देने और सूचना की एक प्रति इस न्यायाधिकरण के सूचना पट पर चस्पा करने का निर्देश दिया जाता है।
16. बिक्री उद्घोषणा की सूचना क्षेत्र में पर्याप्त व्यापक प्रसार वाले अंग्रेजी और स्थानीय भाषा के समाचारपत्रों में भी प्रकाशित करवाई जाए।
17. सीएचएफआई/सीएच बैंक को समाचारपत्रों में विज्ञापन प्रकाशन की पुष्टि करने तथा प्रकाशन के मूल प्रमाण सुनवाई की अगली तिथि को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है।
18. अधोहस्ताक्षरी के पास किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य नहीं पाई जाती हैं, अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है तथा इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम मान्य होगा।

सम्पत्ति की अनुसूची

| लॉट सं. | बिक्री की जा रही सम्पत्ति का वर्णन | सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व | सम्पत्ति के संबंध में देय किसी ऋणभार का विवरण | सम्पत्ति के बाबत पेश किया गया कोई दावा तथा अन्य कोई ज्ञात विवरण जो सम्पत्ति की प्रकृति और मूल्य को प्रभावित करता है। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | खसरा नंबर 43, सेक्टर–45, मेवला महाराजपुर, फरीदाबाद, हरियाणा–121003 स्थित भूमि एवं भवन | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |
| 2. | लॉट नंबर 1 में रखी प्लाण्ट एवं मशीनरी | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |
| 3. | लॉट नंबर 1 एवं लॉट नंबर 2 एक साथ | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |

ई–नीलामी बिक्री सूचना की तामील, तामील के प्रमाणों (ट्रैक परिणामों सहित यथा स्पीड पोस्ट तथा कुरियर) तथा दस्ती तामील के प्रमाण, समाचारपत्रों में प्रकाशन के मूल प्रमाण और ई–नीलामी के प्रयोजन हेतु वेबसाइट पर व्यापक प्रचार के प्रमाण प्रस्तुत करने हेतु वाद 28–02–2022 को सूचीबद्ध किया जाए।

Seal

हस्ता/–
(दत्तात्रेय बाजपेयी)
वसूली अधिकारी–।।,
डीआरटी–।।।, दिल्ली

# चिंतल्स पैराडिसो में टावर-डी के प्रभावितों को प्रशासन ने दिए तीन विकल्प

### टावर-डी में रह रहे थे 64 परिवार

### जिला उपायुक्त के सोसायटी में लोगों के बीच जाकर की बात

### प्रभावित परिवारों से वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में किया विचार-विमर्श

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेक्टर**-109 स्थित चिंतल्स पैराडिसो आवासीय सोसायटी के टावर-डी में रहने वाले परिवारों की वैकल्पिक आवासीय व्यवस्था पर प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसे लेकर शुक्रवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव आवासीय सोसायटी में पहुंचे और प्रभावित परिवारों के साथ विचार-विमर्श किया। टावर-डी में 64 परिवार रह रहे थे, जिनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जानी है।

पिछले दिनों इस सोसायटी में हादसा होने के बाद वहां रह रहे लोगों में डर और भय का माहौल है। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन ने उनके लिए वैकल्पिक आवासीय व्यवस्था करवाई है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने टावर-डी के प्रभावित परिवारों से बातचीत करने के बाद उन्हें तीन विकल्प दिए हैं।

पहला यह है कि जहां वर्तमान में वे परिवार वैकल्पिक व्यवस्था में रह रहे हैं, जब तक उनके फ्लैट्स का सेफ्टी ऑडिट हो और आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों की टीम द्वारा सुझाए गए मरम्मत या पुनर्निर्माण का कार्य पूरा हो, तब तक वे उस व्यवस्था में नि:शुल्क रहते रहें। उन्हें इसके लिए कोई किराया नहीं देना होगा। उस अवधि के लिए उनका मेन्टेनेन्स शुल्क भी माफ रहेगा। दूसरा विकल्प यह दिया गया है कि कोई भी प्रभावित परिवार कहीं और अपनी पसंद के फ्लैट में शिफ्ट कर सकता है। ऐसी अवस्था में जितने आकार के फ्लैट में अब वह परिवार रह रहा है, उतने आकार के फ्लैट के किराए का भुगतान बिल्डर या डवलेपर द्वारा किया जाएगा।


गुरुग्राम के सेक्टर-109 स्थित चिंतल्स पैराडिसो सोसायटी के लोगों के साथ बैठक करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

### आईआईटी की टीम ने शुरू कर दी जांच-पड़ताल

**इस** सोसायटी में रिहायशी टावर्स का स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट करवाने के लिए आईआईटी दिल्ली की टीम शुक्रवार को मौके पर पहुंची। उन्होंने अपना काम भी शुरू कर दिया। अपने चिंतल्स पैराडिसो सोसायटी के दौरे के दौरान उपायुक्त निशांत कुमार यादव इस टीम से भी मिले और उन्होंने टीम के सदस्यों से सेफ्टी ऑडिट का कार्य जल्द पूरा करने का आग्रह किया।

### फ्लैट खरीदने की कीमत भी ले सकते हैं वापस

**उपायुक्त** ने प्रभावित रेजीडेंट्स को तीसरा विकल्प यह दिया है कि जो परिवार किसी भी सूरत में यहां नहीं रहना चाहते और रिफंड चाहते हैं। उनके द्वारा फ्लैट की जो कीमत डेवलेपर को अदा की गई है। वह राशि साधारण ब्याज, जो कानून के हिसाब से वाजिब बनता है, के साथ उन्हें डवलेपर द्वारा रिफंड कर दी जाएगी। इसके अलावा फ्लैट में करवाए गए इंटीरियर का थर्ड पार्टी अस्समेंट करवाकर वह राशि भी अलाटियों को दी जाएगी। इसमें यह सामने आया कि कई परिवारों ने फ्लैट री-सेल में खरीदे हुए हैं। ऐसे मामले में उपायुक्त ने यही आश्वासन दिया है कि जिला प्रशासन उनके लिए रिफंड का कोई ना कोई तरीका निकालेगा।

# कोरोना संक्रमितों के रिकवरी रेट में गुरुग्राम अव्वल

### रिकवरी रेट बढ़कर 99.08 हुआ

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कोरोना** संक्रमितों के रिकवरी रेट में गुरुग्राम प्रथम स्थान पर रहा है। यहां का रिकवरी रेट बढ़कर 99.08 प्रतिशत पहुंच गया है। तस्वीर साफ है कि जिले में अब कोरोना समाप्ति की ओर है। इसका श्रेय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम की कड़ी मेहनत को जाता है। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लोगों को जरूरत अनुसार उनके घर तक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

जिला में कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि स्वस्थ लोगों तक यह संक्रमण ना फैले। ऐसे मरीजों की समय रहते पहचान होने से कोरोना संक्रमण को समय रहते रोकने में मदद मिलती है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मुताबिक जिला में ओमिक्रोन के मरीजों की संख्या में भी लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके अलावा खांसी, जुकाम, बुखार वाले हल्के लक्षणों के मरीजों को टेस्ट करवाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है, ताकि संक्रमण फैलने से रोका जा सके।

### लोगों में जागरुकता भी बढ़ी है: डा. जयप्रकाश

**जिला** सर्विलांस अधिकारी डा. जयप्रकाश ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग तथा जिलावासियों के सहयोग के चलते अब लोगों में कोरोना को लेकर जागरूकता भी बढ़ी है। जिला प्रशासन द्वारा कोरोना से बचाव को लेकर आवश्यक जानकारी भी लोगों से सांझा की जा रही है। प्रयास है कि लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएं और उनमें कोरोना से बचाव के उपायों के बारे में जागरुकता बढ़े।

### टीकाकरण जल्द पूरा कराएं

**जिला** में कोरोना संक्रमित व्यक्ति की समय रहते पहचान होने से उनका समय पर इलाज हो जाता है। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना से बचाव के लिए जरूरी है कि लोग जल्द से जल्द अपना टीकाकरण करवाएं और सोशल डिस्टेंसिंग व फेस मास्क का प्रयोग करें। टीकाकरण के बाद भी व्यक्ति को एसएमएस यानी सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क व सैनिटाइजेशन की पालना करनी होगी। ऐसा करके हम स्वयं को ही नहीं, बल्कि अपने परिचितों व परिजनों को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### मारुति कुंज की समस्याओं का विधायक को सौंपा पत्र



**गुरुग्राम।** मारुति कुंज क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहे जागरूक भारत चैरिटेबल ट्रस्ट ने सोहना विधायक संजय सिंह को ट्रस्ट की तरफ से 14 सार्वजनिक समस्याओं की सूची सौंपी। साथ ही आग्रह किया कि वे इन समस्याओं को विधानसभा में उठाएं। जागरूक भारत चैरिटेबल ट्रस्ट ने इस क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं जैसे कच्ची कालोनियों की रजिस्ट्री दोबारा आसान तरीके से शुरू करवाने, कच्ची कॉलोनियों में पहले से बने हुये मकानों को न तोड़ने, बिजली के अतिरिक्त फीडर लगाने, पीने के पानी, सीवर, रास्तों को पक्का करवाने की व्यवस्था, भोंडसी में बन रहे मुंबई एक्सप्रेस-वे के टोल की 10 किलोमीटर की परिधि में आने वाले लोगों के लिये नि:शुल्क करने, मारुति कुंज सोसाइटी के फ्लैट्स की रजिस्ट्री करवाने व मारुति कुंज सोसाइटी के गेट पर भरे पानी की निकासी का स्थायी समाधान और इन कॉलोनियों में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद खुलवाने, इस क्षेत्र में एक बड़ा पार्क बनवान, शमशान घाट बनवाने आदि समस्याओं की सूची को विधायक को सौंपा। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रधान वेद प्रकाश गौड़, समाज सेवी सुजीत व जीवानंद मयुर कुंज से, प्रीतम शर्मा अध्यक्ष गोवर्धन कुंज, अशोक पाराशर अध्यक्ष निर्मल एंक्लेव, देवेन्द्र राघव मारुति कुंज, अमित तेन्दुवाल अध्यक्ष प्रेम कुंज आदि लोग उपस्थित रहे।

### क्षेत्र के किसानों के साथ सरकार का भेदभावपूर्ण धोखा



**गुरुग्राम।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रभारी बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र सुखबीर तंवर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गुरुग्राम जिला के अन्नदाता के साथ खरीफ फसलों के मुआवजा वितरण पर पुन: भेदभावपूर्ण धोखा किया है। पत्रकारों से बातचीत में सुखबीर तंवर ने कहा कि जिला गुरुग्राम के किसानों को खरीफ फसलों के मुआवजा के तौर पर मात्र 10 हजार रुपया भेदभावपूर्ण धोखा और भद्दा मजाक है। किसान विरोधी निर्णय के खिलाफ क्षेत्र के किसानों में रोष और गुस्सा व्याप्त है। क्षेत्र के किसान इस निर्णय की कड़ी भर्त्सना करते हैं। प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि जिला के किसानों को खरीफ की गिरदावरी के अनुसार मुआवजा देकर इस अन्यायपूर्ण निर्णय को संशोधित करके पीड़ित किसानों को राहत प्रदान की जाये। उचित मुआवजा नही दिए जाने की स्थिति में किसान आंदोलन को मजबूर होंगे। इस अवसर पर सरजीत चेयरमैन, एडवोकेट मोहित यादव सिवाड़ी, सत्ते राठी माजरी, सुरेश भाटोटिया, बिल्लू यादव माजरी आदि उपस्थित रहे।

### शटर तोड़कर हजारों रुपये के मोबाइल चोरी

**सोहना।** शहर के अग्रसेन चौक के निकट शटर तोड़कर कार सवार अज्ञात बदमाश हजारों रुपये के मोबाइल ले गए। दुकानदार की मिली शिकायत के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। जिला नूंह के गांव पीपाका निवासी साबिर शहर के अग्रसेन चौक के निकट पिछले करीब 15 साल से मोबाइल रिपेयर की दुकान चलाता है। गुरुवार की रात को रोजाना की तरह से अपनी दुकान को ताला लगाकर घर चला गया। शुक्रवार को साबिर को पड़ोस के दुकानदार ने फोन कर दुकान का शटर टूटा होने की सूचना दी। साबिर ने सिटी चौकी पुलिस को दुकान में चोरी होने की सूचना दी। साबिर ने बताया कि उसकी उसकी दुकान से नये व पुराने मोबाइल फोन चोरी हुए है। सिटी चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच से अभी तक एक सैंट्रों कार दुकान के पास नजर आ रही है, लेकिन उस पर पंजीकरण नंबर अंकित नहीं है।

# शत-प्रतिशत टीकाकरण वाले संस्थान होंगे सम्मानित

**गुरुग्राम।** जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला में जो संस्थान अपने कार्य क्षेत्र पर शत प्रतिशत टीकाकरण कार्य पूर्ण होने की घोषणा करेगा, उसे स्वास्थ्य विभाग की ओर से सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। यह घोषणा जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने लघु सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में की गई।

बैठक में उपायुक्त ने कोविड टीकाकरण अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट लेने के उपरान्त अपने संबोधन में कहा स्वास्थ्य विभाग ने अपने टीकाकरण कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के साथ-साथ देश में भी जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान में स्वास्थ्य विभाग गुरुग्राम द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णयों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा भी गया व अपनाया भी गया। उपायुक्त ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुग्राम जिला में अपने कार्य क्षेत्र पर शत प्रतिशत टीकाकरण की घोषणा करने वाले संस्थानों को सम्मानित करने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिया निर्णय जिला में वैक्सीनेशन अभियान के प्रति नई जागरुकता लाने का कार्य करेगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, उप-सिविल सर्जन डॉ एमपी सिंह, उप-सिविल सर्जन डा. जयप्रकाश आदि अधिकारी थे।

# वाल्मीकि चौपाल के पुनर्निर्माण के लिए मेयर को दिया पत्र

### भाजपा नेता नवीन गोयल के नेतृत्व में मांग पत्र देने पहुंचे वाल्मीकि समाज के लोग

### नई बस्ती की चौपाल करीब 150 साल पुरानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रदेश** सरकार द्वारा लोगों की सहूलियत के लिए चौपाल, धर्मशाला और सामुदायिक केंद्रों का लगातार निर्माण किया जा रहा है। शहर के कई इलाकों में आज के समय की जरूरतों के हिसाब से इन्हें बनाया गया है। नई बस्ती स्थित वाल्मीकि चौपाल भी काफी पुरानी हो चुकी है। जिसके पुनर्निर्माण को लेकर शुक्रवार को मेयर मधु आजाद को पत्र सौंपा गया।


गुरुग्राम की नई बस्ती में वाल्मीकि चौपाल के निर्माण को लेकर मेयर को मांग पत्र सौंपते नवीन गोयल व अन्य लोग।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं फिरोजपुर झिरका प्रभारी नवीन गोयल के नेतृत्व में सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि इस चौपाल का नई बस्ती के साथ कई अन्य क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलता है। इसलिए इसका जल्द से जल्द निर्माण कराया जाएगा। क्षेत्रवासियों की ओर से दी जानकारी साझा करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि 800 गज क्षेत्रफल में बनी यह चौपाल करीब 150 साल पुरानी है। आज के समय यह चौपाल पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इस चौपाल में नई बस्ती के लोगों के अलावा राम नगर, अर्जुन नगर, जैकबपुरा, प्रेम नगर आदि क्षेत्रों के लोगों द्वारा कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। पांच हजार से भी अधिक आबादी पर यह एक मात्र चौपाल है। इसके जर्जर होने के कारण लोग अपने विवाह-शादी व अन्य कार्यक्रम यहां नहीं कर पा रहे। लोगों को काफी परेशानी होती है। इन क्षेत्रों में काफी गरीब लोग भी रहते हैं। जो कि अपने बच्चों की शादियों के कार्यक्रम किसी गार्डन या मैरिज पैलेस में करने में समर्थ नहीं हैं। इसलिए क्षेत्र में इस चौपाल का जल्द से जल्द निर्माण करना जरूरी है। आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। इसलिए चौपाल को बड़ा बनाया जाए। मेयर मधु आजाद को मांग पत्र देने के दौरान नवीन गोयल के अलावा सुल्तान वाल्मीकि, जुगेश सारवान, राजकुमार सहरालिया, कुलदीप खरालिया, रमेश सारसर आदि लोग मौजूद रहे।

# वजीराबाद झील पर पार्क के सौंदर्यीकरण की विधायक ने रखी आधारशिला

### पार्क के बनने के बाद वजीराबाद व अन्य क्षेत्रों को मिलेगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार को वजीराबाद झील (सरस्वती कुंज) पर पार्क के सौंदर्यकरण की आधारशिला रखी। इसका निर्माण गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा किया जाएगा। इसके सौंदर्यीकरण के बाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर पार्क समर्पित होगा।

विधायक सुधीर सिंगला ने इस अवसर पर कहा कि अन्य सुविधाओं के साथ-साथ पार्कों का निर्माण भी जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिए लोग सुबह-शाम नियमित तौर पर व्यायाम करने के लिए पार्क में जाते हैं। विशेषकर बच्चे और बुजुर्ग पार्कों में अपना खाली समय व्यतीत करते हैं। पार्कों में पेड़, पौधे और फूलों से ताजा हवा व ऑक्सीजन मिलती है, जो कि हमारे लिए काफी लाभदायक होती है। उन्होंने कहा कि पार्कों का रखरखाव भी हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर कहीं और जगह नहीं होती है तो पार्कों में हमें पेड़ लगाने चाहिए। उनको खाद-पानी देना चाहिए।


वजीराबाद झील पर पार्क के सौंदर्यीकरण की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश सरकार अन्य क्षेत्रों के साथ पार्कों, हरियाली पर भी विशेष ध्यान दे रही है। गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में जितने पेड़ वर्तमान सरकार के कार्यकाल में लगाए गए हैं, उतने पहले कभी नहीं लगाए गए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में ऑक्सीजन की कमी हम सबने झेली। ऐसे में जरूरी है कि हम पेड़ लगाकर प्राकृतिक ऑक्सीजन का सृजन करें। अग्रणी शहर गुरुग्राम में हम रहते हैं। इसलिए यहां विकास के साथ प्रदूषण का भी स्तर बढ़ा है। जो कि हमारी सेहत के लिए सही नहीं है। पर्यावरण में सुधार के लिए हमें पेड़ों की संख्या हर हाल में बढ़ानी चाहिए।

इस अवसर पर जीएमडीए से अधिकारी सुभाष यादव, पार्षद अनिल आरती यादव, पार्षद मनीष यादव, पार्षद महेश दायमा, पार्षद कुलदीप वोहरा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अंबेडकर बाईपास चौक पर लगने वाला जाम बना नासूर

एन रोहिल्ला। सोहना

**सोहना** के अंबेडकर बाईपास चौक पर लगने वाले जाम ने लोगों की नाक में दम कर दिया है। जाम में फंसे वाहनों को चौक से निकलने में 10 से 15 मिनट लग रहे हैं। ऐसे में पैदल चलने वालों को भी परेशानी हो रही है।

शहर के अंबेडकर बाईपास चौक की लालबत्तियां पिछले साढ़े तीन माह से खराब हैं। जिसके कारण चौक पर जाम लगने का माहौल दिन में बनता-बिगड़ता रहता है। चौक के तीन मार्गों पर खड़े होने वाले वाहनों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। चौक के जाम का असर तावडू से आने वाले वाहनों की लाइन घाटी तक पहुंच जाती है। गुरुग्राम जाने वाले मार्ग पर जाम में फंसने वाले वाहनों की लाइन बस स्टैंड तक आ जाती है। ऐसा ही पलवल मार्ग पर करीब 400 मीटर दूरी में वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। वाहन चालकों को चौक पार करने में 10 से 15 मिनट लग रहे हैं।


सोहना के अंबेडकर बाईपास चौक पर लगा जाम।

**दुकानदारों का कारोबार प्रभावित :** अंबेडकर बाईपास चौक से जाने वाले नूंह, पलवल, गुरुग्राम और तावडू मार्ग के दोनों तरफ के दुकानदारों का कारोबार जाम के कारण प्रभावित हो रहा है। दुकानदार सुशील का कहना है कि पूरा दिन मिट्टी उड़ती रहती है। जिससे दुकानों में धूल उड़कर आती है। जाम के कारण ग्राहक यहां से सामान खरीदने की बजाय आगे निकल जाता है। यहां का दुकानदार पूरे दिन हाथ पर हाथ रखकर बैठा रहता है।

**24 घंटे में 10 हजार वाहन :** बाईपास चौक को रेवाड़ी, तावडू, नूंह-अलवर, पलवल, आगरा, अलीगढ़, फरीदाबाद, दिल्ली, गुरुग्राम, की तरफ से 24 घंटे में 10 से 12 हजार वाहन निकलता है। जिसमें रात के समय में बड़ें वाहनों की संख्या एक से डेढ़ हजार के लगभग होती है। रात्रि समय में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी न होती है। ऐसे में बेलगाम तरीके से दौड़ते हैं।

इसबारे में चौकी प्रभारी एएसआइ धर्मबीर सिंह ने बताया कि इस चौक की खराब लाल बत्तियों को ठीक कराने की जिम्मेदारी नगर परिषद की है। जिन्हें कई बार लिखित में शिकायत दे दी गई हैं, लेकिन हर बार उन्हें जल्द ठीक कराने का आश्वासन मिल रहा है।

# नगर निगम मानेसर ने सिकंदरपुर बढ़ा गांव में चलाया सफाई अभियान

### गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है सफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरु** रविदास जयंती के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे स्वच्छता सप्ताह के तहत शुक्रवार को यहां सेक्टर-82 स्थित सिकंदरपुर बढ़ा गांव में नगर निगम मानेसर के आयुक्त मुनीष शर्मा के दिशा-निर्देशों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता के प्रति जागरुकता को रैली भी निकाली गई। इसमें नगर निगम मानेसर की संयुक्त आयुक्त अलका चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर जेनथ चौधरी व मनोज कुमार इंस्पेक्टर ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक भी किया।

संयुक्त आयुक्त अलका चौधरी ने कहा कि मानेसर नगर निगम क्षेत्र पूरी तरह से स्वच्छ हो, यह हम सबका प्रयास होना चाहिए। ग्रामीणों को इसमें अपनी अहम भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने बताया सरकार महापुरुषों की जयंती पर उन्हें नमन करने के साथ सामाजिक कार्यों को भी आगे बढ़ा रही है। इस बार गुरू रविदास की जयंती के अवसर पर यहां स्वच्छता के काम को आगे बढ़ाया।


स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करतीं संयुक्त आयुक्त अलका चौधरी, भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल और अन्य।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ रहना जरूरी है। स्वच्छ सिर्फ हमारे घरों में ही नहीं, बल्कि हमारे घरों के आसपास भी होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा यहां-वहां ना फेंकें। कूड़े के लिए कूड़ादान लगाएं। उसमें उसे एकत्रित करें। भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल ने कहा कि सिकंदरपुर बढ़ा गांव भी नगर निगम मानेसर का हिस्सा हो चुका है। इसलिए यहां पर भी नगर निगम द्वारा विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। धीरे-धीरे सभी गांवों में सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। कहा कि सरकार ने मानेसर को निगम का दर्जा देकर इस क्षेत्र के लोगों का विकास करने की ओर कदम बढ़ाया है।

# दो हाइवा डंपरों ने तीन कारों में मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला


सोहना की चूंगी नंबर दो पर तेज रफ्तार हाइवा डंपर की टक्कर से क्षतिग्रस्त कार।

**सोहना।** सड़क पर बेलगाम तरीके से दौड़ लगा रहे दो हाइवा डंपरों ने एक बाद एक करके तीन कारों को टक्कर मार दी। कार चालक महिला डंपर की चपेट में आने से बाल-बाल बची।

शुक्रवार सुबह करीब दस बजे शहर की चुंगी नंबर दो के समीप गुरुग्राम की तरफ से दौड़ लगाते आ रहे दो हाइवा डंपरों से बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। दोनों ही हाइवा डंपर चालक एक-दूसरे से दौड़ लगा रहे थे। सड़क पर लगे पुलिस के बैरिकेडिंग पार करने की होड़ के दौरान दोनों ही डंपरों ने एक बाद एक तीन कारों में टक्कर मार दी। एक कार को महिला चला रही थी। वह अपने घर से सुबह ड्यूटी पर निकली थी। डंपर की टक्कर से कार की चालक साइड क्षतिग्रस्त हो गई। तीनों कारों में चालक की तरफ टक्कर मारी। दोनों डंपरों को भीड़ ने रुकवा लिया। जिनकी सूचना 112 नंबर पर देकर पुलिस को मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों की हाइवा डंपरों को हिरासत में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शी विकास का कहना है कि पुलिस के बैरिकेड होने से डंपरों को तेज गति से निकलने का मौका नहीं मिला। बैरिकेडों से तेजी से आ रहे डंपरों की स्पीड कम हो गई।

# जिले के 3 लाख 59 हजार 647 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** को यहां लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग की जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में बताया गया कि जिले में 27 फरवरी से 1 मार्च तक शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 1579 बूथ बनाए गये हैं।

बैठक में जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने पल्स पोलियो अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की विस्तृत रिपोर्ट लेकर कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को वर्ष 2014 में पोलियो मुक्त देश घोषित किया था। ऐसे में हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम पूरी लगन व प्रतिबद्धता के साथ इस अभियान में अपना शत-प्रतिशत योगदान दें।

### पोलियो रोधी दवा पिलाने को बनाए गए हैं 1579 बूथ, उपायुक्त ने ली जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक

बैठक में उपायुक्त ने अभियान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र में जिला विकास एवं पंचायत विभाग को विशेष मुनादी करवाने व शहरी क्षेत्र में प्रचार के विभिन्न माध्यमों को उपयोग में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम परिवहन विभाग व गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन सिटी बस लिमिटेड द्वारा जिला के सभी बस डिपो व उपमंडल स्तर बने बस अड्डों पर लाउड स्पीकर के माध्यम से बस स्टैंड पर बने पोलियो बूथ की जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे ।

**501 संवेदनशील क्षेत्रों का चुनाव**

बैठक में सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने उपायुक्त को बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से शून्य से 5 वर्ष तक के तीन लाख 59 हजार 647 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 1579 बूथ बनाए गये हैं, 39 ट्रांजिट टीम, 151 मोबाइल टीम, 261 सुपरवाइजर और 5668 वैक्सीनेशन करने वाले कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विभाग की तरफ से स्वास्थ्य केंद्रों के आसपास 501 संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहां पर स्वास्थ्य विभाग का विशेष फोकस रहेगा। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाने का काम करेंगे। इसके साथ ही जिला के विभिन्न चौक-चौराहों व बाजारों आदि जगहों पर प्रशिक्षित टीका कमिज़्यों द्वारा वहां से गुजरने वाले सभी लक्षित बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलायी जाएगी।

# राज्यपाल कल दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भेंट करेंगे

### माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट द्वारा माहेश्वरी भवन सेक्टर-7ए में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

### 1100 दिव्यांगों को भेंट किए जाएंगे कृत्रिम अंग, उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ लिया कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने बताया कि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रविवार 20 फरवरी को जिला के 1100 से ज्यादा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग भेंट करेंगे। माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और कार्यक्रम सेक्टर-7ए स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित किया जाएगा।

उपायुक्त जितेंद्र यादव शुक्रवार सुबह माहेश्वरी भवन में अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा ले रहे थे। उपायुक्त ने इस कार्यक्रम स्थल का दौरा करने के उपरांत अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए कहा कि माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी, समाज कल्याण विभाग और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के सहयोग और तत्वावधान में इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान 1100 से अधिक दिव्यांगों को कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ (कोहनी से नीचे) पोलियो ग्रस्त व्यक्तियों को कैलीपर्स, बैसाखियां, व्हील चेयर, हाथ से चलाने वाली ट्राई साइकिल और कान से सुनने वाली मशीन भेंट की जाएंगी। इस दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ वीवीआईपी रूट, पार्किंग की व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को निरीक्षण किया।


पत्रकारों से बातचीत करते एसडीएम त्रिलोक चंद।

माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश गुट्टानी ने उपायुक्त व अन्य अधिकारियों का स्वागत किया और कहा कि ट्रस्ट द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी जरूरतमंद वर्गों के साथ काम करना माहेश्वरी समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान रजिस्ट्रेशन के लिए लगाए जाने वाले काउंटर व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इस अवसर पर आधार कार्ड, वोटर कार्ड इत्यादि के लिए भी स्टाल लगाए जाएं। मीटिंग में स्टेट रेडक्रॉस सोसायटी के वाईस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता, डीसीपी बल्लभगढ़ जयवीर राठी, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, संयुक्त आयुक्त नगर निगम डा. नरेश, जिला शिक्षा अधिकारी डा. ऋतु चौधरी, जिला रेडक्रॉस सोसाटी के सचिव विकास कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुशीला, शिविर संयोजक रमेश झंवर, नंवल मूंदड़ा सचिव आदि गणमान्य उपस्थित थे।

## शहर में चलाया गया मेगा स्वच्छता अभियान

**फरीदाबाद।** नगर निगमायुक्त यशपाल अपनी प्रभावी कार्येशेली के लिए जाने जाते है, जिसका ताजा उधारण आजकल देखने को मिल रहा है। जिसमे निगमायुक्त चुनाव ड्यूटी पर होते हुए भी अपने शहर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ऑनलाइन मीटिंग करके स्वयं सभी सम्बन्धित को हिदायतें, दिशानिर्देश भी दे रहे हैं और उनके कामो का जायजा भी ले रहे हैं। मीटिंग में अतिरिक्त निगमायुक्त, संयुक्त आयुक्त एनआईटी, बल्लभगढ़, ओल्ड फरीदाबाद मुख्य अभियन्ता-1 और 2 (बागवानी), अधीक्षण अभियन्ता तथा स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगणों ने भाग लिया। निगमायुक्त के नेतृत्व में निगम द्वारा संत गुरू रविदास जयंती के उपलक्ष्य में 18 फरवरी को भी मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# बीके में मुस्कान प्रोजेक्ट के तहत बनेगा 'बेबी फ्रेंडली अस्पताल'

### टीम ने किया बीके अस्पताल का दौरा

### कुछ खामियों के बीच बीके अस्पताल ने किया क्वालीफाई

कविता। फरीदाबाद


टीम को काम के बारे में जानकारी देते शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास गोयल।


दौरे के दौरान टीम के सदस्य शिशु रोग विशेष डॉ. संध्या और एनआरसी के स्टाफ से जानकारी लेते हुए।

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में अब बुजुर्गं, गर्भवती, दिव्यांगों की तरह बच्चों को दी जा रही सुविधाओं में भी इजाफा किया जाएगा। जिसे देखते हुए मुस्कान प्रोजेक्ट के तहत बीके अस्पताल में एक टीम ने दौरा किया और वहां बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की बारिकी से जांच की। टीम ने जांच के दौरान मिली खामियों को दूर करते हुए बीके को बेबी फ्रेंडली अस्पताल के लिए क्वालीफाई किया है।

## टीम ने दिए निर्देश

बीके अस्पताल परिसर में गुरुग्राम में लॉंच हुए मुस्कान प्रोजेक्ट की तरह बीके अस्पताल में बेबी फ्रेंडली अस्पताल बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसे देखते हुए गुरुग्राम सिविल अस्पताल की एक टीम ने बीके अस्पताल का जायजा लिया। टीम में गुरुग्राम सिविल अस्पताल से डीएमएस डॉ. नीरज यादव और ईक्यूएसी डॉ. अनामिका मौजूद रही। पीएमओ डॉ. सविता यादव के निर्देश पर टीम के सदस्यों को अस्पताल में दौरा एडमिन के चिकित्सकों ने कराया। जिसमें एक सदस्य के साथ अस्पताल के डॉ. राजेश धीमन तो वहीं दूसरी टीम के सदस्य संग डॉ. मनोज बजाज ने दौरा करवाया। टीम ने इस अस्पताल के प्रथम तल पर मौजूद एनआरसी, एसएनसीयू (बच्चों की नर्सरी), शिशु वार्ड और ओपीड़ी (कमरा नम्बर तीन में बने शिशु रोग विशेषज्ञ कक्ष) का दौरा किया। टीम ने बारिकी से स्टाफ से काम के बारे में जानकारी ली और अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। इस दौरान उन्हें रिकार्ड को ओर बेहतर तरीके से कैसे मैंटेन करने और बच्चों के लिए क्या-क्या सुविधाएं की जाएगी, इसके बारे में जानकारी दी।

## यह होगी सुविधा

बीके अस्पताल में दो से तीन बार और टीम दौरा करेंगी। इसके तहत अस्पताल में प्रोपर रिकार्ड बच्चों का रखा जाएगा। इसके साथ ही बच्चों के खेलने के लिए और बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की जाएगी। उस स्थान को ओर सुंदर बनाने के लिए वहां पोस्टर और साइन बोर्ड लगाए जाएगे। छोटे बच्चों को गोद में लेकर आने वाली माताओं के लिए पंजीकरण की व्यवस्था या फिर टोकन सिस्टम और वैटिंग रूम की व्यवस्था होगी। दवा के लिए भी अलग से व्यवस्था के लिए भी कहा गया है। यहां बच्चों के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। जिनकी हाईट बच्चों के हिसाब से होगी।

## आंगनबाड़ी कर्मियों ने फूंका स्वास्थ्य मंत्री का पुतला


हडताल पर बैठी आंगनबाड़ी वर्कर को संबोधित करता कर्मचारी नेता सुभाष लांबा।

**फरीदाबाद।** हड़ताली आंगनबाड़ी कर्मियों से वार्ता न करने की हठधर्मिता और बृहस्पतिवार को आशा वर्कर के अंबाला प्रदर्शन को विफल बनाने के लिए जगह जगह गिरफ्तार करने से आक्रोशित वर्करों ने डीसी आफिस पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के बाद स्वास्थ्य मंत्री का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन में आशा व आंगनबाड़ी वर्करों के अलावा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व सीटू से जुड़े विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। प्रदर्शन में आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन हरियाणा की जिला सचिव मालवणी, कोषाध्यक्ष सीमा यादव,सुरेन्द्री, आशा वर्कर यूनियन की जिला सचिव सुधापाल और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, जिला प्रधान अशोक कुमार, सचिव बलबीर सिंह, सीटू के जिला प्रधान निरंतर पराशर व उप प्रधान बीरेंद्र डंगवाल आदि मौजूद थे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने डीसी आफिस पर आयोजित प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम ने मन की बात है वर्कर के मानदेय में 1500 और हेल्पर के 750 रुपये बढ़ोतरी करने की धोषणा की थी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने मार्च 2018 में विधानसभा के बजट सत्र में वर्कर को कुशल व हेल्पर को अकुशल श्रमिक के समान वेतन देने व इससे महंगाई भत्ते के साथ जोड़ने की धोषणा की थी। जिसे लागू नहीं किया गया। आंगनबाड़ी वर्कर्स 8 दिसंबर से हड़ताल पर हैं और 14 फरवरी से करनाल में महापड़ाव शुरू हो चुका है। लेकिन अहंकार में डूबी सरकार बातचीत तक करने को तैयार नहीं है।

# मासूम बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कैद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनआईटी** इलाके में स्थित एक मकान में घुस कर चार साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जैशमीन शर्मा की अदालत ने 20 साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला करीब साढ़े तीन साल से अदालत में विचाराधीन था।

अदालत में पेश मामले के मुताबिक एनआइटी की एक कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने यह मामला एनआईटी महिला थाना में 11 अगस्त 2018 को दर्ज कराया था। जिसमें उसने कहा था कि वह रिक्शा चलाकर परिवार का गुजारा चलाता है। उसके पड़ोस में उसकी साली का परिवार रहता है। साली और साढ़ू दोनों कंपनी में काम करते हैं। उनके काम पर जाने के बाद उनकी ढाई साल और चार साल की दोनों बेटियां उसके घर पर आ जाती है। 11 अगस्त को दोनों बच्चियां उनके घर पर टीवी देख रही थी। उसकी पत्नी किसी काम से गई थी। जबकि वह भी अपने काम पर गया हुआ था। तभी उनके मकान के ऊपर स्थित कमरे में रहने वाला आगरा निवासी नसीर खान उसके घर में घुस आया। उसने आते ही दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद मौके से फरार हो गया। जब वह घर लौट कर आया तो बच्ची रो रही थी। उसे खून से लथपथ देख वह सबकुछ समझ गया और उसने पुलिस से शिकायत कर दी। उस समय पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। मामला तभी से अदालत में विचाराधीन था। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई है।

# जल्द बनाएं निगम में शामिल गांवों का विकास रोडमैप : नागर

### विधायक राजेश नागर ने नगर निगम, बिजली व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक


गांव भतौला स्थित निवास पर अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी लेते विधायक राजेश नागर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिगांव** से विधायक राजेश नागर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर हाल ही में निगम में शामिल गांवों के विकास का रोडमैप बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह इन गांवों में सीवर, सड़क, पानी और बिजली की व्यवस्था बनाएं।

अपने भतौला स्थित निवास पर अधिकारियों के साथ बैठक में विधायक राजेश नागर ने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र के भतौला, तिलपत, मिर्जापुर, नीमका व अन्य गांवों को शहर जैसी सुविधाएं देना नगर निगम, बिजली निगम आदि विभागों की जिम्मेदारी है। विधायक ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर आया हूं, उन्होंने विकास कार्य के लिए पैसे की कमी न होने की बात कही है। उन्होंने पूरे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए भूरपूर धनराशि जारी करने की बात कही है। मुख्यमंत्री का तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विकास पर पूरा ध्यान है और वह हमारी मांग को प्राथमिकता से पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में सभी क्षेत्रों का समान विकास हो रहा है जिससे तिगांव समेत सम्पूर्ण हरियाणा के लोग मनोहर सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं।

विधायक राजेश नागर ने बैठक में जल जीवन मिशन के तहत डाले जा रहे सीवर लाइन की योजना को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में एसई ओमबीर, एक्सईएन ओमदत्त, रैनीवेल एसडीओ सुरेंद्र खट्टर, भाजपा नेता गिर्राज शर्मा रहे।

## वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने आरोपी परमजीत उर्फ सौरव को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी परमजीत उर्फ सौरव राजस्थानी झुग्गी एसजीएम नगर फरीदाबाद का रहने वाला है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने आरोपी परमजीत उर्फ सौरव को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर एनआईटी के एसजीएम नगर मौलाहोटल से थाना एनआईटी के क्षेत्र से चोरी हुई स्कूटी एक्टिवा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से 4 चोरी के मुकदमों का खुलासा हुआ है। आरोपी ने थाना एसजीएम, ओल्ड फरीदाबाद से मोटरसाइकिल और थाना एनआईटी, आदर्श नगर से स्कूटी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पहले भी चोरी के मुकदमों में जेल जा चुका है। आरोपी नशे का आदि है नशे की पूर्ती के लिए वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है।

# जेल के बंदियों के खोले जाएंगे बैंक खाते

### बंदियों को किया जाएगा पूर्ण रूप से साक्षर

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नीमका जेल में लगाया कैंप : सीजेएम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


नीमका जेल में आयोजित जगरुकता कैंप में शिरकत करते सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मंगलेश कुमार चौबे।

**जिला** एवं सत्र न्यायाधीश कम् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन वाईएस राठौर के दिशा दिशा निर्देश अनुसार शुक्रवार को नीमका जेल में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सीजेएम कम जागरुकता शिविर के नोडल अधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मंगलेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में यह जागरुकता कैंप आयोजित किया गया। मौके पर प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र गौतम, रामवीर तंवर, शिवकुमार, अनिल गुप्ता और संगीता मौजूद थे।

सीजीएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि यह में कानूनी जागरुकता कैंप आमजन को जागरूक करने में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि सरकार द्वारा देश के 75वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी नई दिल्ली के आदेश अनुसार पूरे भारतवर्ष में दो अक्टूबर 2021 से मनाया जा रहा है।

मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद का मकसद सभी लोगों को कानूनी तौर पर जागरूक कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का है। उन्होंने कहा कि यह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित यह जागरूकता कैंप आमजन को विभिन्न सरकारी विभागों से मिलने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं के सही क्रियान्वयन बारे कानूनी पहलुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी देने के लिए आयोजित किया गया है। विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्थानों पर लोगों को उनके विभाग द्वारा चलाई गई विभिन्न जान कल जनकल्याणकारी योजनाओं के कानूनी पहलुओं के बारे में जानकारियां दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ताओं तथा पूरी टीम के बेहतर तालमेल के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा आयोजित यह जागरुकता कैंप लोगों को जागरूक करने में कारगर सिद्ध होगा। कानूनी पहलुओं के बारे में विस्तार पूर्वक यह जानकारी दी गई कि किस प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को निशुल्क में कानूनी सहायता तथा गरीब परिवारों को स्वयं का न्यायालय में केस लड़ने के लिए केस की पैरवी के लिए मुफ्त में अधिवक्ता मुहैया करवा रहा है।

स्थानीय नीमका जेल में सीजेएम कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मंगलेश कुमार चौबे की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता कैंप में बंदियों को कानूनी अधिकारों और उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तार पूर्वक पैनल अधिवक्ताओं द्वारा जानकारी दी गई।

# आईटीआई में तकनीकी कोर्स का बढ़ेगा दायरा

### पीएमकेवीवाई के तहत आईटीआई में शुरू होंगे दो से छह महीने के कोर्स

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि प्रदेश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में करवाए जाने वाले कोर्सों की संख्या बहुत जल्द बढ़ने वाली है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर की आईटीआई में अभी तक 76 तरह के इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग कोर्स करवाए जा रहे हैं।

इनमें 6 महीने, एक वर्ष व दो वर्ष में पूरे होने वाले कोर्स शामिल हैं, लेकिन बहुत जल्द प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत आईटीआई में शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू होने जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि 2 से 6 महीने में पूरे होने वाले ये कोर्स पहले पीएमकेवीवाई के तहत प्राइवेट सेंटरों में होते थे। अब सरकार ने पीएमकेवीवाई को प्राइवेट सेंटरों की बजाय आईटीआई को सौंपने का फैसला लिया है।

केंद्र सरकार के अधिकारियों व देशभर से आईटीआई के जिला नोडल अधिकारियों के बीच हुई तीन दिन पहले वीडियो कांफ्रेंस में यह निर्णय लिया गया है। आईटीआई के अधीन कोर्स आने का ये रहा कारण पीएमकेवीवाई को आईटीआई के अधीन देने का सबसे बड़ा कारण यह रहा कि प्राइवेट सेंटरों में विद्यार्थियों को ट्रेनिंग देने के लिए आधुनिक उपकरण नहीं थे। जिस कारण विद्यार्थियों को अच्छा प्रशिक्षण नहीं मिल पाता था। करोड़ों रुपए की योजना होने के बावजूद युवा इससे लगातार दूरी बनाते जा रहे थे। प्रदेश में 414 आईटीआई हैं। सरकार अब राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) से जोड़ने जा रही है। इसके तहत ही पीएमकेवीवाई के कोर्स आईटीआई में शुरू होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कर्मियों से रुपये ठगने वाला गिरफ्तार


पुलिस कर्मी बन कर पैसा हड़पने के आरोप में गिरफ्तार गुलशन।

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेन्ट्रल मुकेश मल्होत्रा के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना पल्ला प्रबन्धक इंस्पेक्टर रणबीर सिंह की पुलिस टीम ने दिल्ली पुलिस कर्मी बनकर गाड़ी दिलाने के नाम पर एक लाख 24 हजार रुपये ठगने के मामले में आरोपी गुलशन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी गुलशन उत्तर प्रदेश के हाथरस जिला हाल कृष्णा कॉलोनी सेहतपुर फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी ने थाना पल्ला पुलिस कर्मीयों से दिल्ली पुलिस कर्मी बनकर पहले पहचान बनाई। फिर गाडी दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये नगद लिए। फिर 5-10 हजार करके कुल एक लाख 24 हजार रुपये हड़प लिए। आरोपी ने फोन उठाना बन्द कर दिया फिर फोन बन्द कर लिया। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि थाना पल्ला के पुलिसकर्मी नया पुल श्मशान घाट पर ट्रैफिक ड्यूटी लगती है। आरोपी गुलशन ने पुलिसकर्मियों को अपने आप को दिल्ली में पुलिसकर्मी बताया व फोन में पुलिस वर्दी में फोटो दिखाकर शिकायतकर्ता को पुलिसकर्मी होने का विश्वास दिलाया। आरोपी ने स्विफ्ट कार दिलाने के नाम पर संदीप से 50 हजार रुपये नगद और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए 49 हजार रुपये लिए और होमगार्ड सुभाष से 25 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से गाड़ी दिलाने के नाम पर लिए। शिकायतकर्ता संदीप और सुभाष की लिखित शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी गुलशन को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर सेहतपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी को आदालत में पेश कर मामले की गहनता से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### अपार मेले में शिक्षकों की समस्या का समाधान

**फरीदाबाद।** सेक्टर-28 के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपार मेले का आयोजन शुक्रवार को किया गया। अपार मेले में लेक्चर्स प्रेमचंद समेत 34 लेक्चर्स और एक प्रिंसीपल की समस्या का समाधान हुआ। जिसमें गांव अगवानपुर के सीनियर सेकंडरी स्कूल की प्रिंसीपल अनीता का दुखड़ा काफी गंभीर निकला। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने प्रिंसीपल को हर संभव मदद करने की बात कही है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का शिकार हो रहीं गांव अगवानपुर के सीनियर सेकंडरी स्कूल की प्रिंसीपल अनीता चोपड़ा खूब रोई। प्रिंसीपल ने शिक्षा अधिकारी को अपना दुखड़ा रोते हुए कहा कि अधिकारी मुनेश चौधरी के कारण उसके दो इंक्रीमेंट और एसीआर डी ग्रेड कर दी। ऐसे में मुझे न्याय दिलाया जाए। प्रिंसीपल को इस तरह रोते हुए देखकर अन्य लेक्चर्स और कर्मचारी भी भावुक हो गए। मुनेश चौधरी ने स्कूल का निरीक्षण किया तो उस स्कूल में कई खामियां बताकर प्रिंसीपल की गलत रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी। रिपोर्ट के आधार पर प्रिंसीपल की उस समय शिक्षा विभाग हरियाणा के डायरेक्टर राकेश गुप्ता के पास सुनवाई हुई। आरोप है कि राकेश गुप्ता ने उनकी शिकायत को अनसुना किया, जिससे की प्रिंसीपल के दो इंक्रीमेंट रोकने के साथ-साथ एसीआर को डी ग्रेड कर दिया। अधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद प्रिंसीपल की सुनवाई नहीं हुई। थक हार कर वह हाई कोर्ट की शरण में चली गई। प्रिंसीपल की ये सब सुनने के बाद शिक्षा अधिकारी के रोंगटे खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि स्कूल व विद्यार्थियों के लिए बेहतर कार्य करने वाली प्रिंसीपल को इस तरह के माहौल में कार्य करना पड़ रहा है। अधिकारियों के मनचाहे रवैये के कारण लेक्चर्स या प्रिंसीपल स्कूल या विद्यार्थियों पर कैसे ध्यान दे पाएंगे। शिक्षा अधिकारी ने प्रिंसीपल की हरसंभव मदद करने को कहा है।

### गलत तबादलों पर भड़के कर्मचारियों ने जमकर किया हंगामा

**फरीदाबाद।** बिजली निगम के सेक्टर-23 कार्यालय पर एचएसईबी वर्कर यूनियन के नेताओं ने सर्कल पर जमकर बवाल काटा। अपने जेई साथियों के साथ हुए निगम मैनेजमेंट के द्वारा हुए गलत बर्ताव और तबादले को लेकर भड़के यूनियन के नेताओं ने एनआईटी एक्सईन को यूनियन की ओर से अपना नोटिस दिया। कर्मचारियों ने एनआईटी फरीदाबाद डिवीजन के दफ्तर पर काफी देर तक नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और कहा कि जबतक इन जेईयों के तबादले रद्द नहीं किये जाते तब तक फरीदाबाद सर्कल हरेक बिजली दफ्तर पर सोमवार से विरोध को और तेज करते हुए प्रदर्शन होंगे। फरीदाबाद सर्कल के एसई ऑपरेशन के खिलाफ हल्ला बोलते हुए जबरदस्त नारेबाजी की। सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा ने कहा कि यदि इनके गलत तबादले नहीं रोके गए तो आने वाले सोमवार से निगम के सभी बिजली दफ्तरों पर इस विषय को लेकर के कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। अपने इन साथियों के साथ हुए अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा फिर इसके लिए चाहे कितनी लंबी लड़ाई ही क्यों ना करनी पड़े। मौके पर सन्तराम लाम्बा, सतीश छाबड़ी, लेखराज चौधरी, विनोद शर्मा, कर्मवीर, वेदप्रकाश, नरेंदर, कुलदीप शर्मा, अशोक राठी, परवीन, महेन्दर, राकेश, मुकेश धतीर आदि नेताओं सहित सैंकड़ों कर्मचारी इस रोष प्रदर्शन में मौजूद रहे।

### थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों का हुआ चेकअप

**फरीदाबाद।** भगवान महावीर हॉस्पिटल सेंट्रल ग्रीन फरीदाबाद में थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों के स्वस्थ चेकअप शिविर का आयोजन केयर फॉर थैलासीमिया द्वारा किया गया। अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली की डॉ. अमिता महाजन और उनकी टीम ने बच्चों का निरीक्षण किया। डॉ हिमानी और डॉ कुशाग्र ने बच्चों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। डॉ अमिता ने बच्चों को बताया कि वो सही समय पर रक्त चढ़वायें, सही समय पर दवा लें और समय समय पर टेस्ट कराते रहे। डॉ अमिता ने बच्चो के अभिभावकों को बताया की अब वो समय नहीं रह गया कि बच्चे उनके ऊपर बोझ हैं आज समय है थैलासीमिया ग्रस्त बच्चे कंधे से कन्धा मिला कर साथ दे रहे हैं बस बचपन में उनका ठीक से ध्यान दें। मौके पर जनवरी-फरवरी माह में पैदा हुए बच्चों का जन्मदिन मनाया। जिन बच्चों का जन्मदिन मनाया गया। उनमें लछमन, अभी, गौरव, अमन, आदित, शिवांगी, ज्याति, अंजलि थे। केयर फॉर थैलासीमिया की महासचिव सिम्मी कुमार ने बताया कि उनकी संस्था का प्रयास रहेगा की बच्चे हमेशा स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में हरीश रतरा, रविंद्र डुडेजा, जेके भाटिया की गरिमामय उपस्थितिथी रही।

### दो झपटमार बदमाश को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 85 की टीम ने दो स्नेचिंग के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी समीर फरीदाबाद के गांव खेडा सेक्टर 58 और सुलेन्द्र दिल्ली के मोल्ड बंद बदरपुर बोर्डर का रहने वाले हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच 85 की टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी समीर को चोरी की मोटरसाईकिल सहित तिलपत गांव से थाना पल्ला के चोरी के मुकदमे में और आरोपी सुलेन्द्र को सेक्टर-37 फरीदाबाद से थाना सेक्टर-31 के स्नेचिंग मुकदमे में गिरफ्तार किया है।

### इनामी बदमाश साथी के संग गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 की टीम ने 5 हजार के इनामी बदमाश अशोक को साथी अमित को गांजा सप्लायर के लिए फरीदाबाद के सोहना रोड, पर्वतीय कॉलोनी से काबू किया है। अशोक पलवल के काशीपुर हसनपुर गांव का और अमित उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में पिहुरा गांव का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी अशोक 14 दिसम्बर को गांजा सप्लाई करने के लिए फरीदाबाद आया था। आरोपी के बारे में पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई। सिपाही संजीत ने मोटरसाईकिल से आरोपी का पीछा किया और अलीपुर तिलौरी जमुना घाट पर आरोपी को काबू कर लिया। परन्तु आरोपी ने वहां पर मौजूद अन्य 3 साथियों को अपनी मदद के लिए बुला लिया और सिपाही संजीत पर डंडा और रॉड से हमला कर फरार हो गया। आरोपी द्वारा पुलिस पर जानलेवा हमला करने के विरूद्ध भूपानी थाना में शिकायत दर्ज कर लिया गया। अशोक पर पांच हजार रुपये का इनाम रखा गया। क्राइम ब्रांच टीम को सूचना मिली कि दोनों आरोपी ऑल्टो गाड़ी में गांजा की डिलीवरी देने जा रहे हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने सोहना रोड, पर्वतीय कॉलोनी में नाका लगा कर दोनों आरोपी को ऑल्टो गाड़ी से बरामद 2.584 किलोग्राम गांजा सहित काबू कर लिया।

## बच्चों की सुरक्षा
### सीट बेल्ट आवश्यक

**भारतीय** माता-पिता कारों व दोपहिया वाहनों में बच्चों की सुरक्षा के प्रति लापरवाह रहते हैं। 2019 में कोविड के पहले सड़क दुर्घटनाओं में 11,000 बच्चे मारे गए थे। यदि कारों में सुरक्षा बेल्ट होती तथा मोटरसाइकिलों व स्कूटरों में वे हेल्मेट लगाए होते तो उनकी जान बच सकती थी। अंततः सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने सही दिशा में कदम उठाते हुए दोपहिया सवार बच्चों की सुरक्षा हेतु कदम उठाए हैं। पीछे बैठने पर चार साल से कम आयु के बच्चों को अनिवार्य रूप से हेल्मेट तथा सुरक्षा बेल्ट का प्रयोग करना होगा। सुरक्षा बेल्ट वजन में हल्की, वाटरप्रूफ, कुशन वाली तथा 30 किलो भारवहन क्षमता वाली होनी चाहिए। यह बच्चे के लिए एक जोड़ा पट्टों से जुड़ी वेस्ट होनी चाहिए जो चालक के कंधे से बंधी हो। इस प्रकार बच्चे के धड़ का ऊपरी हिस्सा चालक के साथ सुरक्षित रूप से जुड़ा रहेगा। बच्चों को ले जाने वाले दोपहिया वाहनों की गति 40 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। क्रैश हेल्मेट अंतरराष्ट्रीय मानक के होने चाहिए। माता-पिता के साथ तीन या चार बच्चों के परिवार या दोपहिया वाहनों पर एक या दो बच्चों को देखना सामान्य बात है। नए नियमों के अनुसार एक दोपहिया वाहन पर केवल दो व्यक्ति होने चाहिए। इसका अर्थ है कि पिछली सीट पर बच्चे को पूरी सुरक्षा के साथ बैठाया जा सकता है, पर वह ड्राइवर व दूसरे वयस्क के बीच नहीं बैठेगा। मंत्रालय को यह मुद्दा स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि यह तर्क है कि पीछे बैठा व्यक्ति व आमतौर से बच्चे की



मां उसका ध्यान रखती है।

कुछ अन्य सावधानियां भी जरूरी हैं। बच्चे की सुरक्षा वेस्ट चमकदार रंग वाली होनी चाहिएताकि उसे रात में आसानी से देखा जा सके और अन्य वाहन चालक समझ सकें कि बच्चा यात्रा कर रहा है। वर्तमान समय में दोपहिया चालक शायद ही किसी ट्रैफिक नियम का पालन करते हैं और इससे भी बुरी बात है कि वे टेढ़े-मेढ़े तरीके से चलते हैं, बायें से ओवरटेक करते हैं तथा बच्चों को खतरे में डाल देते हैं। यात्रा करने वाले बच्चों पर नजर रखने के लिए मोटरवाहन चालकों हेतु एक राष्ट्रीय अभियान चलाना जरूरी है। नए नियमों का क्रियान्वयन एक कठिन काम है, पर इसकी शुरुआत होनी चाहिए। चारपहिया वाहनों में यात्रा करने वाले बच्चों की स्थिति और खराब है। पश्चिमी देशों में 12 साल से कम बच्चों को पिछली सीट पर नहीं बैठाया जा सकता है। वे सुरक्षा बेल्टें नहीं पहनते हैं तथा उनको आगे की सीट पर बिल्कुल नहीं बैठाया जा सकता है। भारत में आमतौर से देखा जाता है कि बच्चे अगली सीट से पिछली सीट पर कूदते रहते हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि माता-पिता ड्राइविंग करते समय शिशुओं व छोटे बच्चों को अपनी गोद में बैठा लेते हैं। बच्चों को खिड़की से बाहर हाथ या सिर निकालने से नहीं रोका जाता है। चलती कार में बच्चों के खड़े रहने पर खतरा और बढ़ जाता है। कोई इस बात पर विरले ही ध्यान देता है कि उनका धड़ सनरूफ से ऊपर निकला रहता है। स्कूली बच्चों को ले जाने वाले निजी वाहन उनके लिए और खतरा पैदा करते हैं। ये वाहन आमतौर से भीड़ से भरे रहते हैं और उनकी ड्राइविंग सुरक्षित नहीं होती है। बच्चों का जीवन बचाने के लिए वाहनों को नियंत्रित करने वाले समग्र नियम जरूरी हैं।

# यूक्रेन संकट से भारत के लिए सबक

यूक्रेन संकट वैश्विक भू-राजनीति के लिए परीक्षण वाला गुब्बारा है। दिल्ली को इस प्रकरण का गहन अध्ययन कर उपयुक्त सबक सीखने चाहिए।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



यूक्रेन पर रूसी हमले की बहु-प्रचारित तिथि 16 फरवरी थी। यह लोमहर्षक दिन बिना किसी हमले के बीतने के बाद दुनिया ने राहत की सांस ली है, हालांकि अभी हथियारों से लैस लगभग 1,30,000 रूसी सैनिक उसकी सीमाओं पर तैनात हैं। भविष्य चाहे जो हो, कम से कम अस्थाई रूप से तनाव घटा है, सैनिक पीछे हटे हैं तथा गंभीर टकराव की संभावना टली है। पहला राउंड रूस के पक्ष में है जिसने बिना एक भी गोली चलाए तत्कालीन टैक्टिल लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं। व्लादीमिर पुतिन ने निश्चित रूप से यूक्रेनवासियों में अपनी लोकप्रियता दिखा दी है। यह पुतिन का सुनियोजित पर खतरनाक दृष्टिकोण जिसमें उनका एक महत्वपूर्ण सह-अपराधी तथा समानरूप से तानाशाह चीन भी शामिल है।

शीतयुद्ध के ये दोनों विजेता अमेरिका नीत 'स्वतंत्र दुनिया' की घेराबंदी करना चाहते हैं। उनके प्रयास संप्रभु क्षमता को प्रभावित करने के लिए व्यापार, तकनीक तथा नस्ली क्रांतियों के माध्यम से संभावित सरकार परिवर्तन के रूप में सामने आए हैं। यूक्रेन पर दबाव डालने की पूर्व-भूमिका व्लादीमिर पुतिन व शी जिनपिंग के संयुक्त बयान से सामने आई थी जिसमें परस्पर संबंधों को 'शीत युद्ध युग के राजनीतिक व सैनिक गठबंधनों से श्रेष्ठ' बताए गए हैं तथा उल्लेखनीय रूप से यह भी कहा गया है कि दोनों के बीच 'सहयोग के कोई प्रतिबंधित क्षेत्र या सीमायें नहीं हैं।'

इसके कुछ सप्ताह पहले रूस-चीन की संयुक्त पहलकदमी स्पष्ट रूप से कजाखिस्तान में दिखी जहां विरोध को बर्बरता से कुचल दिया गया। इस पृष्ठभूमि में रूसी-चीनी संबंधों की प्रकृति तथा दृढ़ता भी सामने आई जो भारत के लिए लगातार चिन्ता का विषय बनी हुई है। भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई हिंसक झड़पों तथा लगातार जारी तनाव को देखते हुए देखना होगा कि भारत-चीन गतिरोध तथा संभावित टकराव पर रूस का क्या दृष्टिकोण होगा? क्या पुतिन अमेरिका के खिलाफ इस युद्ध में भारतीय आयाम की भी चिन्ता करेंगे क्योंकि दिल्ली इस क्षेत्र में अमेरिका का रणनीतिक सहयोगी तथा 'धुरी' है? आखिरकार दिल्ली की यात्रा पर आए रूसी विदेश मंत्री ने अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और भारत के चतुष्कोणीय संबंधों-क्वाड को एशियन नाटो कहा था। क्या यह चीन तथा अनैतिक रूप से लचीले रूस के बीच केवल परिस्थितिजन्य अवसरवादी गठजोड़ है? यदि रूटीन व्यवहारों पर ध्यान न दिया जाए तो दो तानाशाही देशों के बीच अविश्वास का काफी पुराना इतिहास है। उदाहरणार्थ चीन के विस्तारवादी 'नाइन डैश लाइन' फार्मूले में आर्कटिक में रूस के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र-ईईजेड के हिस्से को आच्छादित किया गया है। यह वियतनाम में रूसी गठजोड़ रोज़निफ्ट की स्थिति का भी विरोध करता है।

भू-राजनीति की वैश्विक शतरंज का मैदान पूरी तरह संप्रभु समझौतों से नहीं जुड़ता है, बल्कि इसके विपरीत इसमें एक प्रकार की 'शार्ट सर्किटिंग' संभव है। इसके साथ ही यह विरोधाभासों से भरा, परस्पर विरोधी मुद्दों व उद्देश्यों के साथ ही विशिष्ट क्षेत्रीय एजेंडों से प्रभावित होता है। यदि शाब्दिक रूप से देखा जाए तो यह असमान दृष्टिकोणों से भरा दिखता है। तुर्की नाटो का सदस्य है तथा उसकी भूमि पर अमेरिका का नाभिकीय अड्डा है, लेकिन इसके बावजूद उसने इनका उल्लंघन करते हुए रूसी एस-400 मिसाइलें खरीदी हैं।

भारत ने भी ये मिसाइलें खरीदी हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि नाटो में कोई विरोधाभास पेदा हुआ है या तुर्की पूरी तरह रूसी ब्लाक में शामिल होने जा रहा है। लेकिन यह एक पैंतरेबाजी से भरा लेनदेन है जो आंतरिक राजनीति से संचालित है तथा जिसका संबंध गैर-समाधित द्विपक्षीय, क्षेत्रीय, धार्मिक मुद्दों से है। राजनय पर आधारित संस्कृत ग्रंथ अर्थशास्त्र में कहा गया है कि 'दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है।' यह बात रूसी-चीनी निकटता से पैदा गत्यात्मकता पर सटीक बैठती है। इसी समयातीत विवेक का प्रदर्शन पश्चिमी शक्तियों तथा स्टालिन के संयुक्त सोवियत समाजवादी गणतांत्रिक संघ-सोवियत संघ के बीच द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी के खिलाफ असहज व अप्राकृतिक गठबंधन के रूप में सामने आया था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कोरियाई युद्ध के दौरान सोवियत संघ और चीन ने उत्तर कोरिया की सहायता की थी। इसी प्रकार सोवियत संघ ने मिस्र में कट्टर कम्युनिस्ट-विरोधी जमाल अब्दुल नासिर सरकार का समर्थन किया था ताकि अमेरिका की भूमिका को रणनीतिक रूप से कमजोर किया जा सके। इसे एक प्रकार से विरोधी-पहल कहा जा सकता है। यहां तक कि कम्युनिस्ट चीन के 'सदाबहार दोस्त' पाकिस्तान इस्लामी गणतंत्र से संबंध भी मूलभूत रूप से अप्राकृतिक हो सकते हैं, पर स्थिति के हिसाब से यह राजनीतिक पैंतरेबाजी दोनों के लिए लाभदायक है।

भारत के सरोकारों को इसी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। चीन के लिए यूक्रेन प्रकरण भविष्य में ताइवान के मामले में परीक्षण की तरह हो सकता है। इसके नतीजे से यह निर्धारित होगा कि भविष्य में ताइवान के मामले में क्या संभव होगा। इसके विपरीत अफगानिस्तान में अमेरिका की अपमानजनक स्थिति तथा मध्य पूर्व क्षेत्र में यथास्थिति बने रहने के बाद यूक्रेन की नाटकीय घटनाओं वर्चस्व, द्वि-ध्रुवीयता या बहु-ध्रुवीयता की शास्त्रीय परिभाषाओं की समाप्ति भी हो सकती है। इस प्रकार भू-राजनीति एक प्रकार से 'परिस्थितिजन्य ध्रुवीयता' की ओर बढ़ेगी जो गतिशील व परिस्थितिजन्य होगी तथा हमेशा उथलपुथल वाली स्थिति बनी रहेगी।


जहां तक भारत-रूस संबंधों की ऐतिहासिकता का सवाल है, दिल्ली ने तटस्थता बरत कर दोनों पक्षों को खुश किया है और यह समझदारी भरा निर्णय है। दिल्ली के बयान में बहुत संतुलित रूप से कहा गया है कि 'इस मुद्दे का समाधान केवल राजनयिक संवाद से ही हो सकता है।' इससे दिल्ली ने किसी को आहत नहीं किया है। लेकिन 'स्वतंत्र दुनिया' को इस बात पर पुनर्विचार तथा आत्मचिंतन करना चाहिए कि यूक्रेन व ताइवान जैसे भविष्य में आने वाले संकटों पर उसकी भावी प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव को देखते हुए बिखराव, समस्या टालने के प्रयास तथा 'स्वतंत्र दुनिया' की पहल पर गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा।

दिल्ली के लिए खासकर आने वाला समय बहुत सतर्कतापूर्ण राजनय का है। राजनय में व्यावहारिकता, पेशेवर दृष्टिकोण तथा व्यक्तिगत समीकरणों पर विश्वास के साथ ही उन नकारात्मक छवियों पर भी ध्यान देना होगा जो भारत की 'आंतरिक राजनीति' से पैदा होती हैं। इनके कारण हम अपरिहार्य रूप से पड़ोसियों से दूर होते हैं। यूक्रेन भू-राजनीति के लिए एक परीक्षण गुब्बारे की तरह है। नई दिल्ली को इस मामले में सावधानी से गौर करते हुए अपने सबक सीखने चाहिए।

# विदेशी व्यापार नीति के पुनरीक्षण का समय

"भारत के लिए विश्व और विकास के नए रास्ते के लिए अपने आख्यान को फिर से आकार देने का समय है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



भारत ने इस महीने के अंत तक संभावित औपचारिक समझौते के साथ संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक व्यापार जुड़ाव को अंतिम रूप दे दिया है। यह भारत को अपने भोजन और डेयरी उत्पादों के लिए मध्य पूर्व में बेहतर पहुंच प्रदान करेगा, जबकि भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए आसान वीजा मानदंडों के साथ कई बाधाओं को कम करेगा। यह भारत को खाड़ी के समृद्ध पेट्रोलियम संसाधनों तक महत्वपूर्ण पहुंच की अनुमति देगा जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह भारत द्वारा ऑस्ट्रेलिया के साथ एक समान व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब आता है, मार्च 2022 के लिए एक अंतरिम समझौता तैयार किया जा रहा है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डैन तेहान द्वारा घोषित, यह माल पर पारस्परिक रूप से सहमत कुछ श्रेणियों को कवर करने की संभावना है। , सेवाएं, सीमा शुल्क निकासी, बाजार पहुंच बाधाएं, आदि। यह लगभग दो वर्षों में एक व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए दोनों देशों के अंतिम घोषित लक्ष्य का पूर्वावलोकन है। जिन क्षेत्रों से लाभ मिल सकता है उनमें फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य देखभाल, खनन, शिक्षा, नवीकरणीय, रत्न और गहने, रक्षा और वस्त्र शामिल हैं। इसमें ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों और इसके विपरीत भारतीय छात्रों की पहुंच बढ़ाने की भी क्षमता है, जिससे दक्षिण में विकास के बड़े रास्ते भी खुलते हैं।

इसके अलावा विदेश मंत्री जयशंकर की दक्षिण-पूर्व एशिया की तीन-दिवसीय छोटी यात्रा है, जो फिलीपींस में शीर्ष नेतृत्व से मिलने के लिए ऑस्ट्रेलिया से अपनी वापसी यात्रा पर है। सुरक्षा, इंडो-पैसिफिक बेल्ट में समन्वय, स्वास्थ्य सेवा




में सहयोग, वैक्सीन अनुसंधान, रक्षा और समुद्री अधिकारों जैसे द्विपक्षीय हित के क्षेत्रों में सहयोग की गूंज फिलीपींस के साथ भारत के जुड़ाव में भी प्रतिध्वनित हुई। इन सभी गतिविधियों के लिए धुरी सुरक्षित, सुरक्षित, पारदर्शी, नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए गठबंधन भागीदारों को खोजने और मजबूत करने में निहित है। अमेरिका और यूरोप जैसी वैश्विक ताकतें भी इस क्षेत्र में एक सही संतुलन खोजने के लिए अपनी राजनयिक, रक्षा और सैन्य ताकत का पुनर्मूल्यांकन कर रही हैं। , अत्यधिक आक्रामक चीन द्वारा धमकी दी गई। यह याद नहीं किया जा सकता है कि बाहरी द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों के उदाहरणों में, भारत उभरते हुए प्रमुख समूहों में आक्रामक रूप से गहरी पैठ बनाने की कोशिश कर रहा है। क्वाड के साथ जुड़ने से कतराने के बाद, भारत ने आपसी हित के कई क्षेत्रों में समूह के साथ खेल में खुद को गहराई से फेंक दिया है, जबकि सावधानी से रक्षा व्यवस्था (जैसे औकस) में खींचे जाने से दूर रहना है। इसी तरह, भारत ने संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और इज़राइल जैसे इच्छुक पार्टियों के एक महत्वपूर्ण समूह से मिलकर पश्चिमी क्वाड को बुलाया है, जिसमें भारत ने शुरुआती प्रगति की है।

यह भारत की विदेश, व्यापार और आर्थिक नीति में एक बदलाव का प्रतीक है जो कोविड के बाद उभरती नई वैश्विक व्यवस्था में समायोजित करने के लिए तेजी से बदल रहा है। दुनिया ने महसूस किया है कि सूचना संचार प्रौद्योगिकी, और फार्मास्युटिकल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों सहित अधिकांश विनिर्माण जरूरतों के लिए चीन पर अधिक निर्भरता विनाशकारी हो सकती है। दूसरे, एक विश्व अर्थव्यवस्था महामारी से जूझ रही है और पर्यटन और नए अवसरों के लिए खुलने की प्रतीक्षा कर रही है। दुनिया भर में फैले भागीदारों का एक विविध समूह एक बेहतर बचाव है। तीसरा, अमेरिका द्वारा शुरू की गई परिवर्तन की हवाओं ने अफगानिस्तान से बाहर खींच लिया और यूक्रेन की सीमाओं पर रूस की सैन्य ताकत के प्रदर्शन के साथ, यूरोपीय शक्ति संरचनाओं को फिर से तैयार करने की दृष्टि से सभी को पुराने वैचारिक घनिष्ठ मित्रता से चिपके रहने के बजाय लचीला सहयोगियों की तलाश करने के लिए छोड़ दिया गया है।

यह भारत के लिए विश्व के लिए कथा को फिर से आकार देने और विकास के नए रास्तों पर नागरिकों के साथ फिर से जुड़ने का भी समय है। एक राष्ट्रवादी विदेश नीति को मतदाताओं को बेचना मुश्किल हो सकता है, लेकिन, हालांकि, कुछ जमीनी लाभ जैसे कि बढ़ी हुई संपत्ति और नौकरी के अवसर, विदेशों में काम करने के अवसरों के अतिरिक्त बोनस के साथ, घरेलू निर्वाचन क्षेत्र का प्रबंधन किया जा सकता है।

## आप की बात

### तटस्थ रहे भारत

**रूस** अगर यूक्रेन पर हमला करता है तो भारत को अपनी तटस्थता की नीति अपनाना चाहिए कारण भारत के लिए इस मामले में किसी की तरफ भी बोलना इधर कुआं, उधर खाई वाली स्थिति उत्पन्न होना है। आज के समय किसी का भी पक्ष लेना हमारे लिए उचित नहीं है? रूस भारत का 40- 50 साल पुराना एक ऐसा मित्र है जिसके साथ दगाबाजी करना भारत के लिए कतई संभव नहीं है भारत-रूस दोस्ती भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जमाने से जारी है तब उस समय यह सोवियत संघ हुआ करता था आज इसका विघटन हो चुका है एवं यह सोवियत रूस कहलाता है? आज रूस ही वह एक मात्र देश है जिसने हमेशा ही दुख के समय में भारत का दृढ़ता के साथ दोस्ताना निभाया है चाहे कश्मीर का मुद्दा हो या पाकिस्तान, चीन से लड़ाई का मुद्दा हो हमेशा रूस हमारा एकमात्र दोस्त रहा है जिसमें भारत की हर तरह से मदद की है। अमेरिका आज उम्मीद करता है कि भारत रूस के मामले उसका साथ देगा तब भारत को अपने हर तरह के हितों को ध्यान में रखते हुए ही कोई कदम उठाना चाहिए। भारत अमेरिका की दोस्ती के वर्षों को उंगली पर गिना जा सकता है।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### दोहरे मापदंड

**भारत** के छोटे-छोटे मुद्दों को कई बार पश्चिमी मीडिया बढ़ा-चढ़ाकर परोसती है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो भी भारतीय मुद्दों पर ज्ञान बघारने में पीछे नहीं हटते। किसान आंदोलन में भी उनका कहना था की शांतिपूर्ण आंदोलनों को कनाडा हमेशा समर्थन करता है। खालिस्तानी कट्टरवाद के भी ट्रुडो मुरीद हैं। लेकिन जब तलवार उनकी गर्दन पर आ लटकी तब वही शांतिप्रिय आंदोलन कष्टप्रद लगने लगे। उनको आंदोलनकारियों पर सख्ती का रुख अपनाने के लिए आपातकाल लगाना पड़ा। कनाडाई प्रधानमंत्री की नाकामी ही है की जनमानस को टीकाकरण के लिए न तो पूर्ण रूपेण जागरूक कर पाए और न ही टीके पर पूर्णरूप से आत्मनिर्भर बन पाए भले ही टीकाकरण की रफ़्तार अच्छी रही हो। तो वहीं कनाडा के ट्रक चालक अनिवार्य टीकाकरण को लेकर विरोध पर उतारू हो गए थे और निजता का हनन समझ रहे थे। वैश्विक स्तर पर डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं का इस अहिंसक कनाडाई आंदोलनकारियों को समर्थन मिला और अवांछित कोरोना प्रोटोकॉल को ख़त्म करने की सीख विश्व के अन्य देशों को भी मिलती दिख रही है। बहरहाल कनाडा को भी आंदोलन की पीड़ा समझ आ गई।

- **कृष्ण चंद्र त्रिपाठी**, रीवा

### कब तक सहेगी जनता?

**म्यांमार** में लोकतंत्र के साथ ही आम नागरिकों पर सैन्य प्रशासन की बर्बरता जारी है। 1 साल से अधिक समय से दहशत में जी रहे लोगों के हजारों आशियाने ध्वस्त कर प्रशासन ने जता दिया है कि लोकतंत्र और सैन्य प्रशासन में कितना अंतर है? इस मामले में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ का मौन दुखदाई है। आंकड़ों पर नजर डालें तो म्यांमार सैन्य प्रशासन की भयानक करतूतें सामने आती है। लोग बुनियादी आवश्यकताओं से पहले ही महरूम है अब उनके घरों को भी निशाना बनाया गया है। 4571 लोगों के घर ध्वस्त कर दिए जाने से वह किन हालातों में होंगे आसानी से समझा जा सकता है। सागैंग,चिन माग्वाय प्रांत में सबसे अधिक विध्वंसकारी मशीनें घरों पर घुमाई दी गई है। ऐसे हालातों के बावजूद दुनिया के देशों की प्रतिनिधि सभा संयुक्त राष्ट्र संघ और वैश्विक समुदाय का मुंह फेर कर बैठना ज्यादात्तियों को प्रोत्साहित कर रहा है। यह प्रवृत्ति वर्तमान कल्याणकारी राज्य के युग में कहीं से भी सहनीय नहीं मानी जा सकती है।

- **अमृत लाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**इस** जीत के साथ, हमें और अधिक विनम्र, अधिक मानवीय होना होगा। जरूरत के समय लोगों के साथ खड़ा होना होगा।।

- **तृणमूल कांग्रेस प्रमुख**
ममता बनर्जी

**हमारा** देश नाटो ट्रांस-अटलांटिक सैन्य गठबंधन की सदस्यता लेना जारी रखेगा।

- **व्लादीमायर जेलेंस्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति





**हमारी** सरकार किसान समर्थक है। इसलिए हमने संसद में इन कृषि कानूनों को रोकने की कोशिश की।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

पायनियर
उत्तर प्रदेश चुनाव





कानपुर कैंट सीट पर कांग्रेस के मौजूदा विधायक सोहिल अख्तर अंसारी फिर मैदान में

# कांग्रेस को 2017 की जीत दोहराने की उम्मीद

● बीजेपी के गढ़ में सेंध लगाकर कांग्रेस ने कब्जाई थी यह सीट

विवेक श्रीवास्तव। लखनऊ

**बीते** विधानसभा चुनाव में भाजपा की जबरदस्त आंधी के बावजूद कांग्रेस ने भगवा किले में सेंधमारी करते हुए कानपुर की कैंट सीट पर अपना कब्जा जमाया था। इस चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर विधायक सोहिल अख्तार अंसारी एक बार फिर कानपुर कैंट सीट से चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस को इस सीट पर 2017 की जीत फिर से दोहराने की पूरी उम्मीद है।



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण में 20 फरवरी को जिन 59 सीटों पर मतदान होना है उनमें सिर्फ कानुपर कैंट सीट पर ही कांग्रेस का कब्जा है। कानपुर कैंट विधानसभा सीट से 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने रघुनंदन सिंह भदौरिया को ही उम्मीदवार बनाया था। सोहिल अख्तर अंसारी ने रघुनंदन सिंह भदौरिया को पराजित करके यह सीट कांग्रेस के खाते में डाल दी थी। उन्होंने भदौरिया को 9364 वोटों के अंतर से हराया था। बसपा के नसीद अहमद तीसरे स्थान पर रहे थे।

कांग्रेस ने जहां फिर से सोहिल अख्तर अंसारी को टिकट दिया है वहीं भाजपा ने भी रघुनंदन सिंह पर ही भरोसा जताया है। समाजवादी पार्टी ने अपने वरिष्ठ नेता मोहम्मद हसन रूमी को एक बार फिर कानपुर कैंट से अपना प्रत्याशी बनाया है। 2017 में वह चौथे नंबर पर रहे थे। बहुजन समाज पार्टी ने इस बार मोहम्मद सफी खान को टिकट दिया है। कैंट सीट कानपुर नगर के शहरी इलाके की विधानसभा सीट है। इसी विधानसभा क्षेत्र में कानपुर स्थित सेना की छावनी आती है तो साथ ही कई पॉश इलाके भी हैं। एक समय इसे पूर्व का मैनचेस्टर कहते थे। कानुपर कैंट क्षेत्रफल और जनसंख्या के लिहाज से देश का सबसे बड़ा कैंट क्षेत्र है। कानपुर कैंट विधानसभा सीट के सामाजिक समीकरणों की बात करें तो इसकी गिनती मुस्लिम मतदाताओं की बहुलता वाली सीटों में होती है। कानपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र में अनुमानत: करीब 40 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं जो चुनाव का रुख तय करते हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाता भी अच्छी तादाद में हैं।

चुनावी अतीत को देखें तो साल 1974 में इस विधानसभा सीट पर पहली बार चुनाव हुए थे। शुरुआत में यहां कांग्रेस का वर्चस्व रहा। साल 1991 से 2012 तक इस सीट पर भाजपा का एकछत्र राज रहा। 2007 तक यहां से सतीश महाना लगातार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचते रहे। साल 2012 में भाजपा ने यहां से रघुनंदन सिंह भदौरिया को टिकट दिया और उन्होंने भी कानपुर कैंट से जीत की परंपरा को बरकरार रखा लेकिन 2017 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा को राज्य में प्रचंड बहुमत मिला तो कांग्रेस प्रत्याशी ने भदौरिया को पराजित करके सीट अपने नाम कर ली। कानपुर कैंट विधानसभा सीट से विधायक और इस बार फिर कांग्रेस के उम्मीदवार सोहिल अख्तर अंसारी का दावा है कि उनके कार्यकाल में जितने विकास कार्य कराए गए हैं, उतने पहले कभी नहीं हुए।

# सिराथू से निर्दलीय प्रत्याशी छेदू अनोखे चुनाव प्रचार से आकर्षण का केंद्र बने

भाषा। कौशाम्बी

**न इधर** देखो, न उधर देखो, 2022 में छेदू को देखो। निर्दलीय उम्मीदवार की गर्दन पर लटकी एक धातु की चादर पर लिखा यह संदेश सिराथू के व्यस्त बाजार में लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ हैं। छेदू जैसे ही एक छोटे आकार के ड्रम को बजाकर वोट मांगते हैं, वह युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं।



छेदू उप्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा उम्मीदवार केशव प्रसाद मौर्य और सपा-गठबंधन की उम्मीदवार पल्लवी पटेल के खिलाफ सिराथू सीट से मौजूदा विधानसभा चुनाव चुनाव लड़ रहे हैं। कौशाम्बी पहली बार आने वाले लोगो के लिए 51 वर्षीय प्रत्याशी छेदू की आवाज बॉलीवुड के अनुभवी चरित्र कलाकार ओम प्रकाश के समान लगती हैं। भवन निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली कन्नी से छेदू अपनी गर्दन में लटकते हुए एक ड्रम को बजाते हुए जनता को अपना संक्षिप्त परिचय देते हैं, फिर लोगों से विधानसभा चुनाव में उन्हें वोट देने का आग्रह करते हैं। छेदू खुद को अनपढ़ बताते हैं, लेकिन उर्दू में हस्ताक्षर कर सकते है। 51 वर्षीय निर्दलीय उम्मीदवार अपना परिचय संगीतमय तरीके से देते हुए कहते हैं, "मैं पिछले 22 वर्षों से चुनाव लड़ रहा हूं। मैं एक पुराना उम्मीदवार हूं, जिसने तीन बार विधानसभा चुनाव लड़ा है। इसके अलावा छेदू दो बार लोकसभा चुनाव, जिला पंचायत चुनाव और ब्लॉक स्तरीय चुनाव भी लड़ चुके हैं। दो बेटे और एक बेटी के पिता छेदू के पास 20,500 रुपए की चल संपत्ति है। उनकी पत्नी उर्मिला के पास भी 20,500 रुपए की चल संपत्ति है। छेदू के पास 1,50,000 रुपए का कच्चा घर है। वह जीवन यापन के लिए बर्तन बेचते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें विश्वास है कि वह एक विधायक के रूप में चुने जाएंगे। छेदू ने जवाब दिया कि अगर नारायण की कृपा रही तो यह होगा। छेदू शराब, धूम्रपान, जुआ और मांसाहार से दूर रहते हैं, लेकिन पान खाने की बात मानते हैं। वहां मौजूद कुछ लोगो ने कहा कि वे उनका समर्थन करेंगे, इस पर यह निर्दलीय उम्मीदवार मुस्कुराने लगा। वहां मौजूद अमर सिंह ने कहा कि छेदू को एक बार मौका मिलना चाहिए। उमेश मिश्रा ने भी कहा कि वह छेदू का समर्थन करेंगे। राजेश कुमार ने कहा कि छेदू का मजबूत पक्ष उनका दृढ़ संकल्प है।

# बुर्का पहन भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार कर रही हैं निदा खान

भाषा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए बुर्का पहने 27 वर्षीय एक महिला प्रचार कर रही है। यह महिला तीन तलाक पीड़िता है और मुस्लिम महिलाओं को राज्य में भाजपा द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के बारे में जानकारी दे रही है।




इनका नाम है निदा खान। निदा ने विधानसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण में भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया है और अगले चरण के चुनाव के लिए प्रचार में शामिल होने के लिए तैयार हैं। रूढ़िवादी परिवार से ताल्लुक रखने वाली निदा पार्टी के प्रचार के दौरान बुर्का पहनती हैं। चुनाव प्रचार के दौरान उनके साथ आमतौर पर भाजपा की महिला सदस्य और पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की सदस्य होती हैं। इस वर्ष पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में शामिल हुईं निदा ने बताया, मैंने घर-घर जाकर प्रचार किया है और मेरठ और बरेली में भाजपा उम्मीदवारों के लिए महिला मतदाताओं के साथ छोटी बैठकें की हैं। मैं बाद में मध्य और पूर्वी जिलों में भी पार्टी के प्रचार अभियान में शामिल होऊंगी। निदा ने बताया, हम छोटे समूहों में घर-घर प्रचार करने के लिए जाते हैं और एक दिन में अधिक से अधिक महिला मतदाताओं से मिलने की कोशिश करते हैं। महिला मतदाताओं से मिलने पर, मैं उन्हें भाजपा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताती हूं। उन्होंने बताया कि ए समूह आमतौर पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में प्रचार करते हैं। भाजपा में शामिल होने के कारणों के बारे में पूछे जाने पर निदा ने बताया, मैंने महसूस किया है कि सभी राजनीतिक दल चाहे वह समाजवादी पार्टी हो, कांग्रेस हो या बहुजन समाज पार्टी (बसपा) हो, सभी मुसलमानों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करते हैं। वे सत्ता में आने के लिए हमारे वोट लेते हैं, और फिर अगले पांच वर्षों के लिए हमें भूल जाते हैं। यही कारण है कि मुस्लिम समुदाय हमारे समाज में सबसे कम विकसित समुदायों में से एक है। हालांकि, भाजपा में यह नहीं है, यहां सभी को समान माना जाता है। यह पूछे जाने पर कि उत्तर प्रदेश में भाजपा ने किसी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया,इस पर उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि टिकट वितरण का निर्णय भाजपा में सिर्फ वोट बैंक के आधार पर नहीं बल्कि योग्यता के आधार पर किया जाता है। मुझे यकीन है कि पार्टी को मुस्लिम समुदाय से उपयुक्त उम्मीदवार मिलेंगे, जिन्हें भविष्य में चुनावों में टिकट मिलेगा। कानून की पढ़ाई करने वाली निदा 2017 में अपने पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ घरेलू हिंसा और दहेज की शिकायत दर्ज कराने के बाद सुर्खियों में आईं। उन्होंने आरोप लगाया था कि बरेली के एक प्रभावशाली परिवार से आने वाले उसके पति ने उन्हें तीन तलाक दे दिया। इन मामलों की सुनवाई बरेली की स्थानीय अदालतों में चल रही है। निदा ने बताया, मेरी शादी के ठीक बाद मुझे जो उत्पीड़न झेलना पड़ा, उसने मुझे अन्य मुस्लिम महिलाओं के लिए लड़ने की ताकत दी, जो एक बार में तीन तलाक और दहेज की शिकार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र द्वारा पारित तीन तलाक विरोधी कानून और उत्तर प्रदेश सरकार का अवैध धर्म परिवर्तन कानून मुस्लिम महिलाओं और समाज के लिए वरदान है। उन्होंने कहा, मैं चाहती हूं कि मुस्लिम समुदाय की महिलाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के अच्छे कामों को समझे।

# पांच सीटों पर बाहरी के अलावा बाकी पर बसपा को नये चेहरों से आस

● सपा के लिए बेहद अहम है, अखिलेश, शिवपाल और सतीश महाना है मैदान में

सतीश सिंह। लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव 2022 के अन्तर्गत तीसरे चरण के चुनाव को लेकर शुक्रवार को चुनाव प्रचार का शोर थम गया। समाजवादी पार्टी के लिए यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस चरण में सपा के गढ़ में चुनाव है। तीसरे चरण में करहल से सपा प्रमुख अखिलेश यादव-प्रो एसपी सिंह बघेल, जसवंतनगर से शिवपाल यादव, महराजपुर से सतीश महाना, सादाबाद से रामवीर उपाध्याय के अलावा मुलायम सिंह यादव के समधी हरिओम यादव सिरसागंज से, पूर्व आईपीएसअसीम अरूण कन्नौज के अलावा फर्रुखाबाद से लुईस खुर्शीद मैदान में है। वहीं यह चरण बसपा के लिए भी कुछ करने की चुनौती है तो भाजपा के सामने इतिहास दोहराने की चुनौती है।



लुईस खुर्शीद



यशपाल सिंह यादव

तीसरे चरण के अन्तर्गत 16 जिलों की 59 सीटों पर 20 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर सभी दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है। मैदान में 627 उम्मीदवार हैं। पिछले चुनाव में भाजपा ने यहां से 49 सीटें जीती थी। जबकि सपा को 6 और कांग्रेस तथा बसपा को एक-एक सीट मिली थी। वहीं 13 सीटें ऐसी रहीं जहां बसपा दूसरे नंबर पर रही। टिकट बंटवारें में इस बार सपा के बागियों की पसंद बसपा रही है। जिसको देखते हुए पांच सीटों पर बसपा ने सपा से आये हुए लोगों को टिकट दिया है। इनमें प्रो. रामगोपाल यादव के करीबी रहे कुलदीप गुप्ता को इटावा सदर से, चन्द्रभूषण बुंदेला को ललितपुर से, पूर्व विधायक अजय यादव को एटा से, फिरोजाबाद से पूर्व विधायक अजीम भाई की पत्नी शाजिया हसन और पूर्व विधायक गोपाल साहू के भाई संजय साहू को महोबा से टिकट दे रखा है। ऐसे में इस बार यह प्रत्याशी सपा के लिए जीत की राह में मुसीबत बन रहे हैं। वहीं बाकी बची सीटों पर दलित-ब्राह्मण- मुस्लिम समीकरण को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने नये चेहरों को टिकट दिया है। चूंकि यादव बाहुल्य इलाकों में यादव मतदाताओं की संख्या को देखते हुए बसपा ने इस चरण में बड़ी संख्या में दलित उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। चाहे वह अखिलेश यादव के खिलाफ हो या शिवपाल यादव के खिलाफ। पिछले चुनाव में एक सीट पाने वाली बसपा के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए पार्टी का पूरा ध्यान बागियों की सीट के साथ उन सीटों पर भी नजर है, जिन पर वह दूसरे नंबर पर आई थी।

## 38 फीसद उम्मीदवार इंटर पास

**तीसरे** चरण में लड़ रहे उम्मीदवारों में 38 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है। जबकि 57 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की हैं। 5 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की हैं। वहीं 13 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और 5 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित की है। 4 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता घोषित नहीं की है।

## तीसरे चरण में 22 फीसद अपराधिक छवि वाले, लुईस खुर्शीद पहले नम्बर पर

**इस** चरण में तकरीबन 22 फीसद दागी उम्मीदवार मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलों में पहले स्थान पर फर्रुखाबाद से कांग्रेस के उम्मीदवार लुईस खुर्शीद हैं। जिनके ऊपर 17 मामले दर्ज हैं। दूसरे स्थान पर फिरोजाबाद से समाजवादी पार्टी के सैफुर्रहमान उर्फ छुट्टन भाई है, जिनके ऊपर 12 मामले और तीसरे स्थान पर समाजवादी पार्टी के एटा विधानसभा क्षेत्र से जुगेन्द्र सिंह यादव जिनके ऊपर11मामले दर्ज है।

## 39 फीसद धनकुबेर मैदान में यशपाल यादव पहले स्थान पर

**तीसरे** चरण में 39 फीसद करोड़पति उम्मीदवार मैदान में है। शीर्ष 3 उम्मीदवारों में से पहले स्थान में समाजवादी पार्टी के जनपद झाँसी से बबीना विधानसभा से उम्मीदवार यशपाल सिंह यादव है जिन्होने अपनी संपत्ति 70 करोड़ बतायी है। दूसरे स्थान पर किदवई नगर विधानसभा सीट से कांग्रेस के अजय कपूर है। जिनकी संपत्ति 69 करोड़ हैं। वहीं तीसरे स्थान पर कांग्रेस के आर्यानगर से प्रमोद कुमार है जिन्होने अपनी संपत्ति 45 करोड़ बतायी है।



प्रयागराज में उप्र विधान सभा चुनाव के लिए ईवीएम संचाचित करने की ट्रेनिंग लेते मतदान अधिकारी

# मतदाताओं की चुप्पी रच सकती है नया इतिहास

श्वेतांक अरूण तिवारी। कन्नौज

विधानसभा चुनाव

● मतदाता दे रहा हर प्रत्याशी को अश्वासन पार्टी के सिपहसालारों ने संभाला है मोर्चा

● प्रतिष्ठा वापस पाने के लिए सपा प्रयासरत भाजपा क्लीन स्वीप के लिए तैयार

**विधानसभा** चुनाव के लिए आज मतदान होना है वहीं मतदाताओं ने मतदान से पहले चुप्पी साध रखी है। हर पार्टी ने प्रचार के माध्यम से मतदाताओं को रिझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड रखी है। भविष्य के लिए किए जा रहे उन वादों पर मतदाता भरोसा कर सकेगा।वर्ग विशेष के लिए जो वादे किए जा रहे है।क्या उन वादों पर वर्ग विशेष भरोसा जताऐगा। ऐसे कई ज्वलंत प्रश्न जों कि भविष्य की गर्त में छुपे है।उन प्रश्नों के उत्तर स्वयं मतदाता के पास भी नहीं है। चुनाव आयोग की सख्ती के चलते मतदाताओं को दिए जाने वाले प्रलोभनों को आचार संहिता की रस्सी से बांध रखा था। वरना कुछ मतदाताओं का प्रतिशत रातों रात किसी एक प्रत्याशी पक्ष में जा सकता था। मतदाता ने अपने को एक कवच में बंद कर रखा है।मतदान के दिन ही मतदानस्थल पर पहुंच कर अपना मत देकर अपनी चुप्पी तोड़ेगा। मतदाताओं की चुप्पी पार्टियों के लिए परेशानियों का सबब बनी हुई है। केवल आंकड़ों को लेकर हर कोई अपनी जीत पक्की मान रहा है। वहीं जिले की तीनों सीटें सपा के लिए प्रतिष्ठा बन चुकी है। इसे जीतना ही पार्टी का ध्येय है। कन्नौज जिला समाजवादी विचारधारा के जनक राम मनोहर लोहिया के जमाने से सपा का गढ़ है। उनके बाद विरासत सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने संभाली थी। वह यहां से हटे तो उनके बेटे मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गढ़ को बरकरार रखा। 2012 में मुख्यमंत्री बनने के बाद अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव यहां निर्विरोध चुनी गई। इसके बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में वह फिर से जीती और सपाई गढ़ में किसी की सेंध नहीं लग सकी।

## पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ध्वस्त किया था गढ़

**2017** तक कन्नौज समाजवादी पार्टी का गढ़ हुआ करता था लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव के परिणामों में जनता ने भाजपा को चुना और तीन में दो विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी अर्चना पाण्डेय व कैलाश राजपूत को विधायक चुनाव। हालांकि कन्नौज सदर बचाने में सपा कामयाब रही और उनके प्रत्याशी अनिल दोहरे ने जीत की हैट्रिक लगाई। इस बार भाजपा ने कन्नौज सदर से नए चेहरे को उतारा है। भाजपा जहां कन्नौज जिले की तीनों सीटों पर क्लीन स्वीप करने का दावा कर रही है वहीं समाजवादी पार्टी अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा बापस पाने के लिए प्रयासरत है। वहीं जातिगत समीकरणों के मकड जाल में हर प्रत्याशी इस कदर उलझा है। कि परिणामों के प्रति इन समीकरणों का मूल्य को नजरअंदाज नहीं कर पा रहे है। कन्नौज के मतदाता सबसे बडा मुददा बिजली,पानी,विकास को मानते है।विकास का मुददा हर मुददे पर भारी नजर आता है। मतदाता अपनी चुप्पी तोड़ने के मूड में नहीं है। प्रत्याशियों के दिलों की धड़कने लगातार बढ़ रही है।

विशेषअदालत ने पत्र के हवाले से कहा

# आरोपी देश में अराजकता फैलाना चाहते थे

**एल्गार परिषद मामला**

**भाषा** । मुंबई

**मुंबई** में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने एल्गार परिषद-माओवादी मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि तीनों आरोपियों ने प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अन्य सदस्यों की मदद से देश में अराजकता पैदा करने और केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए गंभीर षड्यंत्र रचा।

अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद एक पत्र से प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि भाकपा (माओवादी) देश में मोदी राज को समाप्त करने पर आमादा था और वे प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो को निशाना बनाकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या जैसी घटना को अंजाम देने के बारे में भी सोच रहे थे। इस मामले में गिरफ्तार सागर गोरखे, रमेश गाइचोड़ और ज्योति जगताप को सोमवार को एनआईए की विशेष अदालत के न्यायाधीश डी ई कोठालिकर ने जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत का विस्तृत आदेश बृहस्पतिवार को उपलब्ध कराया गया। तीनों आरोपी कबीर कला मंच के सदस्य हैं।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड में रखे गए पत्रों और दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि जमानत के सभी तीनों आवेदकों ने प्रतिबंधित संगठन के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर पूरे देश में अशांति पैदा करने और सरकार को राजनीतिक रूप से अस्थिर करने के लिए एक गंभीर साजिश रची थी।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद कागजात प्रथम दृष्टया यह दर्शाते हैं कि आरोपी न केवल प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के सदस्य थे, बल्कि वे संगठन के उद्देश्य से आगे की गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे, जो राष्ट्र के लोकतंत्र को उखाड़ फेंकने के अलावा और कुछ नहीं है। अदालत ने पत्रों और दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि भाकपा (माओवादी) देश से मोदी राज को समाप्त कराने पर आमादा था और वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को निशाना बनाकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या जैसी घटना को अंजाम देने के बारे में भी सोच रहे थे।

एनआईए अदालत ने कहा, यदि इन आरोपों को उस मामले में उचित परिप्रेक्ष्य में ध्यान में रखा जाता है, तो यह निष्कर्ष निकालने में कोई झिझक नहीं होगी कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला है कि उन्होंने भारत की एकता, अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता को खतरे में डालने या संभावित रूप से खतरे में डालने के इरादे से कार्य किया है। इसके अलावा आरोपियों ने किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों की हत्या करके अथवा उन्हें घायल करके भारत में लोगों के एक वर्ग में आतंक फैलाने के इरादे से काम किया।

## न्यायालय ने बीएमसी में सीटें बढ़ाने की अधिसूचना के खिलाफ याचिका खारिज की

**नई दिल्ली** । उच्चतम न्यायालय ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में नौ सीटों की वृद्धि को अधिसूचित करने वाले महाराष्ट्र सरकार के अध्यादेश को चुनौती देने वाले भारतीय जनता पार्टी के दो पार्षदों की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ भाजपा नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की इस दलील से सहमत नहीं हुई कि वार्ड की संख्या बढ़ाने की शक्ति का प्रयोग निर्वाचन आयोग को करना है न कि नगर निकाय को वह भी एक अध्यादेश के जरिए। रोहतगी ने कहा कि पिछली उपलब्ध जनगणना 2011 की है और उसके आधार पर 2011 तथा 2017 में बीएमसी के लिए दो चुनाव हुए और वार्ड की संख्या 227 से बढ़ाकर 236 करना वैध नहीं है।

## अमित शाह ने जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली** । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में शुरू की गई विकास पहलों के साथ-साथ वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे और केंद्र सरकार तथा केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गृह मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा सहित जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। शाह ने केंद्रशासित प्रदेश में शुरू की गई विकास पहलों में हुई प्रगति का भी जायजा लिया।



नई दिल्ली में प्रो डिफेंस की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# भगत सिंह को भी आतंकवादी कहा गया था

**●दो राष्ट्रीय दल सुरक्षा के साथ मजाक कर रहे**

**भाषा** । चंडीगढ़



**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के एक पूर्व नेता के इन आरोपों को हास्यास्पद करार दिया कि उन्होंने अलगाववादी बयान दिए थे। साथ ही, दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल और अस्पताल बनाने वाले शायद वह दुनिया के सबसे प्यारे आतंकवादी हैं। केजरीवाल, पंजाब में अलगाववादियों का समर्थन करने के, आप के पूर्व नेता एवं कवि कुमार विश्वास के आरोपों को लेकर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के हमलों का सामना कर रहे हैं। आप, पंजाब में सत्तारूढ़ कांग्रेस को मुख्य चुनौती देने वाली पार्टी के रूप में उभरी है। राज्य में 20 फरवरी को विधानसभा चुनाव हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां तक कि अंग्रेजों ने भगत सिंह को आतंकवादी कहा था लेकिन देश जानता है कि उनसे बड़ा देशभक्त कोई नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि सौ साल पहले, अंग्रेजों ने भगत सिंह को आतंकवादी कहा था और 100 साल बाद, इतिहास खुद को दोहरा रहा है, जब ए सभी (प्रतिद्वंद्वी) दल भगत सिंह के अनुयाई (केजरीवाल) को आतंकवादी साबित करना चाहते हैं, लेकिन लोग हकीकत जानते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के नेताओं और इनके सहयोगी दलों ने विश्वास के आरोपों को लेकर उन्हें निशाना बनाने के लिए हाथ मिला लिया है। उन्होंने विश्वास के आरोपों को हास्यास्पद करार दिया। केजरीवाल ने बठिंडा में संवाददाताओं से कहा कि नरेंद्र मोदी, प्रियंका गांधी वाद्रा, चरणजीत सिंह चन्नी, सुखबीर सिंह बादल, अमरिंदर सिंह, नवजोत सिंह सिद्धू, सभी अब आरोप लगा रहे हैं कि पिछले 10 वर्षों से केजरीवाल देश को दो हिस्सों में तोड़ने की साजिश रच रहे हैं तथा एक हिस्से का प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं।

केजरीवाल ने कहा कि यदि उनके दावों पर यकीन करें तो मैं एक बड़ा आतंकवादी हूं। यदि कोई उनके तर्क को मानेगा, तो उनकी एजेंसियां क्या कर रही हैं? पहले (केंद्र में) कांग्रेस का शासन था और अब सात वर्षों से भाजपा सत्ता में है। क्या वे सभी सो रहे हैं। आप नेता ने विश्वास और अन्य नेताओं के आरोपों को कॉमेडी करार दिया। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें बीती शाम यह पता चला कि चन्नी (पंजाब के मुख्यमंत्री) को केंद्र से एक कॉल आया, जिसमें कहा गया कि विषय (अलगाववादियों का समर्थन करने के आरोप) की जांच होनी चाहिए उन्होंने कहा कि एक अधिकारी ने मुझसे कहा कि अगले एक-दो दिनों में एनआईए मेरे खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज करेगी। ऐसी सभी प्राथमिकियों का स्वागत है, लेकिन यदि केंद्र सरकार इस तरीके से राष्ट्रीय सुरक्षा से निपटती है तो यह चिंता का विषय है। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विश्वास के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। केजरीवाल ने कहा कि दो राष्ट्रीय दल राष्ट्रीय सुरक्षा का मजाक उड़ा रहे हैं। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, शायद, मैं दुनिया का सबसे प्यारा आतंकवादी हूं, जिसने स्कूल, अस्पताल बनाए हैं, सड़कें बनाई हैं, सड़कें और बिजली आपूर्ति बेहतर की है तथा बुजुर्गों को तीर्थयात्रा पर भेजा है। ऐसा आतंकवादी कभी पैदा नहीं हुआ होगा। आप पूरा क्रम समझिए। राहुल गांधी ने पहले (विश्वास के बयान के बाद) आरोप लगाए, फिर प्रधानमंत्री ने, उनके बाद प्रियंका और सुखबीर ने मेरे खिलाफ उसी भाषा का इस्तेमाल किया।

## ईश्वरप्पा को बर्खास्त करने की मांग को लेकर कांग्रेस विधायकों ने किया हंगामा

**भाषा** । बेंगलुरू

**कर्नाटक** के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के. एस. ईश्वरप्पा द्वारा राष्ट्र ध्वज के संबंध में दिए गए कथित बयान को लेकर उन्हें बर्खास्त करने की मांग कर रहे कांग्रेस विधायकों के हंगामे के बाद राज्य विधानसभा की कार्यवाही सोमवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही सुबह 10 बजे शुरू होनी थी, लेकिन कांग्रेस सदस्यों की नारेबाजी के चलते इसमें करीब दो घंटे का विलंब हुआ।

## पंजाब में भाजपा नीत गठबंधन को सत्ता में लाएं : सिरसा

**नई दिल्ली** । भाजपा ने शुक्रवार को पंजाब की जनता से एक डबल इंजन सरकार के लिए उसके नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता में लाने की अपील की, ताकि ड्रग्स, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की समस्या को दूर किया जा सके और राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस को हराने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा सिख समुदाय के लिए किए गए कार्यों का हवाला दिया।

# सीबीआई ने एनएसई के पूर्व सीईओ चित्रा रामकृष्ण से की पूछताछ

**भाषा** । नई दिल्ली

**सीबीआई** ने शुक्रवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चित्रा रामकृष्ण से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि एनएसई में को-लोकेशन सुविधा के कथित दुरुपयोग को लेकर जारी जांच से जुड़े नए तथ्यों के प्रकाश में आने पर यह पूछताछ की गई।

जांच एजेंसी ने रामकृष्ण और एक अन्य पूर्व सीईओ रवि नारायण और पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) आनंद सुब्रमण्यन के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर भी जारी किया है, ताकि उन्हें देश छोड़ने से रोका जा सके। केंद्रीय जांच एजेंसी ने स्टॉक मार्केट में जल्दी पहुंच बनाकर लाभ कमाने के लिए एनएसई की को-लोकेशन सुविधा का कथित तौर पर दुरुपयोग करने को लेकर दिल्ली स्थित ओपीजी सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड के मालिक और प्रमोटर संजय गुप्ता और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

एजेंसी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और एनएसई, मुंबई के अज्ञात अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ पहले से जांच कर रही थी। सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि निजी कंपनी के मालिक और प्रमोटर ने एनएसई के अज्ञात अधिकारियों के साथ साजिश करके एनएसई के सर्वर का दुरुपयोग किया। सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया कि एनएसई, मुंबई के अधिकारियों ने वर्ष 2010 से 2012 के दौरान को-लोकेशन सुविधा का दुरुपयोग करके उस कंपनी को अनुचित पहुंच उपलब्ध कराई। सीबीआई के मुताबिक इस अनुचित पहुंच का इस्तेमाल करके कंपनी स्टाक एक्सचेंज के सर्वर में सबसे पहले लॉगइन करने में सक्षम हो गई, जिससे उसे अन्य ब्रोकर से पहले डाटा हासिल करने में मदद मिली। रामकृष्ण का नाम तब सुर्खियों में आया था, जब 11 फरवरी को सेबी ने कहा कि उन्होंने हिमालय में विचरण करने वाले एक योगी के प्रभाव में आकर आनंद सुब्रमण्यन को एक्सचेंज में समूह परिचालन अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक का सलाहकार बनाया।

## मप्र के कुख्यात रहे व्यापमं का नाम दूसरी बार बदला, अब कर्मचारी चयन बोर्ड

**भाषा । भोपाल**

मध्य प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को एमपी प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड का नाम बदल कर कर्मचारी चयन बोर्ड करने का निर्णय लिया है। इसे पहले मप्र व्यावसायिक परीक्षा मंडल या व्यापमं के नाम से भी जाना जाता था, जो कि चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश और भर्ती परीक्षाओं में कथित घोटालों की वजह से खासा कुख्यात हो गया था। यह दूसरी दफा है जब प्रदेश सरकार ने परीक्षा आयोजित करने वाली प्रदेश की इस संस्था का नाम बदल दिया है। प्रदेश के गृह मंत्री और सरकार के प्रवक्ता नरोत्तम मिश्रा ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों को बताया, एमपी प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड का नाम बदलने का निर्णय राज्य मंत्रिमंडल की शुक्रवार को हुई बैठक में लिया गया है।


पटियाला में पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले एक अभियान के दौरान भाजपा-पीएलसी (शिअद-एस) के समर्थकों के साथ प्रचार में जुटीं पंजाब लोक कांग्रेस के अध्यक्ष कैप्टन अमरिंदर सिंह की बेटी जय इंदर कौर

# जीवित बचे लोगों और परिजनों ने फैसले का किया स्वागत

**अहमदाबाद बम विस्फोट**

**भाषा** । अहमदाबाद

**वर्ष** 2008 के अहमदाबाद श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट में जीवित बचे व्यक्तियों और उक्त घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों ने दोषियों को मौत की सजा के साथ-साथ उम्रकैद की सजा सुनाने के अदालत के फैसले का स्वागत किया।

अहमदाबाद की एक विशेष अदालत ने शहर में 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में 38 दोषियों को शुक्रवार को मौत और 11 अन्य को उम्रकैद की सजा सुनाई। इन धमाकों में 56 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

जब यह घटना हुई थी तब छात्र यश व्यास नौ साल के थे। उस समय वह असरवा इलाके स्थित सिविल अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में हुए बम विस्फोट के बाद गंभीर रूप से झुलस गए थे। उन्होंने कहा कि वह और उनकी मां पिछले 13 सालों से इस फैसले का इंतजार कर रहे थे। यश (22) वर्तमान में बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि अदालत ने मेरे पिता और भाई सहित निर्दोष लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार 38 व्यक्तियों को मौत की सजा सुनाई। जिन 11 व्यक्तियों को उम्रकैद की सजा दी गई हैं उन्हें भी मौत की सजा मिलनी चाहिए थी। ऐसे लोगों के लिए कोई दया नहीं होनी चाहिए। यश ने अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में चार महीने बिताए थे। वह उक्त घटना में 50 प्रतिशत झुलस गए थे।

उनके पिता, दुष्यंत व्यास सिविल अस्पताल परिसर स्थित एक कैंसर चिकित्सा इकाई में एक लैब तकनीशियन थे और उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन, अपने दो बेटों को साइकिल चलाना सिखाने के लिए अस्पताल के एक खुले मैदान में ले गए थे।

यश ने कहा कि शाम लगभग 7.30 बजे, जब मेरे पिता ने देखा कि कुछ विस्फोट पीड़ितों (शहर के एक अन्य क्षेत्र में हुई एक घटना के) को एम्बुलेंस में लाया जा रहा है तो उन्होंने मदद करने का फैसला किया।

जैसे ही हम सिविल अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड के पास पहुंचे, एक विस्फोट हुआ जिसमें मेरे पिता और 11 वर्षीय भाई की मौके पर ही मौत हो गई।

## विकास और उपयोगी सरकार के लिए करे वोट : शिवप्रकाश

**मुंबई** । सपा एवं बसपा के शासनकाल में लचर एवं पक्षपात पूर्ण कानून व्यस्था के कारण गुंडों का समर्थन मिला। इसके कारण उत्तर प्रदेश कानून के स्थान पर गुंडों के राज वाला प्रदेश बन गया। पश्चिम से लेकर पूरब तक अपहरण, बलात्कारए अवैध वसूली, भ-माफिया राज ही चलता था। आतंक के कारण लोग अपना घर छोड़कर पलायन करने के लिए मजबूर हुए। योगी ने प्रथम चुनौती मानकर कानून का शासन स्थापित करने का संकल्प लिया। गुंडों पर करारा प्रहार उत्तर प्रदेश की पुलिस ने किया। 5 वर्षों में 140 एन्काउंटर 3330 मुठभेड़ की घटनाएं बदमाशों के साथ हुई। 2017 में 7013 गिरफ्तारी एवं 826524 चार्जशीट की तुलना में 2020 में एनसीआरबी के आंकड़ों के आधार पर 784784 गिरफ्तारी,1095001 चार्जशीट दायर हुई। घटना होने पर तुरंत कार्यवाही व प्रत्येक अपराध की एफ आईआर योगी शासन की विशेषता है। खुंखार अपराधी जेलों में अपने प्राणों की भूख मांग रहे हैं। इसका परिणाम है व्यापारी दुकान सकुशल आता हैए किसान की खेती सुरक्षित है। सपा, बसपा के कुशासन का परिणाम था कि कोई महिला सुरक्षित नहीं थी। स्कूल, कॉलेजों के बाहर विद्यालय में लड़कियों के आने-जाने के समय लड़कों के झुंड उनसे छेड़छाड़ को उपस्थित रहते थे।

# पीएम मोदी ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना को जल्द पूरा करने पर दिया जोर

**भाषा** । मुंबई

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना को जल्द पूरा करने पर जोर दिया और कहा कि उनकी सरकार का ध्यान वित्तीय राजधानी में 21वीं सदी के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने पर है। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी परियोजना (जिसे बुलेट ट्रेन भी कहा जाता है) समय की जरूरत है, क्योंकि यह बुनियादी ढांचे की क्षमता का निर्माण और सुदृढ़ीकरण तथा सपनों के शहर के रूप में मुंबई की पहचान को मजबूत करेगी।

प्रधानमंत्री मुंबई महानगर क्षेत्र में ठाणे और दिवा को जोड़ने वाली दो अतिरिक्त रेलवे लाइन (पांचवीं और छठी) का डिजिटल तरीके से उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दो उपनगरीय ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना को पूरा करना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। मुंबई-अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर हाई-स्पीड कॉरिडोर की अनुमानित लागत 1,10,000 करोड़ रुपए है। जापान की सहायता से तैयार की जा रही परियोजना भूमि अधिग्रहण के मुद्दों का सामना कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद देश के विकास में मुंबई का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है।

मोदी ने कहा कि अब प्रयास एक आत्मानिर्भर भारत बनाने के लिए मुंबई की क्षमता को उन्नत करने का है। इसलिए हमारा ध्यान मुंबई में 21वीं सदी के बुनियादी ढांचे के विकास पर है।

## दाऊद के भाई कासकर को 24 तक ईडी की हिरासत में भेजा गया

**भाषा** । मुंबई

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को यहां विशेष अदालत से कहा कि इकबाल कासकर ने अपने भाई दाऊद इब्राहिम की एक वैश्विक आतंकवादी की छवि का इस्तेमाल करते हुए सेलिब्रिटी और बिल्डर से जबरन वसूली की। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन के एक मामले में कासकर की हिरासत की मांग करे हुए यह कहा। विशेष अदालत ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को धन शोधन के एक मामले में 24 फरवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। दिन में, अदालत द्वारा जारी एक पेशी वारंट के आधार पर ईडी ने कासकर को हिरासत में ले लिया, जो वर्तमान में जबरन वसूली के कई मामलों में ठाणे जेल में कैद है। ईडी अंडरवर्ल्ड से जुड़ी संपत्तियों और हवाला कारोबार में धन शोधन की जांच कर रहा है।

# अभिषेक बनर्जी को एक बार फिर टीएमसी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया

**भाषा** । कोलकाता



**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एक नई पदाधिकारी समिति का गठन करते हुए अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को दोबारा पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव और वरिष्ठ नेता यशवंत सिन्हा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया।

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुब्रत बख्शी और चंद्रिमा भट्टाचार्य को भी पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है।

अन्य लोगों में, पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री अरूप विश्वास को कोषाध्यक्ष बनाया गया है, और कोलकाता के महापौर फरहाद हकीम को समन्वय प्रभारी बनाया गया है। पुराने नेताओं और युवा नेताओं के बीच बढ़ती आंतरिक कलह के बीच बनर्जी ने पिछले हफ्ते तत्कालीन राष्ट्रीय पदाधिकारी समिति और इसके तहत आने वाले विभागों को भंग कर दिया था।

इसके बाद उन्होंने पार्टी के दिग्गजों से भरी इस 20 सदस्यीय कार्यसमिति का गठन किया। इस बीच अभिषेक की दोबारा नियुक्ति को राजनीतिक पर्यवेक्षक इस बात की पुष्टि के रूप में देख रहे हैं कि वह पार्टी में ममता बनर्जी के उत्तराधिकारी हैं।

# विधानसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच केरल के राज्यपाल ने केंद्र की निंदा की

**भाषा** । तिरुवनंतपुरम

**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने विपक्षी यूडीएफ की नारेबाजी के बीच शुक्रवार को विधानसभा में अपने पारंपरिक संबोधन के दौरान वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार की प्रशासनिक उपलब्धियों का जिक्र किया और राज्य के लिए संसाधनों का आवंटन घटाकर उसे वित्तीय मुश्किलों में कथित तौर पर धकेलने के लिए केंद्र की आलोचना की। विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत में अपने नीति संबोधन में खान ने सहकारी संघवाद की महत्ता पर जोर दिया और कहा कि हाल में केंद्र सरकार द्वारा राज्यों से परामर्श किए बिना लागू किए गए कानून राज्यों तथा समवर्ती सूची में शामिल विषयों का स्थान ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सहकारी संघवाद के मूलभूत तत्व के विरूद्ध है। मेरी सरकार का मत है कि यह तौर-तरीका जारी नहीं रहना चाहिए। केरल विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत शुक्रवार को हंगामे के साथ हुई। विपक्षी कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन यूडीएफ ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ वापस जाओ के नारे लगाए और सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करने के बाद धरना दिया।

सत्र शुरू होने पर राज्यपाल अभिभाषण देने के लिए जैसे ही विधानसभा कक्ष में दाखिल हुए तो विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी और उन्हें बैनर दिखाए जिसमें लिखा हुआ था कि उन्होंने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को बचाने के लिए लोकायुक्त अध्यादेश पर हस्ताक्षर किए। वाम सरकार द्वारा लाए गए इस अध्यादेश की वजह से हाल में राज्य में राजनीतिक तूफान उठ खड़ा हुआ था। विपक्षी दलों ने इसका विरोध करते हुए दावा किया है कि इससे भ्रष्टाचार रोधी संस्था कमजोर होगी।

ऐसी अटकल लगाई जा रही थी कि विभिन्न मामलों पर पिनराई विजयन सरकार से टकराव से गुजर रहे खान राज्य सरकार के नीति दस्तावेज के उन हिस्सों को छोड़ सकते हैं जिसमें केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की आलोचना की गई है।

बहरहाल राज्यपाल ने अपने संबोधन में ऐसा कोई हिस्सा नहीं छोड़ा। कांग्रेस की अगुवाई वाले यूडीएफ ने उनके और माकपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के बीच गठजोड़ का आरोप लगाते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

बाद में जब विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कुछ कहने की कोशिश की तो नाराज प्रतीत हो रहे खान ने कहा कि यह प्रदर्शन का वक्त नहीं है।


शिवमोग्गा में देशीय विद्याशाला समिति पीयू कॉलेज में कक्षाओं में भाग लेने के लिए आने वाले कॉलेज के एक कर्मचारी से हेडस्कार्फ़ पहने एक छात्रा बात करते हुए

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 19 फरवरी, 2022



# बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट के बाद बंद

## ● सेंसेक्स 59 अंक नुकसान में रहा

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजारों में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक टूटकर बंद हुआ। पूर्वी यूरोप में व्याप्त भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। कारोबारियों के अनुसार विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और दुनिया के विभिन्न केंद्रीय बैंकों की तरफ से नीतिगत दर बढ़ाने की आशंका से कारोबारी धारणा कमजोर रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में कारोबार के दौरान करीब 700 अंक का उतार-चढ़ाव आया। अंत में यह 59.04 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,832.97 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 28.30 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,276.30 अंक पर बंद हुआ। मुख्य रूप से अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस और नेस्ले में 1.88 प्रतिशत तक की गिरावट से सेंसेक्स नुकसान में रहा। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एचडीएफसी लि. का शेयर 1.25 प्रतिशत चढ़कर सबसे लाभ में रहा। इसके अलावा, एल एंड टी, एक्सिस बैंक, एसबीआई, डा. रेड्डीज, कोटक बैंक और एचडीएफसी बैंक भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। सेंसेक्स के 17 शेयर नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा जारी होने के साथ वॉल स्ट्रीट में बृहस्पतिवार की बिकवाली का असर पड़ा और घरेलू बाजार गिरावट के साथ खुला। अमेरिकी विदेश मंत्री की रूस के विदेश मंत्री के साथ बैठक को लेकर बनी सहमति से कुछ तेजी आई लेकिन अंतिम कुछ घंटों में बिकवाली का जोर होने से बाजार नुकसान में बंद हुआ। उन्होंने कहा, मौजूदा वैश्विक रुख के कारण वैश्विक शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। आने वाले दिनों में घरेलू बाजार में भी उतार-चढ़ाव की प्रवृत्ति बनी रह सकती है। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 319.95 अंक यानी 0.55 प्रतिशत नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 98.45 अंक यानी 0.56 की गिरावट रही। जूलियस बेअर के कार्यकारी निदेशक मिलिंद मुचाला ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कदम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। मुद्रास्फीति की ऊंची दर को देखते हुए मार्च की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत वृद्धि की आशंका है। इसका असर बाजार पर पड़ रहा है। इसके अलावा रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव को लेकर भू-राजनीतिक गतिरोध से भी धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। इन सबके कारण कच्चे तेल की कीमत बढ़ रही है और अमेरिकी डॉलर मजबूत हो रहा है।




| टॉप गेनर | | टॉप लूजर | |
|---|---|---|---|
| एचडीएफसी | 1.25 | अल्ट्रा टेक सीमेंट | -1.88 |
| लार्सन-टुब्रो | 0.66 | महिंद्रा-महिंद्रा | -1.36 |
| ऐक्सिस बैंक | 0.57 | इन्फोसिस | -1.06 |
| स्टेट बैंक | 0.52 | रिलायंस | -0.85 |
| डॉ रेड्डीज लैब्स | 0.44 | बजाज फाइनेंस | -0.74 |




| टॉप गेनर | | टॉप लूजर | |
|---|---|---|---|
| कोल इंडिया | 2.61 | ओएनजीसी | -2.18 |
| SBI Life | 1.84 | Divis Lab | -2.08 |
| बजाज ऑटो | 1.09 | सिप्ला | -2.06 |
| एचडीएफसी | 1.05 | अल्ट्रा टेक सीमेंट | -2.03 |
| लार्सन-टुब्रो | 0.71 | महिंद्रा-महिंद्रा | -1.42 |

पीटीआई ग्राफिक

## रुपया 40 पैसे की तेजी के साथ करीब दो सप्ताह के उच्च स्तर पर

**मुंबई।** यूक्रेन को लेकर भू-राजनीतिक तनाव का कूटनीतिक समाधान निकलने की उम्मीद के साथ शुक्रवार को अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी करेंसी के मुकाबले रुपया 40 पैसे की बढ़त के साथ 74.66 प्रति डॉलर पर जा पहुंचा। यह लगभग तीन माह के दौरान एक दिन में सबसे अधिक तेजी है। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से भी रुपए को समर्थन प्राप्त हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 75.03 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 74.60 रुपए के दिन के उच्चतम स्तर और 75.05 प्रति डॉलर के निम्नतम स्तर को छू गया। अंत में रुपया अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 40 पैसे की तेजी से 74.66 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक, दिलीप परमार ने कहा कि प्रस्तावित अमेरिकी-रूस वार्ता ने यूक्रेन में अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति दूर होने की उम्मीद जगाई है। सप्ताह के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपए में 70 पैसे की तेजी आई है।

# भारत ने दुबई एक्सपो में कृषि-स्टार्टअप, एफपीओ से प्रस्ताव आमंत्रित किए

**भाषा।** नई दिल्ली-दुबई

**भारत ने** शुक्रवार को दुबई एक्सपो में देश के स्टार्टअप्स और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से प्रस्ताव आमंत्रित किए। इस प्रदर्शनी में देश ने अपने निवेश अनुकूल नीतियां और कृषि एवं सहायक क्षेत्रों में विकास के अवसरों का प्रदर्शन किया। दुबई एक्सपो में भारतीय मंडप में खाद्य, कृषि और आजीविका पखवाड़े का उद्घाटन करते हुए, केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अभिलाक्ष लिखी ने आश्वासन दिया कि इक्विटी अनुदान, प्रबंधन लागत और अन्य उपलब्ध सहायता उपायों को सुलभ कराने के लिए स्टार्टअप और एफपीओ के प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। लेखी ने एक बयान में कहा, दुबई एक्सपो 2020 में हमारी भागीदारी का प्राथमिक उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को लाभ पहुंचाना है, जिन्हें बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं, सामूहिकता और अधिक मंचों की आवश्यकता है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों से जुड़कर तालमेल बिठाएं।

## आईओसी ने बांड के जरिए 1,500 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** सार्वजानिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने 6.14 प्रतिशत ब्याज पर बांड जारी कर 1,500 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी ने मौजूदा कर्ज के भुगतान को लेकर यह राशि जुटाई है। देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी आईओसी जिस ब्याज दर का भुगतान करेगी, वह सरकारी बॉन्ड के प्रतिफल से कम है। आईओसी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने 6.14 प्रतिशत की दर पर निजी नियोजन के तहत 10-10 लाख रुपए के कुल 15,000 मूल्य के बांड जारी किए हैं। 18 फरवरी, 2022 को जारी इस बांड से ।,500 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। आईओसी के निदेशक (वित्त) संदीप गुप्ता ने कहा,"इस निर्गम में निवेशकों की मजबूत मांग देखी गई और हम एक बहुत ही आकर्षक दर पाने में सफल रहे।

## भारत की जीडीपी अक्टूबर-दिसंबर में 5.8 प्रतिशत बढ़ने की संभावना: एसबीआई रिपोर्ट

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट ईकोरैप के अनुसार देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही में 5.8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है। देश की अर्थव्यवस्था 20211-22 की दूसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। हालांकि, जीडीपी वृद्धि दर जुलाई-सितंबर में इससे पिछली तिमाही के 20.1 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले कम थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय 28 फरवरी को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए जीडीपी अनुमान घोषित करेगा। रिपोर्ट में शुक्रवार को कहा गया, एसबीआई नाउकास्टिंग मॉडल के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही के लिए अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रहेगी। पूरे वर्ष की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 9.3 प्रतिशत से घटाकर 8.8 प्रतिशत कर दिया गया है। नाउकास्टिंग मॉडल औद्योगिक गतिविधियों, सेवा गतिविधियों और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े 41 उच्च आवृत्ति संकेतकों पर आधारित है।

# कामधेनु लिमिटेड ईस्टर्न उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति मजबूत करेगा

**गोरखपुर।** स्टील और पेन्ट के क्षेत्र में विविधतापूर्ण कारोबार करने वाली कामधेनू लिमिटेड ने ईस्टर्न उत्तर प्रदेश राज्य में टीएमटी बार बाजार मे अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए व्यावसायिक रणनीति की घोषणा की। कंपनी अगली पीढ़ी के हाई.एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार के अपने प्रीमियम ब्रांड श्कामधेनु नेक्स्टश् की राज्य में उत्पादन क्षमता को साल मे 1.8 लाख मीट्रिक टन प्रीमियम टीएमटी बार से बढ़ाकर 2.88 लाख मीट्रिक टन करने की योजना बना रही है। कामधेनु नेक्स्ट को डबल रिब वाले अनोखे डिजाइन, अधिक मजबूती और लचीलापनए सामान्य स्टील टीएमटी बार से अधिक बेहतर बनाते हैं। कामधेनु नेक्स्ट ने विशिष्ट डिजाइन की बदौलत कंक्रीट के साथ बेहतरीन तरीके से जोड़ने इंटरलॉकिंग में एक नया मानक गढा है जो ढांचे को अधिक मजबूती देता है। स्टील टीएमटी बार पर डबल रिब डिजाइन कंक्रीट और लोहे को जोड़ने की क्षमता को बढ़ाती है जो भूकंप और अन्य अप्रत्याशित तेज झटके की स्थिति में ढांचे को अधिकतम सुरक्षा प्रदान करती है।

## मुंबई सेबी ने भेदिया कारोबार मामले में जी एंटरटेनमेंट की दस इकाइयों पर लगा प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने भेदिया कारोबार मामले में जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड की दस इकाइयों पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटा दिया है। बाजार नियामक सेबी ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के शेयर में कथित भेदिया करोबार मामले में इन सभी व्यक्तियों समेत इकाइयों पर प्रतिबंध लगाया था। सेबी के अनुसार इन व्यक्तियों और इकाइयों पर पिछले वित्त वर्ष में जून, 2020 को समाप्त तिमाही के नतीजों से जुड़ी अप्रकाशित संवेदनशील सूचना अपने पास रखते हुए जी एंटरटेनमेंट के शेयर में कारोबार करने का आरोप था। सबने कथित तौर पर बाजार के नियमों का उल्लघंन किया था।

## डीलशेयर ने उत्तर प्रदेश में दी दस्तक

**मुंबई।** प्रमुख सोशल ई-कॉमर्स कंपनीए डीलशेयर ने उत्तर प्रदेश में प्रवेश की घोषणा की। डीलशेयर लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा और मेरठ में सभी पिन कोड की वाली जगहों में अपनी सेवाएं उपलब्ध करायेगी। कंपनी की यह योजना है कि यह इस वित्त वर्ष के अंत तक राज्य के 30 से अधिक शहरों में अपनी उपस्थिति बढ़ायेगी। डीलशेयर के ऐप से उपभोक्ता किराना और घरेलू आवश्यक सामान खरीद सकते हैं और अपने दरवाजे पर सामानों की डिलिवरी पा सकते हैं। लॉन्च के बारे में विस्तार से बताते हुए डीलशेयर के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनीत राव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रवेश हमारे लिए बेहद ही महत्वपूर्ण है क्योंकि यह देश के सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। राज्य के 80 प्रतिशत से अधिक लोग कीमतों को लेकर सजग हैं और उन्हें पर्याप्त रूप से सेवाएँ नहीं मिल पा रही हैं। हमें विश्वास है कि हमें प्रदेश के उपभोक्ताओं से अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी।

## डब्ल्यूटीओ की पेटेंट वार्ता पर प्रभावी परिणाम सुनिश्चित करे सरकार: स्वदेशी जागरण मंच

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े संगठन स्वदेशी जागरण मंच ने शुक्रवार को सरकार से कहा कि वह विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की पेटेंट रियायत संबंधी वार्ताओं का प्रभावी एवं उपयोगी नतीजा सुनिश्चित करे। स्वदेशी जागरण मंच के सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को लिखे एक पत्र में कहा है कि सरकार को तकनीकी जानकारों की पुष्टि के बगैर किसी भी समझौते पर सहमति नहीं जतानी चाहिए। महाजन ने कहा है कि डब्ल्यूटीओ सचिवालय का मामले में तकनीकी सलाहकारों को शामिल किए बगैर चर्चा करना अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि भारत यूरोपीय संघ, अमेरिका और डब्ल्यूटीओ के दबावों के आगे टिका हुआ है। हम आपसे इस रुख को कायम रखने और यह सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं कि इस बातचीत का असरदार एवं उपयोगी नतीजा निकले।

# महामारी के बीच 2021 में भारत में डॉलर मिलियनरी 11 प्रतिशत बढ़े: सर्वेक्षण

**भाषा।** मुंबई

कोविड-19 महामारी से प्रभावित वर्ष 2021 में भारत में डॉलर मिलियनरी यानी सात करोड़ रुपए से अधिक की निजी संपत्ति वाले व्यक्तियों की संख्या 11 प्रतिशत बढ़कर 4.58 लाख हो गई। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

हालांकि इस सर्वेक्षण में ऐसे 350 लोगों से बातचीत के आधार पर पाया गया कि निजी और पेशवर जिंदगी में खुद को खुश बताने वाले लोगों की संख्या 2021 में घटकर 66 प्रतिशत रह गई, जो इसके एक साल पहले 72 प्रतिशत थी। हुरुन रिपोर्ट के ए निष्कर्ष ऐसे समय में आए हैं, जब भारत में अमीरों एवं गरीबों के बीच बढ़ती असमानता को लेकर चिंता बढ़ रही है। हाल में आई ऑक्सफैम की रिपोर्ट में भी इस असमानता पर चिंता जताई गई थी। बेहद अमीर लोगों पर अधिक कर लगाने की लगातार तेज होती मांग के बीच इस सर्वेक्षण में शामिल एक-तिहाई से भी कम लोगों का ही यह मानना है कि अधिक कर चुकाना सामाजिक जिम्मेदारी का एक निर्धारक अवयव है। हुरुन रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2026 तक भारत में डॉलर मिलियनरी की संख्या 30 प्रतिशत बढ़कर छह लाख तक पहुंच जाएगी।


रिपोर्ट कहती है कि मुंबई में सबसे अधिक 20,300 डॉलर मिलियनरी हैं। इसके बाद दिल्ली में 17,400 और कोलकाता में 10,500 डॉलर मिलियनरी परिवार हैं। इस सर्वेक्षण में शामिल दो-तिहाई से अधिक डॉलर मिलियनरी ने कहा कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के लिए विदेश भेजना पसंद करेंगे।

## वेदांत समूह भारत में सेमीकंडक्टर कारोबार में 20 अरब डॉलर तक निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय कारोबारी समूह वेदांत ने इलेक्ट्रॉनिक चिप और डिस्प्ले विनिर्माण क्षेत्र में प्रवेश के लिए 15 अरब डॉलर का प्रावधान किया है और कंपनी की योजना निवेश को 20 अरब डॉलर तक बढ़ाने की है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सेमीकंडक्टर कारोबार की अगुवाई करने वाली वेदांत समूह की फर्म अवांस्ट्रेट को उम्मीद है कि 2025 तक भारतीय विनिर्माण संयंत्रों से इलेक्ट्रॉनिक चिप और डिस्प्ले तैयार होने लगेंगे। अवांस्ट्रेट के प्रबंध निदेशक आकर्ष हेब्बर ने पीटीआई-भाषा को बताया, सेमीकंडक्टर एक दीर्घकालिक व्यवसाय है। हमें उम्मीद है कि लगभग 10 अरब अमेरिकी डॉलर डिस्प्ले के लिए लगेंगे। इस समय हमें सेमीकंडक्टर के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत है, जिसमें आगे तीन अरब डॉलर बढ़ाया जा सकता है।

# जनवरी में 64.08 लाख घरेलू यात्रियों ने हवाई यात्रा की, दिसंबर की तुलना में 43 प्रतिशत कम: डीजीसीए

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानन नियामक ने शुक्रवार को कहा कि जनवरी में लगभग 64.08 लाख घरेलू यात्रियों ने हवाई यात्रा की, जो दिसंबर में यात्रा करने वाले 1.12 करोड़ लोगों की तुलना में 43 प्रतिशत कम है।




नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपने मासिक बयान में कहा कि यात्री भार कारक (लोड फैक्टर), दिसंबर की तुलना में जनवरी में सभी भारतीय एयरलाइंस के लिए घट गया। भार कारक से विमान में यात्रियों की संख्या का पता चलता है। बयान के मुताबिक जनवरी 2022 में स्पाइसजेट, इंडिगो, विस्तार, गो फर्स्ट, एयर इंडिया और एयरएशिया इंडिया के भार कारक क्रमश: 73.4 फीसदी, 66.6 फीसदी, 61.6 फीसदी, 66.7 फीसदी, 60.6 फीसदी और 60.5 फीसदी थे।

## क्विक न्यूज

### एनरीच ऑनलाइन सर्विसेज में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचेगी महिंद्रा हॉलिडेज

**नई दिल्ली।** महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड, एनरीच ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में अपनी पूरी 10.76 प्रतिशत हिस्सेदारी गिफ्ट मैनेजमेंट एशिया पीटीई लिमिटेड को 29.31 करोड़ रुपए में बेचेगी। महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स इंडिया ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि एनरीच ऑनलाइन सेवाओं में 5,738 इक्विटी शेयर की बिक्री को लेकर कंपनी ने गिफ्ट मैनेजमेंट एशिया के साथ समझौता किया है। कंपनी के अनुसार लेन-देन की प्रक्रिया 31 जुलाई, 2022 तक पूरी होने की उम्मीद है।

### इंडिगो के सह-प्रवर्तक गंगवाल ने निदेशक मंडल से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी इंडिगो के सह-प्रवर्तक राकेश गंगवाल ने शुक्रवार को मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस्तीफा देते हुए कहा कि वह अगले पांच साल में विमानन कंपनी में इक्विटी हिस्सेदारी को धीरे-धीरे कम करेंगे। गंगवाल और उनकी संबंधित संस्थाओं की इस कंपनी में करीब 37 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं राहुल भाटिया और उनकी संबंधित संस्थाओं की इंटरग्लोब एविएशन में लगभग 38 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### एमेज़ॉन व इन्वेस्ट इंडिया और आईआईए में गठबंधन

**लखनऊ।** एमेज़ॉन इंडिया ने एमेज़ॉनण्इन पर इंडिया ओडोप (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) बाजार के लॉन्च के लिए इन्वेस्ट इंडिया और इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन के साथ सहयोग की घोषणा की। इस समर्पित स्टोर फ्रंट का लोकार्पण एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने एक वर्चुअल समारोह में दीपक बागला, एमडी एवं सीईओए इन्वेस्ट इंडिया अशोक कुमार अग्रवाल,प्रेसिडेंट आईआईए और मनीष तिवारी,कंट्री मैनेजर इंडिया कंज्यूमर बिज़नेसए एमेज़ॉन इंडिया की मौजूदगी में किया। इस स्टोर फ्रंट में भारत के विक्रेताओं द्वारा अद्वितीय स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इंडिया ओडोप बाजार में सभी भारतीय राज्यों के स्थानीय व्यवसायों के सैकड़ों ओडोप और जियो ग्रैफिकल इंडीकेशन ;जीआईद्ध उत्पाद मिलेंगे। इन्वेस्ट इंडिया और आईआईए के साथ इस गठबंधन द्वाराए एमेज़ॉन अपने इंडिया मार्केट प्लेसए ?एमेज़ॉनण्इन पर क्षेत्रीय उत्पाद बेचने वाले विक्रेताओं को जोड़ने व लॉन्च करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहा है।

### एडेलवाइस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स अस्थिर बाजार में मददगार

**लखनऊ** बैलेंस्ड एडवांटेज फंड नए निवेशकों एवं पारंपरिक निवेशकों के लिए बाजार के स्तर व मूल्यांकनों की फ्रिक किए बिना बाजार में उतरने के लिए श्रेष्ठ योजनाएं हैं। एडेलवाईस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड एक ओपन.एंडेड डाइनामिक एस्सेट एलोकेशन फंड है, जिसका उद्देश्य कम अस्थिर ईक्विटी लिंक्ड रिटर्न निर्मित करना है। इसका उद्देश्य प्रोसाईक्लिकल ईईएचआई मॉडल के आधार पर तेज बाजार के उछाल का लाभ संचित करना और बाजार की मंदी के प्रभाव से सुरक्षा प्रदान करना है। ईबीएएफ शुद्ध ट्रेंड पर आधारित एस्सेट एलोकेशन के दृष्टिकोण का पालन करने वाला एकमात्र फंड है। क्लाइंट फर्स्ट के फाउंडर सिद्धार्थ मेहरोत्रा ने कहा, एडेलवाईस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड एक अद्वितीय प्रस्तुति है, जिसका उद्देश्य निवेशक के पोर्टफोलियो में दृढ़ मूल्य का निर्माण करना है।

### नई बीएमडब्ल्यू कॉम्पीटिशन कूपे भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने आज नई बीएमडब्ल्यू एम 4 कॉम्पीटिशन कूपे को लॉन्च किया है। पेस . सेटिंग हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स कार आज से कम्प्लीटली बिल्टएअप यूनिट के तौर पर शाप डॉट बीएमडब्ल्यू डॉट इन पर उपलब्ध है। ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एम 4 कॉम्पीटिशन मैटेलिक पेंटवर्क्स दृ स्काई स्क्रैपर ग्रे पोर्टिमाओ ब्लू ब्लैक सफ्फायरएसाओ पाउलोए यलोए टोरंटो रेड एवं नॉन.मैटेलिक में अल्पाइन व्हाइट में उपलब्ध है।

### "श्विक अवसंरचना वित्तपोषण के अंतर को दूर करने की जरूरत: सीतारमण, जी-20 बैठक में

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को वैश्विक स्तर पर अवसंरचना वित्तपोषण के अंतर को दूर करने और इस क्षेत्र में समावेशी वृद्धि के लिए नवाचारी वित्तपोषण तंत्र विकसित करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने इंडोनेशिया की अध्यक्षता में चल रही जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक में यह बात कही। सीतारमण ने टिकाऊवित्तपोषण और अवसंरचना पर एक सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए वित्तीय साधनों को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का समर्थन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि इन प्रयासों में सुविधा और किफायत पर खासतौर से ध्यान देना चाहिए।

### गले वित्त वर्ष में राज्यों का राजकोषीय घाटा 3.6 प्रतिशत रहने का अनुमान: इंडिया रेटिंग्स

**मुंबई।** रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2022-23 में राज्यों के वित्त परिदृश्य को संशोधित कर इसे तटस्थ से सुधरता हुआ कर दिया है। उसने कहा है कि राजस्व वृद्धि के दम पर राज्यों का कुल राजकोषीय घाटा उनके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.6 प्रतिशत पर आ सकता है। इसके पहले रेटिंग एजेंसी ने कहा था कि अगले वित्त वर्ष में राज्यों का राजकोषीय घाटा उनके जीडीपी के 4.1 प्रतिशत तक रह सकता है। वित्त वर्ष 2021-22 में इसके जीडीपी का 3.5 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान जताया गया है। इंडिया रेटिंग्स ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए उसका पिछला पूर्वानुमान तटस्थ का था लेकिन अब इसे बदलकर सुधरता हुआ किया जा रहा है।

### सीगवर्क इंडियन पैकेजिंग में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी

**बंगलुरू।** जर्मनी में अपना मुख्यालय रखने वाली पैकेजिंग अनुप्रयोगों एवं लेबलों के लिए प्रिंटिंग स्याही व कोटिंग्स की अग्रणी वैश्विक प्रदाता सीगवर्क ने भारतीय बाजार में अपनी मिनरल ऑयल फ्री इंक रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। रसायनों के विशाल समूह के रूप में मिनरल ऑयल्स खनिज तेलों ने अपनी खराब विषैली प्रोफाइल के चलते विश्व स्तर पर बदनामी कमाई है, क्योंकि कई शोध अध्ययनों ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है कि भोजन में खनिज तेल स्थानांतरित हो जाते हैं। खास किस्म के मिनरल ऑयल हाइड्रोकार्बन्स का ज्यादा सेवन करने को स्वास्थ्य के लिए संभावित खतरे की तरह देखा जाता हैए कुछ सैचुरेटेड मिनरल ऑयल्स मानव ऊतकों में जमा हो सकते हैं। जबकि कुछ सुगंधित मिनरल ऑयल्स ;एमओएएचद्ध कैंसर पैदा होने की वजह भी बन सकते हैं। मिनरल ऑयल फ्री इंक रेंज वीईजीए के लॉन्च की घोषणा करते हुए सीगवर्क इंडिया सब-कॉन्टीनेंट के सीईओ रामकृष्ण कारंत ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में वैज्ञानिक पत्र.पत्रिकाओं ने मिनरल ऑयल हाइड्रोकार्बन्स तथा सैचुरेटेड मिनरल ऑयल्स के खाद्य पैकेजिंग पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभावों को लेकर विश्लेषण प्रकाशित किए हैं।

# पेज एक का शेष

## अहमदाबाद विस्फोट...

आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। न्यायमूर्ति त्रिवेदी अब उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश हैं। पुलिस ने दावा किया था कि प्रतिबंधित स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का एक धड़ा आईएम के सदस्य इन धमाकों के पीछे थे। जांच करने वाले अधिकारियों ने कहा था कि आईएम ने गुजरात में 2002 में हुए गोधरा दंगों का बदला लेने के लिए धमाकों की साजिश रची थी। गोधरा दंगों में एक हजार से अधिक लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर मुस्लिम समुदाय के थे।

## उत्तर प्रदेश...

फर्रूखाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन, झांसी, ललितपुर, हमीरपुर और महोबा जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में तीसरे चरण में कुल 627 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। तीसरे चरण वाले इन जिलों में शुक्रवार की शाम को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव इटावा जिले स्थित अपने पैतृक गांव सैफई से मात्र चार किलोमीटर दूरी पर स्थित मैनपुरी जिले के करहल क्षेत्र से पहली बार विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। अखिलेश के मुकाबले केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल के भाजपा उम्मीदवार के रूप में सामने आने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। अखिलेश के चाचा शिवपाल सिंह यादव अपनी पारंपरिक जसवंतनगर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। तीसरे चरण के कुल 627 उम्मीदवारों में राज्य सरकार के मंत्री सतीश महाना (महाराजपुर-कानपुर) व आबकारी मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री (भोगांव-मैनपुरी) रामवीर उपाध्याय (हाथरस- सादाबाद) भाजपा से चुनाव मैदान में हैं जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद फर्रूखाबाद सदर से कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) छोड़कर राजनीति में कूदे अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी रहे असीम अरुण भी इसी चरण में कन्नौज के सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के उम्मीदवार हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने दिन में पहले अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें राज्य में सत्ता में लौटने पर महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता, एक लाख सरकारी नौकरियां और शराब की बिक्री व रेत खनन के लिए निगमों के निर्माण का वादा किया गया है। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान और शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने क्रमश: भदौर, जलालाबाद, रायकोट और अमृतसर में रोड शो किया। पटियाला में पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो किया। रोड शो में अमरिंदर सिंह की पत्नी और कांग्रेस सांसद परनीत कौर भी शामिल हुईं। पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) अध्यक्ष सुखबीर बादल ने भी अंतिम दिन प्रचार किया। राज्य में 93 महिलाओं सहित कुल ।,304 उम्मीदवार मैदान में हैं। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस करुणा राजू ने बताया कि मतदान सुबह 8 बजे शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। पंजाब में पहले मतदान की तारीख 14 फरवरी थी। लेकिन गुरु रविदास जयंती के मद्देनजर चुनाव आयोग ने इस आगे बढ़ाकर 20 फरवरी कर दिया था। कोविड-19 प्रतिबंधों के मद्देनजर शुरुआत में केवल घर-घर जाकर और सोशल मीडिया के जरिए ही प्रचार की अनुमति थी। हालांकि, । फरवरी से चुनाव आयोग द्वारा चरणबद्ध तरीके से रैलियों पर प्रतिबंध हटा लिया गया था। चुनाव में प्रमुख उम्मीदवारों में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद के चेहरे भगवंत मान, पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू, पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, प्रकाश सिंह बादल और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल शामिल हैं। चन्नी दो सीटों रूपनगर में चमकौर साहिब और बरनाला में भदौर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। आप के मान धूरी से चुनाव लड़ रहे हैं, जो संगरूर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। मान संगरूर से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। अमृतसर पूर्व सीट पर सिद्धू का मुकाबला शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया से है। पिछले साल कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री पद से हटाए गए अमरिंदर सिंह अपने परिवार के गढ़ पटियाला शहर से पंजाब लोक कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। पिछले साल कांग्रेस छोड़ने के बाद उन्होंने पंजाब लोक कांग्रेस का गठन किया था। सुखबीर बादल फाजिल्का के जलालाबाद से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि उनके पिता 94 वर्षीय प्रकाश सिंह बादल मुक्तसर जिले में अपने गृह क्षेत्र लांबी से चुनाव लड़ रहे हैं। प्रकाश सिंह बादल चुनाव में सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं। किसान संघों के राजनीतिक मोर्चे संयुक्त समाज मोर्चा के नेता बलबीर सिंह राजेवाल लुधियाना जिले के समराला से चुनाव लड़ रहे हैं। पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्विनी शर्मा पठानकोट से जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला फगवाड़ा से चुनाव लड़ रहे हैं। शिअद बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली पार्टी और सुखदेव सिंह ढींडसा के नेतृत्व वाले शिअद (संयुक्त) के साथ गठबंधन किया है। एसएसएम हरियाणा भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के नेता गुरनाम सिंह चढूनी के नेतृत्व वाली संयुक्त संघर्ष पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है।

## पंजाब चुनाव...

में दिल्ली गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, पद्म श्री से सम्मानित बाबा बलबीर सिंह जी सीचेवाल, यमुना नगर में सेवापंथी के महंत करमजीत सिंह, करनाल में डेरा बाबा जंग सिंह के बाबा जोगा सिंह और अमृतसर में मुखी डेरा बाबा तारा सिंह वा के संत बाबा मेजर सिंह वा शामिल थे। उन्होंने बताया कि आनंदपुर साहिब में कार सेवा के जत्थेदार बाबा साहिब सिंह, भेनी साहिब के सुरिंदर सिंह नामधारी दरबार, शिरोमणि अकाली बुड्ढा दल के बाबा जस्सा सिंह, दमदमी टकसाल के हरभजन सिंह और तख्त श्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह भी बैठक में शामिल हुए।

## रूस ने...

घटाने की बृहस्पतिवार को अपील की। दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने भी कहा कि भारत तत्काल तनाव घटाने और संकट का समाधान सतत कूटनीतिक वार्ता से करने का समर्थक रहा है। रूस ने यूक्रेन की सीमा के पास करीब एक लाख सैनिकों का जमावड़ा कर रखा है। इसके अलावा वह नौसेना अभ्यास के लिए काला सागर में युद्ध पोत भी भेज रहा है, जिससे नाटो देशों के बीच यह अंदेशा बढ़ गया है कि यूक्रेन पर रूस हमला कर सकता है। हालांकि, रूस ने यूक्रेन पर हमला करने की योजना से इनकार किया है।

## अगले हफ्ते...

यूक्रेन पर हमले की किसी भी योजना से लगातार इनकार करता आ रहा है। विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को जरूरी सूचना एवं मदद उपलब्ध कराने के लिए बुधवार को एक कंट्रोल रूम स्थापित किया था। इसके अलावा, यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास ने पूर्वी यूरोपीय देश में भारतीयों की मदद के लिए 24 घंटे की हेल्पलाइन भी स्थापित की है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने ट्विटर पर बताया कि वह भारत और यूक्रेन के बॉरिस्पिल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के बीच 22, 24 और 26 फरवरी को तीन उड़ानें संचालित करेगी। कंपनी ने आगे लिखा, एअर इंडिया के बुकिंग कार्यालयों, वेबसाइट, कॉल सेंटर और अधिकृत ट्रैवल एजेंटों के माध्यम से बुकिंग शुरू कर दी गई है।

## एल्गार केस...

गिरफ्तार सागर गोरखे, रमेश गाइचोड़ और ज्योति जगताप को सोमवार को एनआईए की विशेष अदालत के न्यायाधीश डी ई कोठालिकर ने जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत का विस्तृत आदेश बृहस्पतिवार को उपलब्ध कराया गया। तीनों आरोपी कबीर कला मंच के सदस्य हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा, रिकॉर्ड में रखे गए पत्रों और दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि जमानत के सभी तीनों आवेदकों ने प्रतिबंधित संगठन के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर पूरे देश में अशांति पैदा करने और सरकार को राजनीतिक रूप से अस्थिर करने के लिए एक गंभीर साजिश रची थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद कागजात प्रथम दृष्टया यह दर्शाते हैं कि आरोपी न केवल प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के सदस्य थे, बल्कि वे संगठन के उद्देश्य से आगे की गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे, जो राष्ट्र के लोकतंत्र को उखाड़ फेंकने के अलावा और कुछ नहीं है। अदालत ने पत्रों और दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा, प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि भाकपा (माओवादी) देश से मोदी राज को समाप्त कराने पर आमादा था और वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को निशाना बनाकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या जैसी घटना को अंजाम देने के बारे में भी सोच रहे थे।

## अब भगवान...

भूमि का स्वामी होता है और उनके नाम पर संपत्ति हो सकती है। कुमार ने कहा कि वह मामले के संबंध में राज्य के सभी मंडलीय मुख्यालयों का दौरा कर रहे हैं और संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू करने के लिए कह रहे हैं।

# सुरक्षा परिषद ने की राजनयिक समाधान की अपील

● यूक्रेन संकट के हल के लिए बातचीत का समर्थन किया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने यूक्रेन में जारी संकट के राजनयिक समाधान तलाशने की अपील की है। यहां तक कि रूस के उप विदेश मंत्री ने भी कहा कि सारे प्रयास राजनयिक समाधान तलाशने की दिशा में ही होने चाहिए, लेकिन उन्होंने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की उस अपील पर कोई जवाब नहीं दिया कि वह स्पष्ट कहें कि रूस यूक्रेन पर आक्रमण नहीं करेगा। सुरक्षा परिषद की सालाना बैठक रूस ने बुलाई थी और बैठक का मकसद मिंस्क समझौते को लागू कराना तथा पूर्वी यूक्रेन में शांति बहाल करना है। इस स्थान पर रूस समर्थित अलगाववादी 2014 में क्रीमिया पर मॉस्को के हमले के बाद से सरकारी बलों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। इस सत्र में वे सभी देश शामिल हुए जो सीमा सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर रूस के विरोध में हैं। ब्लिंकन ने सुरक्षा परिषद के सदस्यों से कहा कि वह स्पष्ट कर देना चाहते हैं, मैं यहां आज युद्ध शुरू करने नहीं बल्कि उसे रोकने आया हूं। उन्होंने कहा कि अमेरिका को सूचनाएं मिली हैं कि 1,50,000 रूसी सैनिक यूक्रेन के पास मौजूद हैं और वे आने वाले दिनों में यूक्रेन पर हमले की योजना बना रहे हैं। रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई वर्शिनिन ने परिषद को ब्लिंकन से ठीक पहले संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने यूक्रेन की सीमा पर सैनिकों के जमावड़े के संबंध में कुछ नहीं कहा, बल्कि यूक्रेन पर मिंस्क समझौते को लागू नहीं करने का आरोप लगाया। उनके अनुसार यह समझौता, पूर्वी यूक्रेन में असैन्य संघर्ष के समाधान का एकमात्र कानूनी उपाय है।



अमेरिकी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग के साथ मुलाकात की

## यूक्रेन संकट पर वाणिज्यिक उपग्रहों से प्राप्त चित्रों से मिल रही है जानकारी

**वाशिंगटन।** वाणिज्यिक उपग्रह से प्राप्त चित्रों में सामने आया है कि रूस की सेनाएं यूक्रेन को घेर रही हैं हालांकि, इन तस्वीरों की अपनी सीमाएं हैं। मैक्सर जैसी कंपनियों के वाणिज्यिक उपग्रहों से हाल में प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाले चित्रों में यूक्रेन से लगती सीमा पर रूस के सैनिक, एयरफील्ड और तोपखाने देखे जा सकते हैं। दक्षिण बेलारूस और क्रीमिया में भी सैन्य जमावड़े की गतिविधियां सामने आई हैं जिसे रूस से 2014 में यूक्रेन से हथिया लिया था। इन तस्वीरों से अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के अधिकारियों के दावे सही प्रतीत होते हैं कि रूसी सेनाएं उस स्थिति में हैं जहां से वह यूक्रेन पर हमला कर सकती हैं। हालांकि, वाणिज्यिक उपग्रहों से प्राप्त तस्वीरों में इसकी पुष्टि नहीं हो सकती कि रूस के कितने सैनिक एकत्र हैं या यूक्रेन पर हमला होगा या नहीं। अमेरिकी नौसेना के सेवानिवृत्त एडमिरल जेम्स स्टाव्रिडिस ने कहा कि मैक्सर से प्राप्त तस्वीरों से अच्छी जानकारी मिल सकती है लेकिन उतनी सटीक सूचना नहीं मिल सकती जितना अमेरिकी नेताओं को मिलती है।




यूक्रेन के नेशनल गार्ड के सैनिक सुरक्षा सेवा एजेंटों और पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर खार्किव में एक संयुक्त अभियान के दौरान एक मोबाइल चौकी की रक्षा करते हुए

## संप्रभुता की कीमत पर सहायता के खिलाफ है : चीन

**बीजिंग।** अमेरिका की ओर से नेपाल को 50 करोड़ डालर के मिलेनियम कॉरपोरेशन चैलेंज कार्यक्रम से चौकन्ने चीन ने कहा कि वह जबरदस्ती की कूटनीति और संप्रभुता की कीमत पर सहायता के खिलाफ है।

PUBLIC NOTICE

I, Smt. Asha Bhargava R/o D-128, Anand Vihar, Delhi-110092 have declare that my original title documents related to the above said property, Original perpetual Sub-Lease dated 20-11-1978, Original Agreement to Sell,GPA, SPA, WILL,receipt etc. dated 27-04-1984 has been lost / misplaced somewhere and not traceable by my best efforts. I already lodge a lost report in this regard vide complaint no. 8957002072200007, dated 07-02-2022.

Asha Bhargava

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Dr. Jalaja Raj W/o Mr. N. Powen Raj R/o Flat No.153, 2nd Floor, Pkt. 3, Sec.23, Rohini allottee of Flat No.153, 2nd Floor, Pkt.3, Sec.23, Rohini, Delhi has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original documents i.e. Demand Letter, Handing Over Possession, Site Possession, N.O.C for electricity and water connection, Bank challans etc. of the above flat have been lost. An FIR to this effect has been lodged in Police Station Tilak Marg, New Delhi, vide NCR No.4196/2007 on 17.12.2007. Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone no. 9871155155 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director(H)-1, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

### पत्रकार को यातना देने के मामले में इस्लामाबाद के आईजी से रिपोर्ट तलब

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को शहर के पुलिस प्रमुख (आईजी) से हाल ही में गिरफ्तार एक वरिष्ठ प्रत्रकार को पुलिस द्वारा प्रताड़ित किए जाने के आरोपों पर 21 फरवरी तक रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। देश के संचार मंत्री मुराद सईद की शिकायत पर पुलिस और संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के अधिकारियों ने बुधवार को मोहसिन बेग को उनके आवास से गिरफ्तार किया था। मंत्री ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि टीवी पर एक टॉक शो के दौरान बेग ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। गिरफ्तारी के बाद अदालत मे पेशी के दौरान बेग ने मीडिया को बताया कि पुलिस हिरासत में उन्हें यातना दी गई है।

### कराची में एक टीवी प्रोड्यूसर की चोरों ने हत्या की : पुलिस

**कराची।** पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची मे शुक्रवार को जब एक टीवी प्रोड्यूसर ने चोरो को लूटपाट करने से रोकने के लिए अपनी कार से उन्हें टक्कर मारने की कोशिश की तब उन्होने उसे गोली मार दी। टीवी प्रोड्यूसर की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी नासिर आफताब ने यहां पत्रकारों को बताया कि सामना समाचार चैनल के लिए बतौर प्रोड्यूसर काम करने वाले अतहर मतीन अपने बेटे को स्कूल छोड़कर घर लौट रहे थे। रास्ते मे उन्होने दो व्यक्तियो को एक राहगीर से कुछ छीनते हुए देखा। आफताब ने बताया कि मतीन ने अपनी कार से चोरों की मोटरसाइकिल मे टक्कर मार दी, लेकिन उनमे से एक ने मतीन पर गोलियां चला दी। मतीन की मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### श्रीलंका की अदालत ने दो आला अफसरों को आरोपों से बरी किया

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने शुक्रवार को पूर्व पुलिस प्रमुख पुजित जयसुंदेरा समेत दो शीर्ष पुलिस अधिकारियो को 2019 मे ईस्टर के मौके पर हुए आतंकवादी हमले के सिलसिले मे लापरवाही के सभी आरोपो से बरी कर दिया। इस हमले मे 11 भारतीयो समेत करीब 270 लोगो की मौत हुई थी। उच्च न्यायालय ने जयसुंदेरा और पूर्व रक्षा सचिव हेमासिरी फर्नांडो को लापरवाही के सभी आरोपो से बरी कर दिया। दोनो पर खुफिया सूचना के बाद भी हमले को रोकने के लिए कदम नही उठाने के आरोप थे। दोनो के वकीलों के अनुसार अदालत ने दोनो के विरूद्ध मामला दर्ज करने मे अटॉर्नी जनरल की गलती पाई है। दोनो को इस आतंकवादी हमले के तीन महीने बाद जुलाई, 2019 मे गिरफ्तार किया गया था।

### अमेरिका के कैलिफोर्निया स्टेट विवि के कुलाधिपति ने इस्तीफा दिया

**लास एंजिलिस (अमेरिका)।** अमेरिका की सबसे बड़े विश्वविद्यालय तंत्र, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी(सीएसयू) के कुलाधिपति ने यौन शोषण के आरोप के मामलो को सही तरीके से नही सुलझाने के आरोप लगाए जाने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सीएसयू न्यासी बोर्ड की ओर से कहा गया कि जोसफ आई. कास्त्रो ने बृहस्पतिवार को त्यागपत्र दे दिया। कास्त्रो ने एक बयान मे इसे अपने पेशेवर जीवन का सबसे कठिन फैसला करार दिया है। उन्होने इन खबरो के बाद यह कदम समय उठाया कि कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, फ्रेस्नो के अध्यक्ष रहते हुए उन्होने एक वरिष्ठ अधिकारी के विरुद्ध यौन उत्पीड़न तथा अन्य मामलो को सही प्रकार से नही निपटाया। उक्त अधिकारी को बाद मे सेवानिवृत्त होने की अनुमति दे दी गई थी। न्यासी बोर्ड ने कहा कि नए कुलाधिपति की नियुक्ति होने तक, सीएसयू के कार्यकारी कुलपति और मुख्य वित्तीय अधिकारी स्टीव रेल्या कार्यवाहक कुलाधिपति के तौर पर काम करेंगे।

# रूस के किसी भी बहाने से यूक्रेन पर हमले की आशंका से चिंता बढ़ी

● पश्चिमी देश इसे लेकर सतर्क

भाषा। कीव

**यूक्रेन पर** रूस किस प्रकार हमला कर सकता है इसके बारे में अमेरिका ने अब तक की सबसे विस्तृत चेतावनी दी है और पश्चिमी देश इसे लेकर सतर्क हैं कि क्रेमलिन कोई बहाना बनाकर यूरोप में एक नया युद्ध छेड़ सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस के पीछे हटने का कोई संकेत नहीं मिल रहा है, इसकी बजाय और सैनिक यूक्रेन की सीमा पर एकत्र हो रहे हैं जिससे पता चलता है कि मास्को कभी भी हमला कर सकता है। बाइडन ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, हमारे पास इसकी पूरी जानकारी है कि वे यूक्रेन पर हमला करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास यह मानने के पर्याप्त कारण हैं रूस युद्ध शुरू करने के लिए कोई भी बहाना बना सकता है। पश्चिमी देशों को आशंका है कि रूस के 1,50,000 सैनिक (रूस की थलसेना का लगभग 60 प्रतिशत) यूक्रेन की सीमा पर तैनात हैं। क्रेमलिन का दावा है कि उसकी आक्रमण की कोई योजना नहीं है। बाइडन, राजनयिक माध्यम से इस संकट को सुलझाने के लिए शुक्रवार को अटलांटिक देशों के नेताओं के साथ बातचीत कर सकते हैं। खुफिया सूचना से अवगत एक अधिकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार की शाम तक अमेरिकी और यूरोपीय अधिकारी रूस द्वारा बहाना बनाकर युद्ध छेड़ने की आशंका को लेकर बेहद सतर्क थे।



## बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास करेगा रूस



रूसी राष्ट्रपति पुतिन, और बेलारूसी राष्ट्रपति लुकाशेंको मास्को में वार्ता से पहले मिलते हुए

**मास्को।** रूसी सेना ने शुक्रवार को अपने सामरिक परमाणु बलों के बड़े पैमाने पर अभ्यास की घोषणा की। यह घोषणा पश्चिम की आशंका के बीच की गई है कि रूस यूक्रेन पर हमला करने की तैयारी कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शनिवार को होने वाले अभ्यास की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करेंगे। अभ्यास में लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों को भी शामिल किया जाएगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने कहा कि पुतिन रक्षा मंत्रालय में एक कक्ष से इस अभ्यास का निरीक्षण करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि इस अभ्यास की योजना कुछ समय पहले बनाई गई थी ताकि रूसी सैन्य कमान और सैनिकों की तैयारी के साथ ही अपने परमाणु और पारंपरिक हथियारों की विश्वसनीयता की जांच की जा सके। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को आगाह किया था कि रूस कुछ दिनों के अंदर यूक्रेन पर हमला कर सकता है।

पश्चिम की आशंका करीब 1,50,000 रूसी सैनिकों के यूक्रेन की सीमाओं के पास एकत्र होने के मद्देनजर है। इनमें रूस की कुल जमीनी सेना का लगभग 60 प्रतिशत शामिल है। हालांकि, रूस जोर देता रहा है कि हमला करने का उसका कोई इरादा नहीं है, लेकिन उसकी मांग है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश, यूक्रेन तथा अन्य पूर्व सोवियत देशों को नाटो से बाहर रखें, यूक्रेन में हथियार तैनात न करें और पूर्वी यूरोप से नाटो बलों को वापस बुला लें। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस की मांगों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है।

SBFC

SBFC Finance Pvt. Ltd.
(Erstwhile Small Business Fincredit India Pvt. Ltd.)

Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, Sangam Complex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala, Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

सार्वजनिक सूचना

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. द्वारा दिनांक **26 फरवरी 2022** को या उसके पश्चात 10 बजे क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली-110024 नई दिल्ली-110024, फरीदाबाद शाखा D-2, पहली मंजिल, नजदीक 1-2 चौक फरीदाबाद हरियाणा और गुरूग्राम शाखा पहली मंजिल,प्रोपर्टी नं. 342/9, सुभाश नगर, नई रेल्वे रोड, गुरूग्राम 122001,नॉएडा: प्लाट नंबर–5,ग्राउंड फ्लोर, वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर – 101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा – 201304 गाजियाबाद शाखा 2बी,RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़- पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग, गढ़ रोड़, हापुड़-245101 पर की जाएगी।
नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में असमर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।
Faridabad Branch, PR00947695/AP00182435, PR00973326/AP00153595, PR00862727/AP00336316, PR00888483/AP00350229, PR00888510/AP00350321, PR00970450/AP00340623, PR00973303/AP00320279, PR00970937/AP00327421, PR01001265/AP00338411, PR00910104/AP00357235, PR00978172/AP00320279, PR00946570/AP00194430, PR00964038/AP00317732, PR00840512/AP00327245, PR00991062/AP00320279, PR00947723/AP00181418, PR00843029/AP00182942, PR00973280/AP00327245, PR00861198/AP00335708, PR00866653/AP00210190, PR00929420/AP00370769, PR00934074/AP00372944, PR00898538/AP00354390, PR00959872/AP00191992, PR00911823/AP00345498, PR00850123/AP00210970, PR00838785/AP00326670, PR00891708/AP00265322, PR00990164/AP00182293, PR00965080/AP00363352, PR00958728/AP00385874, PR00973394/AP00032119, PR00970446/AP00313107, PR00903577/AP00351124, PR00959858/AP00272136, PR00838636/AP00187725, PR00929881/AP00277843, PR01000054/AP00183344, PR00918195/AP00363879, PR00861961/AP00273700, PR00857114/AP00208549, PR00920278/AP00266018, PR00915626/AP00362755, PR00972675/AP00273700, PR00985134/AP00208549, PR00984349/AP00075761, PR00960013/AP00195773, PR00879319/AP00192234, PR00947712/AP00184502, PR00841329/AP00290354, PR00838773/AP00183214, PR00956888/AP00192234, PR00880858/AP00345730, PR01003250/AP00370316, PR00923146/AP00190807, PR00867306/AP00194699, PR00921010/AP00247234, PR00888959/AP00203181, PR01006046/AP00190807, PR00890410/AP00194699, PR00899451/AP00329700, PR00947953/AP00203181, PR00987727/AP00320560, PR00979847/AP00194699, PR00947731/AP00153595, Ghaziabad Branch, PR00866869/AP00331295, PR00937627/AP00338375, PR00872475/AP00340719, PR00932422/AP00371887, PR00866977/AP00331295, PR00981374/AP00341539, PR00981126/AP00328806, PR00838405/AP00326336, PR00945392/AP00331295, PR00985812/AP00400362, PR00860073/AP00335224, PR00862888/AP00336559, PR00980897/AP00377909, PR00894497/AP00352946, PR00854633/AP00330233, PR00943757/AP00378549, PR00866795/AP00335050, PR00959121/AP00386695, PR00857702/AP00334466, PR00949632/AP00378214, PR00995405/AP00335050, PR00988424/AP00376944, PR00963571/AP00356418, PR00965707/AP00391653, PR00969960/AP00392921, PR00981814/AP00384220, PR00838951/AP00326922, PR00952072/AP00384262, PR00961253/AP00389033, PR00980552/AP00345506, PR00868529/AP00339605, PR00988181/AP00339058, PR00873608/AP00324226, PR00857431/AP00331295, PR00877524/AP00336500, PR00872480/AP00340716, PR00873608/AP00324226, Gurugram Branch, PR00887711/AP00335410, PR00862655/AP00198704, PR00863547/AP00337306, PR00932974/AP00273414, PR00941996/AP00314156, PR00950167/AP00383733, PR00946225/AP00312546, PR00902170/AP00186104, PR00905030/AP00112369, PR00937687/AP00165627, PR00966408/AP00312546, PR00951072/AP00186104, PR00944354/AP00210440, PR00948903/AP00166842, PR00931314/AP00187658, PR00848938/AP00051343, PR00957248/AP00210440, PR00901048/AP00304132, PR00850226/AP00331218, PR00935683/AP00310529, PR00983542/AP00186963, PR00840580/AP00281502, PR00868107/AP00339454, PR00947688/AP00182575, PR00994829/AP00186963, PR00917072/AP00274238, PR00932082/AP00176512, PR00973479/AP00327410, PR00960908/AP00388692, PR00957312/AP00334270, Hapur branch, PR00985691/AP00400307, PR00955410/AP00385277, PR00992491/AP00404304, PR00889261/AP00343361, PR00905695/AP00355309, PR00905723/AP00357058, PR00919802/AP00364600, PR00861137/AP00335677, PR00954139/AP00353968, PR00889975/AP00351178, PR00942405/AP00334780, PR00936260/AP00375424, PR00907738/AP00357866, PR00958643/AP00386478, PR00874292/AP00341253, PR00959567/AP00375424, PR00957585/AP00385979, PR00924580/AP00367954, PR00933830/AP00372768, PR00949890/AP00383544, PR00933028/AP00372166, PR00991941/AP00404188, PR00972629/AP00369443, PR00985110/AP00378574, PR00993270/AP00405789, PR00987382/AP00400863, PR00973932/AP00369443, PR00902050/AP00355820, PR00874214/AP00340097, PR00890533/AP00351348, PR00911150/AP00339996, PR00936116/AP00374864, PR00991666/AP00403978, PR00891690/AP00351348, PR00979646/AP00398642, PR00881566/AP00345962, PR00911404/AP00358164, PR00883293/AP00346551, PR00979290/AP00398511, PR00903642/AP00356332, PR00878154/AP00334953, Lajpat Nagar Branch, PR00986529/AP00044621, PR00966945/AP00391942, PR00888449/AP00182471, PR00960874/AP00386121, PR00957812/AP00115447, PR00927422/AP00369696, PR00947250/AP00182471, PR00926248/AP00044437, Laxmi Nagar branch, PR00977169/AP00266926, PR00973168/AP00377060, PR00979014/AP00398443, PR00981314/AP00167081, PR00883735/AP00173448, PR00960825/AP00168827, PR00982305/AP00399382, PR00900263/AP00354989, PR00981651/AP00274453, PR00964245/AP00308076, PR00926973/AP00204152, PR00983916/AP00399796, PR00944946/AP00328300, PR00955580/AP00173981, PR00949992/AP00383632, PR00960993/AP00109150, PR00978528/AP00398313, PR00907725/AP00113839, Noida branch, PR00849929/AP00330276, PR00981118/AP00399067, PR00858071/AP00334538, PR00944489/AP00378807, PR00853644/AP00330276, PR00903267/AP00356186, PR00981573/AP00399188, PR00862164/AP00329967, PR00988071/AP00333506, PR00859563/AP00334574, PR00996700/AP00398758, PR00867785/AP00339334, PR00868123/AP00339463, PR00862718/AP00336331, PR00982651/AP00399284, PR00971731/AP00393633, PR00962427/AP00377487, PR00985529/AP00400244, PR00854153/AP00333234, PR00946315/AP00341324, PR00908086/AP00357994, PR00984086/AP00399841, PR00855974/AP00333234, PR00988960/AP00337470, PR00971698/AP00340973, PR00857532/AP00334351, PR00993545/AP00386829, PR00937085/AP00368967, PR00986473/AP00400571, PR00993605/AP00405782, PR00943807/AP00378510, PR00862209/AP00329892, PR00849989/AP00330077, PR00994700/AP00406114, PR00996263/AP00398865, PR00965313/AP00391546, PR00980995/AP00394201, PR00984139/AP00399382, PR00942741/AP00378223, PR00877438/AP00343839, PR00963357/AP00390980, PR00971553/AP00393542, PR00972600/AP00393997, PR00995436/AP00401106, PR00996204/AP00334429, PR00983124/AP00341606, PR00996492/AP00341498, PR00963873/AP00335013, PR00994503/AP00384747, PR00849964/AP00330884, PR00989700/AP00401855, Rohini Branch, PR00854011/AP00333205, PR00968511/AP00386093, PR00864349/AP00338047, PR00945688/AP00280339, PR00961268/AP00271216, PR00958984/AP00386093, TUGHLAKABAD Branch, PR00905333/AP00016182, PR00960344/AP00384652, PR00938145/AP00376772, PR00856250/AP00333902, PR00877458/AP00037002, PR00946725/AP00082211, PR00860741/AP00335500, PR00929312/AP00309689, PR00888942/AP00037002, PR00941790/AP00377939, PR00861713/AP00335500, PR00905892/AP00357146, PR00922478/AP00366211, PR00920676/AP00365063, PR00916328/AP00247219, PR00904399/AP00175976, PR00923707/AP00366211, PR00955425/AP00072315, PR00959073/AP00386709, PR00927997/AP00175976, PR00952465/AP00366211, PR00919801/AP00293785, PR00925084/AP00369318,

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:

एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि.

संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207, फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037

एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है

# यूनान में जहाज में आग लगने से यात्री फंसे, 11 अन्य लापता



भाषा। एथेंस

**दमकलकर्मी** और बचाव विशेषज्ञ पश्चिमी यूनान के तट पर एक जहाज में आग लग जाने के बाद उस पर फंसे दो लोगों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि 11 अन्य लापता बताए जा रहे हैं। यूनानी अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तटरक्षक ने बताया कि चालक दल के सदस्यों सहित 278 लोगों को आग की लपटों से घिरे जहाज से बाहर निकाल लिया गया। यह घटना उस वक्त हुई, जब यूरोफेरी ओलंपिया नामक जहाज शुक्रवार को इटली की ओर जा रही थी। उसपर 291 लोग सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि बचाए गए यात्रियों को कोर्फू ले जाया गया, जहां 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से किसी की हालत गंभीर नहीं है।

# यूक्रेन के अशांत पूर्वी हिस्से में भारी गोलाबारी

भाषा। कीव (यूक्रेन)

**पूर्वी यूक्रेन** में तनावपूर्ण सीमा पर बृहस्पतिवार को भारी गोलाबारी हुई, संघर्ष विराम की निगरानी कर रहे ड्रोन जीपीएस का सिग्नल जाम होने पर भटक गए और मोबाइल फोन का नेटवर्क भी चला गया। रूस समर्थित अलगाववादियों ने यूक्रेन के सैनिकों के खिलाफ जिस इलाके में वर्षों लड़ाई लड़ी है, वहां शांति कायम रखने की जिम्मेदारी संभाल रहे अंतराष्ट्रीय निगरानीकर्ताओं के एक समूह ने बृहस्पतिवार को 24 घंटे में 300 से ज्यादा विस्फोट होने की बात कही है। यह संख्या पिछले महीने की तुलना में करीब चार गुणा अधिक है। विश्व, यूक्रेन की सीमा के पास रूसी सैनिकों के जमावड़े पर करीबी नजर रखे हुए है। इस बीच , पश्चिम देशों के अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अशांत पूर्वी हिस्से से चिंगारी भड़क सकती है। हाल के हफ्तों में अमेरिका ने कहा है कि यह टकराव रूस को सीमा पार करने का बहाना दे सकता है। स्तेनीत्सीय लुशांका गांव में बृहस्पतिवार को गोलाबारी हुई। यूक्रेन के एक सैन्य कमांडर ने कहा कि इस हमले में तीन लोग घायल हो गए और आधे गांव की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। एक गोला एक किंडरगार्टन में जाकर गिरा जिससे दीवार में छेद हो गया। एक अन्य गोले से स्कूल के अहाते में गड्ढा हो गया और आसपास के घरों की खिड़कियों के कांच टूट गए। स्कूल की निदेशक ओलेना यारयाना ने बताया, हमने कांच टूटने की आवाज सुनी।

### विद्रोही नेता ने नागरिकों को निकाले जाने की घोषणा की

**कीव।** पूर्वी यूक्रेन में बढ़ते तनाव के बीच एक अलगाववादी नेता ने नागरिकों को रूस भेजने की घोषणा की है। दोनेत्स्क क्षेत्र में अलगाववादी सरकार के प्रमुख देनिश पुशिलिन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पहले महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को निकाला जाएगा तथा रूस ने उन्हें ठहराने के लिए आवश्यक सुविधाएं तैयार की हैं। यह कदम हाल के दिनों में क्षेत्र में यूक्रेन के सरकारी बलों और रूस समर्थित विद्रोहियों के बीच गोलाबारी में वृद्धि के बीच आया है। इससे पश्चिमी आशंकाओं को बल मिला है कि रूस इस बहाने हमला कर सकता है। पूर्वी यूक्रेन में 2014 में हुए अलगाववादी संघर्ष में 14,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने वैश्विक आतंकवाद को लेकर जताई चिंता

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने शुक्रवार को कहा कि अफगानिस्तान से आतंकवादियों के फैलाव से यह प्रदर्शित होता है कि किस कदर वे सत्ता में पैदा हुए शून्य का दोहन कर रहे हैं और कमजोर देशों में तख्तापलट कर रहे हैं। उन्होंने विश्व पर मंडरा रहे वैश्विक आतंकवाद के खतरे पर चिंता प्रकट करते हुए यह बात कही। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में गुतारेस ने कहा कि निरंतर बढ़ते एवं गहराते भू-राजनीतिक विभाजन के चलते विश्व दुर्भाग्य से कहीं अधिक जटिल और खतरनाक स्थिति में चला गया है। यह संकट का प्रसार कर रहा है और विश्व पर वैश्विक आतंकवाद का खतरा मंडरा रहा है।

Origo Commodities India Pvt Ltd
(CIN: U51103DL2011PTC213352)
Registered Office: FK-06, First Floor, Somdatt Chamber – I, 5, Bhikaji Cama Place, New Delhi – 110066
Corporate Office: Plot No. 37, 1st Floor, Institutional Area, Sector - 18, Gurgaon - 1220016
Tel: +911244934750 email:info@origoindia.com website: www.origoindia.com

PUBLIC NOTICE
CORRECTION FOR TYPOGRAPHICAL ERROR

Notice is hereby given to all the stakeholders that period mentioned in the financials of the Company for the quarter ended 31st December, 2021 published in the newspaper "PIONEER" English and Hindi (Delhi Edition) on Friday, 18th February, 2022 be read as follows:

(Figures In Lacs)

| For the quarter ended | | For the 9 month period ended | | For the year ended |
|---|---|---|---|---|
| December 31, 2021 | September 30, 2021 | December 31, 2021 | December 31, 2020 | March 31, 2021 |
| Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |

Point No. 5 be read as follows
The above standalone results have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 8th February 2022 and have been reviewed by the Statutory Auditors of the Company in accordance with the requirement of regulation 52 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (Listing Regulations).
Regret for the inconvenience caused.

For and on behalf of
For Origo Commodities India Private Limited
Date:18th February, 2022 Place: Gurugram

Sd/-
Mayank Dhanuka
Whole Time Director
DIN: 02572510

# अमेरिकी न्यायाधीश ने ट्रंप को जांच के सिलसिले में बयान दर्ज कराने का आदेश दिया

भाषा। न्यूयॉर्क (अमेरिका)



अमेरिका में एक न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को आदेश दिया कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी कारोबारी गतिविधियों की दीवानी जांच के सिलसिले में सवालों का हल्फिया जवाब दर्ज कराएं। न्यायाधीश आर्थर एन्गोरोन ने आदेश दिया कि ट्रंप और उनकी बेटी इवांका तथा बेटा डोनाल्ड ट्रंप जूनियर न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेतिशिया जेम्स द्वारा दिसंबर में जारी किए गए सम्मन का पालन करें। उन्होंने कहा कि ट्रंप और उनके दोनों बच्चे 21 दिनों के अंदर अपने बयान दर्ज कराएं। न्यायाधीश ने ट्रंप और जेम्स के कार्यालय के वकीलों की दो घंटे तक चली जिरह के बाद यह फैसला दिया। अदालत ने कहा, अंतिम विश्लेषण में, राज्य की अटॉर्नी जनरल ने एक कारोबारी इकाई की जांच शुरू की और संभावित वित्तीय धोखाधड़ी के प्रचुर सबूतों का पता लगाया तथा वह इस कारोबार से जुड़े कई लोगों से सवाल-जवाब करना चाहती हैं। उनके पास ऐसा करने का स्पष्ट अधिकार है। इस फैसले के खिलाफ अपील की जा सकती है। जेम्स ने कहा कि उनकी जांच में ऐसे सबूत मिले हैं कि ट्रंप की कंपनी ने कर्ज और कर में छूट लेने के लिए गोल्फ कोर्स और स्काईस्क्रैपर्स जैसी संपत्तियों के मूल्यांकन में फर्जीवाड़ा किया। ट्रंप ने एक बयान में कहा, कोई मामला नहीं बनता है। उन्होंने जेम्स के कार्यालय पर उनके कारोबारी संबंधों तथा राजनीतिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए अपने भ्रष्ट विवेक का इस्तेमाल कर यह सब कुछ करने का आरोप लगाया।

### कनाडा में प्रदर्शनरत ट्रक चालकों की अगुवाई करने वाले दो लोग गिरफ्तार

भाषा। ओटावा

**कनाडा की** राजधानी ओटावा की सड़कों पर प्रदर्शन कर जाम लगाने वाले सैकड़ों ट्रक चालकों का नेतृत्व कर रहे दो नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे लिच और क्रिस बार्बर को पार्लियामेंट हिल इलाके के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लगभग तीन सप्ताह से चल रहे विरोध प्रदर्शनों को समाप्त करने की प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी है, लेकिन प्रदर्शनकारी ट्रक चालक वहीं डटे हैं और अपने-अपने ट्रकों के हॉर्न बजाकर वहां से नहीं हटने का संकेत दे रहे हैं।

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लि. 4/10, माइथ्री टावर, बोम्मनहल्ली होसुर मेन रोड बैंगलौर- 560068

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भाविन मेकुनाथ/ दिव्या/ LBCLT00002413295 | जैसा कि ऋण दस्तावेज/ संपत्ति दस्तावेज में वर्णित है, जिसमें दरवाजा संख्या 354, वार्ड 20 अरकिनार पो, बेपोर गांव मीनाचंदटाउन, रेसी नंबर 132/11बी, कालीकट 673028 शामिल हैं/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि: 14- फरवरी- 2022 | 09 अगस्त 2021 ₹ 36,26,663.00/- | कालीकट |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: फरवरी 19, 2022
स्थान: गुडगाँव

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी मसाले

स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रत्येक रसोई में अत्यावश्यक चीजों की सूची पेश करते हैं **शम्मी अग्रवाल**

भारत उन मसालों की विविधता में अत्यंत समृद्ध है जिनका उल्लेख आयुर्वेद की प्राचीन पुस्तकों में उनके औषधीय गुणों के कारण किया गया है। ये मसाले स्वाद बढ़ाने के अलावा, पोषक तत्वों की मात्रा को भी बढ़ाते हैं। वैसे तो हमारे खाने में मसालों का इस्तेमाल होता है, लेकिन हम उनके औषधीय गुणों से अंजान हैं। मसाले स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ हमारी सेहत को भी बेहतर बना सकते हैं।

## हल्दी

यह भारत में हर घर में इस्तेमाल होने वाला एक बहुत ही सामान्य मसाला है। हल्दी में करक्यूमिन होता है जिसमें सूजन-रोधी गुण और शक्तिशाली विषाक्तरोधक होते हैं। इतना ही नहीं, यह मस्तिष्क के कार्यों को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। तो अगली बार अपनी सब्जियों में कुछ अतिरिक्त हल्दी डालने से पहले झिझकें नहीं।

## धनिया

धनिया पाउडर एक धुएँ के रंग का स्वाद प्रदान करता है और इसका अनेक भारतीय व्यंजनों में उपयोग किया जाता है। आयुर्वेद के अनुसार, धनिया का पाउडर पाचन, मधुमेह, विभिन्न त्वचा और स्वास्थ्य समस्याओं में मदद करता है।



काली मिर्च या ब्लैक पैपर

यह मसाला सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में पाया जाता है। लोग आमतौर पर इस मसाले को खाने में इस्तेमाल करने से परहेज करते हैं क्योंकि यह तीखा मसालेदार स्वाद प्रदान करता है, जो अनेक व्यंजनों के स्वाद को बढ़ाता है।

आयुर्वेदिक विज्ञान इस मसाले को एक आवश्यक वस्तु के रूप में पहचानता है क्योंकि इसमें लाभकारी पौधों के कम्पाऊंड्स की उच्च सांद्रता होती है। काली मिर्च में मौजूद पिपेरिन में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो मुक्त कणों से होने वाले नुकसान को रोकने व उन्हें नियंत्रित करने में कारगर होते हैं। इसमें एंटी-माइक्रोबियल क्षमता और गैस्ट्रो-प्रोटेक्टिव मॉड्यूल भी हैं।

## पेपरमिंट

पेपरमिंट का अरोमाथेरेपी और लोक चिकित्सा में उपयोग किए जाने का इतिहास रहा है। पेपरमिंट ऑयल दर्द प्रबंधन और चिड़चिड़ाने वाले आंत्र सिंड्रोम में मदद करता है। यह बृहदान्त्र में चिकनी मांसपेशियों को आराम देता है और मल त्याग के दौरान होने वाले दर्द को दूर करता है। यह मतली से लड़ने में भी मदद करता है। हालांकि जिन लोगों को गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल की समस्या है उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

## दालचीनी

दालचीनी रक्त शर्करा के स्तर को घटाने में काफी मदद करती है और इसमें मधुमेह विरोधी गुण भी होते हैं। इसमें सिनामाल्डिहाइड नामक एक यौगिक होता है, जो इसके औषधीय गुणों के लिए जिम्मेदार होता है। दालचीनी में एक एंटीऑक्सीडेंट गुण भी होता है जो सूजन से लड़ने में मदद करता है और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है। सबसे अच्छी बात यह है कि आप इस मसाले को लगभग हर चीज में मिला सकते हैं – नमकीन से लेकर मीठे तक – वो भी बिना किसी झिझक के। इसके अलावा, आप इसे माउथ फ्रेशनर के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं और खाना खाने के बाद इसे चबा सकते हैं।

आयुर्वेद के अनुसार, रसोई में उपलब्ध हर मसाले की एक भूमिका होती है। सुनिश्चित करें कि आप अपने और अपने परिवार को स्वस्थ और तंदुरूस्त रखने के लिए इन मसालों का नियमित रूप से उपयोग करते हैं।

**( लेखक पंसारी ग्रुप के एमडी हैं )**

# नाम में क्या है?



## क्या दही और योघर्ट एक ही हैं? इसकी खपत और बनावट में अंतर बता रहे हैं विवेक मणि

दही और योघर्ट के समान होने के बारे में एक आम गलत धारणा है कि यह केवल एक भारतीय और पश्चिमी शब्द का अंतर है। आश्चर्य नहीं कि दोनों के बीच के अंतर के बारे में जागरूकता की कमी ने उपभोक्ताओं को भ्रमित कर दिया है। दही और योघर्ट दो अलग-अलग प्रकार के डेयरी उत्पाद हैं।

दही एक डेयरी उत्पाद है जो दूध के दही जमाने और फर्मेन्टेशन द्वारा प्राप्त किया जाता है। दूध के दही जमाने में एक अम्लीय तत्व मिलाना शामिल होता है। उदाहरण के लिए, यह खाद्य अम्लीय पदार्थ नींबू का रस या सिरका हो सकता है। दूध से तरल भाग निकालने के बाद, आपको दही मिलता है। दही बनाने की दूसरी विधि दूध के जीवाणु फर्मेन्टेशन या किण्वन द्वारा है। इस प्रक्रिया में, दूध में लैक्टोज अनेक सूक्ष्मजीवों द्वारा लैक्टिक एसिड में परिवर्तित हो जाता है। दही किण्वन बैक्टीरिया संस्कृतियों के मिश्रित सेट का उपयोग करके होता है, जो अंतिम बनावट और स्वाद को प्रभावित करता है, जिससे यह थोड़ा अम्लीय हो जाता है। भारत में, दही को एक स्वस्थ तत्व माना जाता है क्योंकि यह पचाने में मदद करता है और मसालेदार भोजन से राहत प्रदान करता है।

दूसरी ओर, दही एक डेयरी उत्पाद है जो खास किस्म की बैक्टीरिया संस्कृतियों के उपयोग द्वारा दूध को किण्वित करके बनाया जाता है। दूध को किण्वित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले बैक्टीरिया को योघर्ट कल्चर के रूप में जाना जाता है। योघर्ट को संस्कृतियों के एक मानकीकृत सेट के साथ तैयार किया जाता है जो कि बनावट और स्वाद को भी सुनिश्चित करता है जो हल्का व सुखद होता है। दूध का किण्वन लैक्टोबैसिलस डेलब्रुइकी एसपीपी.बुलगारिकस और स्ट्रेप्टोकोकस थर्मोफिलस नामक बैक्टीरिया के दो विशिष्ट उपभेदों को जोड़कर होता है। यह योघर्ट में बैक्टीरिया की गुणवत्ता और सही मात्रा दोनों सुनिश्चित करता है। साथ ही, यह सुनिश्चित करता है कि अधिक अच्छे बैक्टीरिया आंतों तक पहुंचें और स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

प्रोबायोटिक योघर्ट भी सबसे व्यापक रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले प्रोबायोटिक भोजन में से एक है। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार, प्रोबायोटिक्स को जीवित सूक्ष्मजीवों के रूप में परिभाषित किया गया है, जो पर्याप्त मात्रा में प्रशासित होने पर, पाचन में



सुधार, प्रतिरक्षा को मजबूत करने आदि जैसे विभिन्न स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करेगा। योघर्ट में प्रोबायोटिक्स के साथ-साथ पहले से मौजूद पोषक तत्व प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, वसा और खनिजों का एक अच्छा संतुलन प्रदान करते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे होते हैं। योघर्ट विभिन्न प्रकार के होते हैं, जैसे ग्रीक योघर्ट, कम वसा वाला योघर्ट, पीने का योघर्ट, भेड़ के दूध का योघर्ट और अन्य बहुत कुछ।

### स्वास्थ्य सुविधाएं

योघर्ट और दही दोनों डेयरी उत्पाद हैं जो लंबे समय तक भरपेट रहने में मदद करते हैं और लैक्टोज सहन न कर पाने वाले लोगों के लिए पाचन कार्य हेतु उपयुक्त हैं। वे कैल्शियम, फास्फोरस, राइबोफ्लेविन-विटामिन बी2, आयोडीन, विटामिन बी12, पैंटोथेनिक एसिड-विटामिन बी5, जिंक और पोटेशियम के अच्छे स्रोत हैं। योघर्ट में मौजूद बैक्टीरिया इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने में मदद करते हैं।

दोनों विटामिन व खनिजों में समृद्ध हैं जो शरीर के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये पदार्थ वृद्ध लोगों में गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों की रोकथाम में सहायता करते हैं। डेयरी उत्पाद हमारी दैनिक प्रोटीन आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी मदद करते हैं। सभी डेयरी उत्पाद स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त हैं, और दही और योघर्ट दोनों उस सूची में अपवाद नहीं हैं। हालांकि, दोनों के बीच अंतर को समझने से उपभोक्ताओं द्वारा जागरूकता और बेहतर विकल्प बनाने में मदद मिलेगी।

### क्या चुनें और कब चुनें

योघर्ट नाश्ते या नाश्ते के विकल्प के रूप में होता है लेकिन यह एक लोकप्रिय मिठाई भी है। हम दही को विभिन्न खाद्य पदार्थों जैसे ओट्स, नट्स, फलों और अनाज के साथ शामिल कर सकते हैं – बिलकुल दही की तरह। भारत में, हम दही चावल, कढ़ी पकोड़ा, दही चाट और मसालेदार खाद्य पदार्थों के साथ रायता जैसे साइड डिश जैसे व्यंजनों के लिए महत्वपूर्ण सामग्री के रूप में दही का उपयोग करते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में, लोगों ने खाद्य पदार्थों के साथ प्रयोग करना शुरू कर दिया है और दही का उपयोग विकसित हो गया है। अधिकांश भारतीय दही को फलों के अतिरिक्त या अनाज के कटोरे के हिस्से के रूप में देखते हैं। आमतौर पर लोग दही को हल्का और स्वस्थ रखने के लिए सुबह के पहले भोजन के रूप में पसंद करते हैं।

लेकिन बदलते चलन के साथ, इसे फ्रूट टॉपिंग या अपनी पसंद की सामग्री जोड़कर स्नैक विकल्प के रूप में सेवन किया जा सकता है। इसकी थोड़ी मलाईदार बनावट के साथ, यह अनेक व्यंजनों में भारी क्रीम के प्रतिस्थापन के रूप में भी एक अच्छा विकल्प है। दही और योघर्ट दोनों लस्सी, छास, या बिरयानी और अन्य खाद्य पदार्थों के साथ बनाने के लिए उत्कृष्ट विकल्प हैं।

**( लेखक हेरिटेज नोवांडी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ हैं )**

# पेपाल की कहानी को बयां करेगी द फाउंडर्स




**पेपाल के डिजिटल दुनिया की तस्वीर बदलकर रख देने वाली सच्ची कहानी को पिरोने की कोशिश की गई है। यह पुस्तक 24 फरवरी को दुकानों पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगी।**

**नई दिल्ली।** बहुराष्ट्रीय डिजिटल भुगतान कंपनी पेपाल का सफर एक बेतरतीब स्टार्टअप के रूप में शुरू हुआ था और आज यह 70 अरब डॉलर से भी अधिक मूल्य की कंपनी बन चुकी है। पेपाल की कामयाबी के इस सफर को पुस्तक द फाउंडर्स में बयां करने की कोशिश की गई है।

जिमी सॉनी की लिखी हुई इस पुस्तक में एलन मस्क और पीटर थिएल जैसी मशहूर हस्तियों के बारे में भी कुछ रोचक जानकारियां दी गई हैं। इस पुस्तक में पेपाल के डिजिटल दुनिया की तस्वीर बदलकर रख देने वाली सच्ची कहानी को पिरोने की कोशिश की गई है। यह पुस्तक 24 फरवरी को दुकानों पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगी।

पीटर थिएल, एलन मस्क और अन्य लोगों के साक्षात्कार और मौलिक पड़ताल के आधार पर इस पुस्तक की कहानी का ताना-बाना बुना गया है। प्रकाशक अटलांटिक बुक्स की मानें तो इसमें कई ऐसी रोचक जानकारियां हैं जो अभी तक सार्वजनिक नहीं हैं।

इस पुस्तक के लेखक जिमी सॉनी कहते हैं," आधुनिक प्रौद्योगिकी से जुड़ी कहानियों को अमूमन निजी उपलब्धियों के तौर पर पेश किया जाता है। ऐपल की कहानी से स्टीव जॉब्स और अमेजन से जेफ बेजोस को अलग नहीं किया जा सकता है। लेकिन पेपाल की सफलता की कहानी थोड़ी अलग तरह की है।

सॉनी कहते हैं, इस कहानी में कोई एक नायक या नायिका नहीं है। कंपनी के इतिहास के अलग-अलग मौकों पर अलग लोगों ने महत्वपूर्ण काम किए। इनमें से अगर एक को भी हटा दिया जाए तो संभवत: पूरी इमारत ही धराशाई हो जाएगी।

# अपने बच्चों को अब ब्रिटेन लाना सुरक्षित नहीं मानते राजकुमार हैरी




**लंदन।** ब्रिटेन के राजकुमार हैरी के वकीलों ने शुक्रवार को एक अदालत की सुनवाई के दौरान कहा कि वह अपने बच्चों को अपनी गृह देश लाने के लिए तैयार नहीं है क्योंकि यह सुरक्षित नहीं है। हैरी ने ब्रिटेन आने पर पुलिस सुरक्षा का खर्च व्यक्तिगत रूप से वहन करने के प्रस्ताव को ब्रिटेन सरकार द्वारा अस्वीकृत किए जाने को एक कानूनी चुनौती दी है। उनकी विधि टीम का कहना है कि हैरी अपने बच्चों – आर्ची (3) और लिलिबेट (8 महीने) को अमेरिका से अपने गृह देश में लाना चाहते हैं, लेकिन यह पुलिस सुरक्षा के बिना बहुत जोखिम भरा है।

ब्रिटेन के शाही परिवार के वरिष्ठ सदस्यों को करदाताओं द्वारा वित्त पोषित पुलिस सुरक्षा दी जाती है, लेकिन हैरी ने यह सुविधा तब गंवा दी जब वह और उनकी पत्नी मेगन 2020 में अमेरिका चले गए थे। दंपति ने कहा कि उनका निर्णय ब्रिटिश मीडिया की असहनीय दखलंदाजी और नस्लवादी रवैए के कारण था। हैरी सुरक्षा का भुगतान खुद करना चाहते हैं। उनका कहना है कि अमेरिका में उसकी निजी सुरक्षा टीम के पास विदेश में पर्याप्त अधिकार क्षेत्र या ब्रिटेन की खुफिया जानकारी तक पहुंच नहीं है। ब्रिटेन सरकार ने कहा है कि कानूनी कार्यवाही पर टिप्पणी करना अनुचित है। लंदन में उच्च न्यायालय में एक सुनवाई के दौरान, हैरी की वकील शाहिद फातिमा ने कहा कि हैरी के लिए जो सुरक्षा व्यवस्था है, उसे देखते हुए वह ब्रिटेन में होने पर सुरक्षित महसूस नहीं करते है।

# डायलिसिस में देरी बढ़ा रहे आईसीयू में दाखिले



**लखनऊ।** गुर्दे का खराब होना एक बहुत ही गंभीर समस्या है, इलाज समय पर न मिलने से समस्या अधिक गंभीर हो सकती है, जिसके नतीजतन वो ज्यादा बीमार हो सकते हैं या उनकी मृत्यु भी हो सकती है। जो लोग पहले कोविड से संक्रमित हो चुके हैं बुजुर्ग लोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और गुर्दे से संबंधित समस्याओं से पीड़ित लोगों को अपने गुर्दे के स्वास्थ्य के बारे में और भी अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर रीनल साइंसेज. डॉ दीपक दीवान ने कहा, हमने देखा कि 25.30: रोगी तथा जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता होती थी, जो गुर्दे की गंभीर समस्याओं से पीड़ित थे, वे कोविड फैलने की वजह से अपना डायलिसिस नही करा रहे थे। परिणामस्वरूप उन्हें आईसीयू में भर्ती करने की आवश्यकता पड़ी। उनमें से कुछ रायबरेली, हरदोई, बाराबंकी आदि जैसे लखनऊ के परिधीय जिलों से थे और हॉस्पिटल तक आने से परहेज कर रहे थे। हम उन्हें आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम सभी सुरक्षा उपायों का पालन कर रहे हैं और सभी रोगियों से अनुरोध करते हैं कि वे एक भी डायलिसिस को न छोड़ें क्योंकि इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं जो मृत्यु का कारण बन सकती है। सीकेडी 5 तक पहुंचने से पहले विशेषज्ञ टीम को किडनी रोगियों के साथ एक उपचार योजना बनानी चाहिए।

क्रोनिक किडनी रोग के लक्षणों को समझना महत्वपूर्ण है, ताकि आप समय पर इलाज करवा सकें और अपना सर्वश्रेष्ठ अनुभव कर सकें। गुर्दे की बीमारी या विफलता के लक्षण निम्नलिखित हैं, हर समय थकान महसूस होनाय सांस लेने में कठिनाईय बेहोशीए चक्कर या कमजोर महसूस करना सूजे हुए हाथ और पैर, खुजली, मुँह का खराब स्वादय पेट खराब, उल्टी, बार-बार पेशाब करने की इच्छा, झागदार पेशाब या कोई अन्य समस्या। यदि आप इनमें से किसी भी लक्षण से पीड़ित हैं तो आपको नजदीकी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करे और चिकित्सा सहायता ले।

# पृथ्वी को बचाने के लिए अपनी आजादी को कितना सीमित करना चाहते हैं लोग

**लीड्स ( इंग्लैंड )।** (द कन्वरसेशन) संयुक्त राष्ट्र के 2021 में हुए जलवायु सम्मेलन सीओपी26 से पहले एक जनमत सर्वेक्षण में पाया गया कि ब्रिटेन के 79 प्रतिशत प्रतिभागी अपनी सरकारों द्वारा लागू किए सख्त नियमों और पर्यावरणीय नियमों को स्वीकार करेंगे और 44 प्रतिशत लोगों को नहीं लगता कि उन्हें अपनी आदतों में बदलाव करने की सच में आवश्यकता है। इससे संकेत मिल सकता है कि कुछ लोग ही पृथ्वी को बचाने के लिए जीवनशैली में अहम बदलाव करने के इच्छुक हैं।

लोग समझ सकते हैं निजी व्यवहार से ऐसे देश में सीमित फर्क ही पड़ सकता है जहां 87 प्रतिशत होम हीटिंग सिस्टम गैस का इस्तेमाल करते हैं और विमानों का किराया ट्रेन के मुकाबले सस्ता है। आदतों में बदलाव के बजाय इन मुद्दों पर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है।

सीआरईडीएस में मेरे अध्ययन से संकेत मिलता है कि ब्रिटेन की जनता पर्यावरण की खातिर अपनी पसंद की स्वतंत्रता को सीमित करने की इच्छुक है। ब्रिटेन सरकार की जलवायु नीति का मुख्य ध्यान व्यवहार में बदलाव लाने पर केंद्रित है। यह रुख सततता पर सूचना उपलब्ध कराने पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की ऊंची कीमतों के कारण अतीत में कई लोग उन्हें खरीदने से बचते रहे हैं लेकिन 2021 में इनकी बिक्री अचानक बढ़ गई जब ब्रिटेन सरकार ने 2030 तक जीवाश्म ईंधन वाली कारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। मेरे अध्ययन में शामिल होने वाले कई लोगों ने बताया कि वे इस प्रस्तावित प्रतिबंध के कारण इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर विचार कर रहे हैं।

घरों में ऊष्मा के विकार्बनन पर हाल में एक रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों को अपने घरों की हीटिंग प्रणालियों को बदलने के लिए 10,000 पाउंड या इससे अधिक का भुगतान करने के लिए कहना एक बड़ी चुनौती है और इसके बजाय सब्सिडी दी जा सकती है और प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। हमारे अध्ययन का मकसद यह पता लगाना है कि लोगों के ऊर्जा उपभोग को कम करने के लिए सरकार के हस्तक्षेप की कितनी आवश्यकता है। जब मैंने अधिक ऊर्जा की खपत करने वाले 30 घरों के लोगों का उनकी जीवनशैली को लेकर साक्षात्कार किया तो ज्यादा लोगों ने ऊर्जा के इस्तेमाल के अपने स्तर को न्यायोचित ठहराया, जिसमें अच्छा जीवन जीने के लिए कई उपकरण वाले बड़े मकान और महंगी कारें खरीदना और एक साल में 60 बार विमान में सफर करना शामिल है। एक सहकर्मी और मैंने उन लोगों के साथ चार कार्यशालाएं आयोजित कीं जिनकी ऊर्जा की खपत का स्तर अलग था। उनमें भाग लेने वाले लोगों को लगा कि अत्यधिक, लग्जरी केंद्रित ऊर्जा की खपत से निपटने के लिए प्रतिबंध तार्किक हैं। इसमें कई बार छुट्टियों के लिए उड़ान भरना और कार के अत्यधिक इस्तेमाल को कम करने के लक्ष्य चिह्नित किए गए। कुछ लोगों ने कहा, अगर आप किसी चीज पर कर लगाते है तो जो लोग इसका खर्च वहन कर सकते हैं वे अब भी इनका इस्तेमाल करेंगे। इससे गरीब लोगों पर ही असर पड़ेगा। अध्ययन में भाग लेने वाले 84 से 96 फीसदी लोगों ने उड़ान शुल्क, कार्बन कर, शहरों में कारों की सीमित संख्या और गति की सीमा तय करने समेत विभिन्न नीतियों का समर्थन किया। इन सभी में सरकार की सख्त कार्वाई की आवश्यकता है।

# भारत ने दूसरा टी-20 आठ रन से जीता

## भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त मिली

### ●कोहली और ऋषभ पंत ने अर्धशतकीय पारी खेली

**भाषा** । कोलकाता

**विराट** कोहली और ऋषभ पंत के अर्धशतकों के बाद भुवनेश्वर कुमार की डेथ ओवरों की कसी गेंदबाजी की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां आठ रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। कोहली ने 41 गेंदों पर 52 रन जबकि पंत ने 28 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए। इन दोनों ने समान रन बनाने के साथ समान सात-सात चौके और एक-एक छक्का भी लगाया। पंत ने वेंकटेश अय्यर (18 गेंदों पर 33 रन, चार चौके, एक छक्का) के साथ पांचवें विकेट के लिए 35 गेंदों पर 76 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 186 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया।


अर्धशतकीय पारी के दौरान एक गेंद को बाउंड्री के लिए भेजते कोहली

इसके जवाब में वेस्टइंडीज निकोलस पूरन (41 गेंदों पर 62, पांच चौके, तीन छक्के) और रोवमैन पावेल (36 गेंदों पर नाबाद 68, चार चौके, पांच छक्के) के बीच 100 रन की साझेदारी के बावजूद तीन विकेट पर 178 रन ही बना पाया। भारत ने इससे पहले वेस्टइंडीज को वनडे श्रृंखला में 3-0 से हराया था। दोनों टीम के बीच तीसरा और अंतिम टी20 मैच रविवार को ईडन गार्डन्स पर ही खेला जाएगा।

भारत के दोनों लेग स्पिनरों ने युजवेंद्र चहल (31 रन देकर एक) और रवि बिश्नोई (30 रन देकर एक) ने सलामी बल्लेबाजों काइल मायर्स (नौ) और ब्रेंडन किंग (22) को पवेलियन भेजा लेकिन पूरन ने अच्छी फॉर्म बनाए रखी। उन्होंने हर्षल पटेल और चहल पर जबकि पावेल ने दीपक चाहर और बिश्नोई पर छक्के लगाकर स्कोर बोर्ड को गतिशील बनाए रखा। वेस्टइंडीज को आखिरी पांच ओवरों में 63 रन चाहिए थे। पावेल और पूरन ने पारी के 17वें ओवर में चाहर पर छक्के लगाए। पूरन ने इस छक्के से लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इसके लिए उन्होंने 34 गेंदें खेली जबकि पावेल 28 गेंदों पर 50 रन पर पहुंचे।

पटेल ने 18वें ओवर में आठ रन दिए जिससे आंकड़ा हो गया 12 गेंद पर 29 रन। भुवनेश्वर कुमार (29 रन देकर एक) ने 19वें ओवर में न केवल चार रन दिए बल्कि पूरन को भी आउट किया। पावेल ने पटेल के आखिरी ओवर में दो छक्के लगाए लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हुआ।

इससे पहले कोहली शुरू से दृढ़ इरादों के साथ क्रीज पर उतरे थे। उन्होंने अपनी टाइमिंग का शानदार नमूना पेश करके स्पिनर अकील हुसैन पर दो चौकों से शुरुआत की और इसके बाद जेसने होल्डर पर कवर में खूबसूरत चौका जड़ा। रोमेरियो शेफर्ड का स्वागत भी उन्होंने दो चौकों से किया। रोहित शर्मा (18 गेंदों पर 19 रन) ने शेफर्ड के इस ओवर में छक्का जड़कर पावरप्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 49 रन पर पहुंचाया, लेकिन भारतीय कप्तान शुरू में मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और ऑफ स्पिनर चेज के पहले शिकार बने। ब्रैंडन किंग ने इस बार कैच लेने में गलती नहीं की।

सूर्यकुमार यादव (आठ) को अपनी ही गेंद पर कैच करने वाले चेज ने कोहली को टर्न पर गच्चा देकर बोल्ड किया। कोहली ने हालांकि इससे पहले इसी ओवर में लांग ऑन पर छक्का लगाकर टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अपना 30वां अर्धशतक पूरा किया था। कोहली अपनी पारी के आखिर में स्पिनरों के सामने खुलकर नहीं खेल पाए थे लेकिन पंत और अय्यर को ऐसी कोई परेशानी नहीं हुई। गेंदबाजी में लगातार परिवर्तन कर रहे कीरोन पोलार्ड 15वां ओवर करने आए तो पंत ने उन पर तीन चौके लगाए। उन्होंने और अय्यर ने होल्डर पर छक्के लगाकर उनका गेंदबाजी विश्लेषण बिगाड़ा। पंत ने आखिरी ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया। लेकिन इशान किशन सलामी बल्लेबाज के रूप में फिर से प्रभावित नहीं कर पाए। वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे और शेल्डन कोटरेल की गेंद पर प्वाइंट पर आसान कैच देने से पहले उन्होंने 10 गेंदों पर दो रन बनाए।


इशान किशन को आउट करने के बाद जश्न मनाते शेल्डन कोट्रेल

**स्कोर बोर्ड**

**भारत**: रोहित शर्मा का का किंग बो चेज 19, इशान किशन का मायर्स बो कोटरेल 02, विराट कोहली बो चेज 52, सूर्यकुमार यादव का एवं बो चेज 08, ऋषभ पंत नाबाद 52, वेंकटेश अय्यर बो शेफर्ड 33, हर्षल पटेल नाबाद 01

अतिरिक्त (बाई 05, लेग बाई 03, नोबॉल 02, वाइड 09) 19

विकेट पतन : 1-10, 2-59, 3-72, 4-106, 5-182

गेंदबाजी: अकील हुसैन 4-0-30-0, कोटरेल 3-1-20-1, होल्डर 4-0-45-0, शेफर्ड 3-0-34-1, चेज 4-0-25-3, स्मिथ 1-0-10-0, पोलार्ड 1-0-14-0

**वेस्टइंडीज** : ब्रेंडन किंग का सूर्यकुमार बो बिश्नोई 22, काइल मायर्स का एवं बो चहल 09, निकोलस पूरन का बिश्नोई बो भुवनेश्वर 62, रोवमैन पावेल नाबाद 68, कीरोन पोलार्ड नाबाद 03

अतिरिक्त (लेग बाई 02, वाइड 12) 14

कुल (20 ओवर में, तीन विकेट पर) 178

विकेट पतन : 1-34, 2-59, 3-159

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-29-1, चाहर 4-0-40-0, चहल 4-0-31-1, पटेल 4-0-46-0, बिश्नोई 4-0-30-1

## टी-20 में विराट कोहली ले सकते हैं विश्राम, जडेजा वापसी के लिए तैयार

**नई दिल्ली** । रोहित शर्मा को श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान घोषित किया जाएगा जबकि सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली को मोहाली में अपने 100वें टेस्ट मैच से पहले विश्राम दिया जा सकता है। चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयनसमिति अगले कुछ दिनों में टीम की घोषणा कर सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोहली को मोहाली (चार से आठ मार्च) और बेंगलुरू (12 से 16 मार्च) के बीच होने वाले दो टेस्ट मैचों से पहले तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया जा सकता है। रविंद्र जडेजा घुटने की चोट से उबर गए हैं जिसके कारण वह दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि जडेजा फिट और चयन के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन वाशिंगटन सुंदर श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेलेंगे। इसके अलावा केएल राहुल का कम से कम टी-20 श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के विश्राम के बाद वापसी करने की उम्मीद है। शुभमन गिल की फिटनेस की वर्तमान स्थिति का पता नहीं चल सका। चयन समिति जब टेस्ट टीम का चयन करेगी तो चर्चा का मुख्य विषय चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे होंगे जो पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। रहाणे ने हालांकि रणजी मैच में शतक जड़कर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया है।

# गनी के तिहरे और बाबुल के दोहरे शतक से बिहार का विशाल स्कोर

**रणजी ट्रॉफी राउंडअप**

**भाषा** । कोलकाता

**सकीबुल** गनी के तिहरे शतक और बाबुल कुमार के नाबाद दोहरे शतक और दोनों के बीच चौथे विकेट की 538 रन की साझेदारी की मदद से बिहार ने मिजोरम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच के दूसरे दिन पहली पारी छह विकेट पर 686 रन पर घोषित की।

कल के स्कोर तीन विकेट पर 325 रन से आगे खेलते हुए गनी और बाबुल ने मिजोरम के गेंदबाजों को कामयाबी हाथ नहीं लगने दी। गनी 405 गेंद में 56 चौकों और दो छक्कों की मदद से 341 रन बनाकर इकबाल अब्दुल्ला की गेंद पर आउट हुए। वहीं बाबुल 398 गेंद में 229 रन बनाकर खेल रहे थे जिसमें 27 चौके और एक छक्का शामिल है।

बिपिन सौरभ ने 39 गेंद में नाबाद 50 रन बनाए। जवाब में मिजोरम ने तीन विकेट 40 रन पर गंवा दिए। तरूवर कोहली 11 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दूसरे मैच में सिक्किम के पहली पारी के 302 रन के जवाब में नगालैंड ने चार विकेट पर 300 रन बना लिए। चेतन बिष्ट 143 गेंद में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 100 रन बनाकर खेल रहे हैं।वहीं होकाइतो झिमोमी ने 179 गेंद में 88 रन बना लिए जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल हैं। दोनों ने पांचवें विकेट की अटूट साझेदारी में 170 रन बना लिए।

### सरफराज का दोहरा शतक मुंबई का बड़ा स्कोर

**अहमदाबाद** । मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान की 275 रन की पारी की मदद से मुंबई ने ग्रुप डी मैच में सौराष्ट्र के खिलाफ शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी सात विकेट पर 544 रन बनाकर समाप्त घोषित की। सौराष्ट्र ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 18 रन बनाए। हार्विक देसाई छह और स्नेल पटेल 11 रन पर खेल रहे हैं। तीसरे दिन सभी की निगाहें चेतेश्वर पुजारा पर टिकी रहेंगी जो बड़ा स्कोर बनाने के लिए जूझ रहे हैं। भारतीय टीम के उनके साथी अजिंक्य रहाणे 129 रन बनाकर श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए अपना दावा पेश कर चुके हैं। मुंबई की पारी का आकर्षण हालांकि सरफराज का दोहरा शतक रहा जिसके लिए उन्होंने 401 गेंदें खेली तथा 30 चौके और सात छक्के लगाए। उन्होंने और रहाणे ने चौथे विकेट के लिए 252 रन की साझेदारी की। निचले क्रम में तनुष कोटियान ने नाबाद 50 रन की पारी खेली। इसी ग्रुप के एक अन्य मैच में ओड़िशा ने गोवा पर पहली पारी में आठ रन की मामूली बढ़त हासिल की।

ओड़िशा ने रूपेश धूपर (नाबाद 71) रन की पारी से गोवा के 181 रन के जवाब में 189 रन बनाए। गोवा ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 87 रन बनाकर 79 रन की बढ़त हासिल कर ली है।

### ललित यादव का बड़ा शतक दिल्ली ने मजबूत पकड़ बनाई

**गुवाहाटी** । ललित यादव के अपने प्रथम श्रेणी करियर के पहले शतक से बड़ा स्कोर खड़ा करने वाली दिल्ली की टीम ने तमिलनाडु को शुरू में ही दो झटके देकर ग्रुप एच के मैच में अपनी पकड़ मजबूत बना ली। युवा बल्लेबाज यश धुल (113) के बाद ललित ने बल्लेबाजी का जिम्मा संभाला तथा 177 रन की लाजवाब पारी। इससे दिल्ली ने अपनी पहली पारी में 452 रन बनाए। तमिलनाडु ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 75 रन बनाए हैं और वह दिल्ली से 377 रन पीछे है। ललित ने सुबह 45 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई जबकि दिल्ली का स्कोर सात विकेट पर 291 रन था। ललित ने 287 गेंदों का सामना करके 17 चौके और 10 छक्के लगाए। पुछल्ले बल्लेबाजों विकास मिश्र (58 गेंदों पर सात) और कुलदीप यादव (37 गेंदों पर नाबाद नौ) ने उनका अच्छा साथ दिया। ललित ने इन दोनों के साथ अर्धशतकीय साझेदारियां निभाई। तमिलनाडु की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने लक्ष्मण सूर्यप्रकाश (23) और बाबा अपराजित (शून्य) के विकेट जल्दी गंवा दिए। स्टंप उखड़ने के समय सलामी बल्लेबाज कौशिक गांधी 37 और आर साई किशोर 11 रन पर खेल रहे थे। ग्रुप एच के ही एक अन्य मैच में छत्तीसगढ़ को झारखंड पर जीत के लिए 67 रन की जरूरत है जबकि उसके आठ विकेट बचे हुए हैं। मैच का दूसरा दिन भी गेंदबाजों के नाम रहा और दिन भर में कुल 16 विकेट गिरे। छत्तीसगढ़ ने सुबह अपनी पहली पारी चार विकेट पर 135 रन से आगे बढ़ाई लेकिन सुशांत मिश्रा (27 रन देकर पांच) की शानदार गेंदबाजी के सामने उसकी पूरी टीम 174 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में 169 रन बनाने वाली झारखंड की टीम दूसरी पारी में 133 रन ही बना पाई जिससे छत्तीसगढ़ को 129 रन का लक्ष्य मिला। उसने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 62 रन बनाए हैं।

### शाह के दोहरे शतक से महाराष्ट्र का बड़ा स्कोर

**रोहतक** । मुख्तार हुसैन के पांच विकेट के बावजूद सलामी बल्लेबाज पवन शाह के दोहरे शतक की मदद से महाराष्ट्र ने एलीट ग्रुप जी के मैच के दूसरे दिन असम के खिलाफ पहली पारी में 415 रन बना लिए। अपने कल के स्कोर पांच विकेट पर 278 रन से आगे खेलते हुए निचले क्रम के बल्लेबाजों और शाह ने महाराष्ट्र को बड़ा स्कोर दिया। शाह 401 गेंद में 20 चौकों और दो छक्कों की मदद से 219 रन बनाकर हुसैन की गेंद पर आउट हुए। वहीं दिव्यांग हिंगणकर को भी हुसैन ने पवेलियन भेजा जिन्होंने 104 गेंद में 46 रन बनाए। सत्यजीत बचाव ने 52 रन की पारी खेली। असम के लिए हुसैन ने 37 ओवर में 88 रन देकर पांच विकेट लिए। जवाब में असम ने दो विकेट पर 81 रन बना लिए थे। शुभम मंडल 34 रन बनाकर और रियान पराग 26 के स्कोर पर खेल रहे हैं।

# नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रही भारतीय टीम

**बैडमिंटन एशिया**

**भाषा** । शाह आलम (मलेशिया)

**बैडमिंटन** एशिया टीम चैम्पियनशिप में भारत का अभियान खत्म हो गया चूंकि पुरूष और महिला टीमें शुक्रवार को अपने अपने मुकाबले हारने के बाद नॉकआउट में जगह नहीं बना सकीं। पुरूष टीम को तीन बार की चैम्पियन इंडोनेशिया ने 3-2 से हराया जबकि महिला टीम को जापान ने 4-1 से मात दी।

इससे पहले भारतीय पुरूष टीम कोरिया से 0-5 से हार गई थी और हांगकांग को 3-2 से हराया था। विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पुरूष वर्ग में चिको ओरा डी वार्डोयो को 21-18, 27-25 से हराया। युगल वर्ग में हालांकि दो अनुभवहीन जोड़ियों और एकल खिलाड़ी किरण जॉर्ज को पराजय का सामना करना पड़ा। मनजीत सिंह के और डिंकू सिंह के को लियो रोली कारनाडो और डेनियल मार्टिन ने 21-16, 21-10 से मात दी। इसके बाद इखसान लियोनार्डो इमैन्युअल रूंबे ने किरण को 21-13, 17-21, 21-10 से हराया। भारत के हरिहरन अम्साकारूनन और रूबेन आर कुमार को मोहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागास मौलाना ने 21-10, 21-10 से हराया। मंजूनाथ मिथुन ने योनाथन रामली को 21-12, 15-21, 21-17 से मात दी। महिला वर्ग में भारत की आकृषि कश्यप पहले मैच में नत्सुकी निदाइरा से 13-21, 21-18, 15-21 से हार गई। असम की अष्मिता चालिहा ने रिको गुंजी को 21 . 17, 10 . 21, 21 . 19 से हराया। युगल वर्ग में दोनों मैचों में भारत को पराजय मिली और तारा शाह भी अपना मुकाबला हार गई। खुशी गुप्ता और सिमरन सिंघी को रूइ हिरोकामी और युना कातो ने 21 . 15 , 21 . 16 से हराया।

## दुबई पहुंचने पर जोकोविच का गर्मजोशी से स्वागत

**दुबई** । कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण आस्ट्रेलिया ओपन नहीं खेल सके सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का दुबई पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया और वह दुबई एक्सपो में भी गए। जोकोविच यहां ड्यूटी फ्री टेनिस चैम्पियनशिप खेलने आए हैं।

उन्होंने कहा कि सोमवार को फिर टेनिस कोर्ट पर लौटने से काफी रोमांचित हूं। जो कुछ हुआ उसके बाद मुझे टेनिस की कमी बहुत खली। दुबई में प्रवेश के लिए कोरोना का टीका लगवाने की शर्त नहीं है। यहां टेनिस टूर्नामेंट अगले सप्ताह से शुरू हो रहा है।

जोकोविच ने एक्सपो 2020 में सर्बिया के पवेलियन का भी दौरा किया और प्रशंसकों के साथ सेल्फी खिंचवाई।

पवेलियन में उनकी चैरिटी नोवाक जोकोविच फाउंडेशन के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। यह फाउंडेशन सर्बिया में बाल शिक्षा के लिए काम करता है।

# भारतीय महिला टीम की लगातार तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में हार

**भाषा** । क्वींसटाउन

**अनुभवी** तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के तीन विकेट के बावजूद भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार तीसरे वनडे मैच में हार से बच नहीं सकी और मेजबान टीम ने तीन विकेट से जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढत बना ली।

दूसरे वनडे से बाहर रही झूलन ने शानदार गेंदबाजी करके न्यूजीलैंड के शीर्षक्रम के तीन विकेट लिए। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 279 रन बनाए थे। जवाब में न्यूजीलैंड ने पांच गेंद बाकी रहते सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय टीम दौरे पर पहली जीत की ओर बढती दिख रही थी जब 35वें ओवर में न्यूजीलैंड के छह विकेट 171 रन पर गिर गए लेकिन लौरेन डाउन (नाबाद 65) ने टीम को पांच गेंद बाकी रहते लक्ष्य तक पहुंचा दिया। महिला एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में यह दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करके मिली जीत है। न्यूजीलैंड ने आखिरी 15 ओवरों में 105 रन बनाए और आखिरी दस ओवर में 64 रन जोड़े जबकि उसके चार ही विकेट बाकी थे। भारतीय गेंदबाज उसके निचले क्रम को आउट नहीं कर सके।

डाउन और कैटी मार्टिन (35) ने सातवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। न्यूजीलैंड को आखिरी दो ओवरों में 18 रन की जरूरत थी। झूलन ने 49वें ओवर में 12 रन दे डाले। आखिरी ओवर में डाउन ने दीप्ति शर्मा को पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले डाउन को 10 के स्कोर पर जीवनदान भी मिला था। भारत ने पहले दो वनडे 62 रन और तीन विकेट से गंवाए थे जबकि टी-20 मैच में 18 रन से पराजय मिली थी। झूलन ने कीवी पारी की तीसरी ही गेंद पर कप्तान सोफी डेवाइन को खाता खोले बिना आउट कर दिया। इसके बाद सूजी बेट्स (पांच) को क्लीन बोल्ड किया। न्यूजीलैंड का स्कोर तीसरे ओवर में दो विकेट पर 14 रन था।

इसके बाद झूलन ने एमी सैटर्थवेट (59) को आउट करके केर के साथ उनकी तीसरे विकेट की 103 रन की साझेदारी को तोड़ा। केर 31वें ओवर में आउट हुई। न्यूजीलैंड का स्कोर 35 ओवर में छह विकेट पर 175 रन था।

इससे पहले एस मेघना, शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा के अर्धशतकों की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर 279 रन बनाए। यह न्यूजीलैंड के खिलाफ उसका सर्वोच्च स्कोर है।

# खुद को साबित करने के लिए मौके चाहिए : धुल

**भाषा** । नई दिल्ली

**यश** धुल को हमेशा से पता था कि जूनियर स्तर से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आसानी से पदार्पण तभी होगा जब वह चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहे और इसी वजह से तमिलनाडु के खिलाफ दिल्ली के लिए पहला रणजी मैच खेलते हुए उन्हें कामयाबी मिली।

अंडर -19 विश्व कप विजेता कप्तान अपने कैरियर में मध्यक्रम के बल्लेबाज रहे हैं लेकिन तमिलनाडु जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उन्होंने पारी का आगाज करते हुए 113 रन बनाए। धुल ने कहा कि मेरे क्रिकेट कैरियर में कई कोच रहे लेकिन बचपन से राजेश नागर सर ने मेरा मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा था कि रणजी ट्रॉफी में मुझे पारी की शुरूआत करनी पड़ सकती है और मुझे इसके लिए तैयार रहना होगा। दिल्ली क्रिकेट में कई ऐसे उदाहरण हैं जब युवा क्रिकेटर प्रतिभाशाली होने के बावजूद शुरूआती चकाचौंध में खो गए। धुल ने कहा कि टीम की जरूरत के हिसाब से आपको तालमेल बिठाना है और इसमें कोई सवाल ही नहीं उठाता। मैं किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। मैंने अपने कैरियर की शुरूआत ही की है और लगातार अच्छा प्रदर्शन करके मुझे छाप छोड़नी है। उन्होंने कहा कि इसलिए जब भी आपको मौका मिले, उसका पूरा फायदा उठाना है। मुझे जब बताया गया कि मैं पारी की शुरूआत करूंगा तो मैं मानसिक रूप से तैयार था।

उन्होंने कहा कि इस स्तर पर क्रिकेट तकनीक के साथ मानसिकता की भी बात है। अगर मानसिक रूप से रवैया सही है तो प्रदर्शन भी ठीक होता है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड ने कसा शिकंजा

**एपी** । क्राइस्टचर्च

**हेनरी** निकोल्स के आठवें टेस्ट शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 387 रन की बढत बना ली जबकि दूसरी पारी में भी मेहमान टीम ने तीन विकेट 34 रन पर गंवा दिए।



निकोल्स के शतक, विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के 96 रन, कोलिन डे ग्रांडहोमे के 45 और दक्षिण अफ्रीका मूल के नील वेगनेर के 49 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 482 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका टीम पहली पारी में 95 रन पर आउट हो गई थी। पहले दिन 23 रन देकर सात विकेट लेने वाले मैट हेनरी ने 11वें नंबर पर 58 रन की पारी खेली। हेनरी और ब्लंडेल ने आखिरी विकेट के लिए 96 रन जोड़े। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने से पहले नौ ओवर दक्षिण अफ्रीका पर भारी पड़े। दूसरी पारी की दूसरी ही गेंद पर उसने सारेल एरवी का विकेट गंवा दिया।

कप्तान डीन एल्गर खाता खोले बिना आउट हो गए जबकि एडेन मार्कराम दो रन ही बना सके। दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार रन पर तीन विकेट था जिसके बाद तेम्बा बावुमा (22) और रासी वान डेर डुसेन (नौ) ने पारी को संभाला। इससे पहले निकोल्स ने न्यूजीलैंड के लिए 105 रन बनाए। उन्होंने 267 मिनट तक क्रीज पर डटकर बल्लेबाजी की और तीसरे विकेट के लिए वेगनेर के साथ 80 रन जोड़े। न्यूजीलैंड ने तीन विकेट पर 116 रन से आगे खेलना शुरू किया था और ऐसे समय में एक विकेट और गिरने पर तस्वीर कुछ और होती।

## एफआईएच प्रो लीग में भारत के घरेलू मैच होंगे दर्शकों के बिना

**भाषा** । भुवनेश्वर

**भारतीय** पुरुष और महिला टीमों के स्पेन के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के घरेलू मुकाबले 26 और 27 फरवरी को यहां दर्शकों के बिना खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। मैच कलिंगा स्टेडियम पर होंगे। हॉकी इंडिया ने कहा कि इन मैचों को टीवी पर ही देखा जा सकता क्योंकि हॉकी इंडिया और एफआईएच ने इनका आयोजन दर्शकों के बिना कराने का फैसला किया है।

भारतीय टीम इसके बाद 19 और 20 मार्च को अर्जेंटीना से खेलेगी। इसके बाद दो और तीन अप्रैल को भारतीय महिला और पुरुष टीमें इंग्लैंड की मेजबानी करेंगी।

महासंघ ने कहा कि मार्च के बाद होने वाले मैचों के लिए हालात की समीक्षा फरवरी के आखिर में की जाएगी। हॉकी इंडिया ने कहा कि इस इलाके में हॉकी इतनी लोकप्रिय है कि मैदान दर्शकों से भर जाएगा।

# सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच साइमन कैटिच ने दिया इस्तीफा

### ●आईपीएल नीलामी में कुछ महंगे खिलाड़ियों को खरीदने से खफा थे

**भाषा** । नई दिल्ली

**इंडियन** प्रीमियर लीग की सनराइजर्स हैदराबाद टीम एक बार फिर गलत कारणों से सुर्खियों में आ गई जब नीलामी में महंगे दामों पर कुछ खिलाड़ियों को खरीदने से खफा सहायक कोच और आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज साइमन कैटिच ने इस्तीफा दे दिया। कैटिच, वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा और भारत के पूर्व बल्लेबाज हेमांग बदानी को सनराइजर्स के सहयोगी स्टाफ में जोड़ा गया था जिसमें मुख्य कोच टॉम मूडी और मुथैया मुरलीधरन भी हैं।

कैटिच ने नीलामी के तुरंत बाद इस्तीफा दे दिया। काव्या मारन की अगुवाई वाले सनराइजर्स प्रबंधन ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है लेकिन समझा जाता है कि उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। मशहूर कोच साइमन हेलमोट की वापसी हुई है जो पहले भी टीम के साथ काम कर चुके हैं। कैटिच ने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि दो दिवसीय नीलामी में पूर्व निर्धारित रणनीति का पालन नहीं किया गया। सनराइजर्स ने निकोलस पूरन (10.75 करोड़ रुपए), वाशिंगटन सुंदर (8.75 करोड़) और राहुल त्रिपाठी (8.50 करोड़) को महंगे दामों में खरीदा।



बाएं हाथ के स्पिन हरफनमौला अभिषेक शर्मा को पौने सात करोड़ रूपए में खरीदा गया।

उसने लीग के चार सत्रों में अभी तक कोई कमाल नहीं किया है जबकि पूरन भी पिछले साल यूएई में आईपीएल में फ्लॉप रहे थे। सनराइजर्स ने तीन खिलाड़ियों को बरकरार रखा जिस पर भी सवाल उठे। उसके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राशिद खान ने टीम को छोड़ने का फैसला किया जबकि न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को कोहनी की चोट के बावजूद रिटेन किया गया। कश्मीर के तेज गेंदबाज उरमान मलिक और हरफनमौला अब्दुल समाद को भी रिटेन किया गया। रोमारियो शेफर्ड को शायद कोई खरीदता भी नहीं लेकिन टीम ने उसे पौने आठ करोड़ रूपए में खरीदा। पिछले साल डेविड वॉर्नर से कप्तानी छिनने के कारण सनराइजर्स प्रबंधन सुर्खियों में था।

## आस्ट्रेलिया ने श्रीलंका से चौथा टी-20 भी जीता

**भाषा** । मेलबर्न

**ग्लेन** मैक्सवेल और जोश इंग्लिश के बीच 71 रन की साझेदारी की मदद से आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां श्रीलंका को चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में छह विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 4-0 से बढ़त बनाई। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 139 रन बनाए। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने सर्वाधिक 46 रन का योगदान दिया।

इसके जवाब में आस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 49 रन था लेकिन मैक्सवेल (39 गेंदों पर नाबाद 48, तीन चौके) की सधी पारी और इंग्लिश (20 गेंदों पर 40, तीन चौके, दो छक्के) की तूफानी पारी से आस्ट्रेलिया ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 143 रन बनाकर अपना विजय अभियान जारी रखा। श्रृंखला का पांचवां और अंतिम मैच रविवार को मेलबर्न में ही खेला जाएगा।